

सूर्योदय प्रातः 6:32 सूर्यास्त संध्या 5:29 पखवाड़ा माघ कृ. अष्टमी, संवत 2081 तापमान अधिकतम 26° न्यूनतम 12°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, बुधवार, 22 जनवरी 2025, वर्ष : 15, अंक : 338, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter



**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 75,838.36 | -1,235.08 (-1.60%) |
| निफ्टी | 23,024.65 | -320.10 (-1.37%) |

**सर्राफा बाजार** (प्रति 10 ग्राम)

| | | |
|---|---|---|
| सोना | 24 carat | 80,120.00 |
| चांदी | | 1040.00 |

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की 10वीं वर्षगांठ मनायेगा महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (बीबीबीपी) योजना की 10वीं वर्षगांठ मनाने जा रहा है। इस योजना के दस साल पूरे होने के मौके पर आयोजित होनेवाले कार्यक्रम 22 जनवरी से शुरू हो कर 08 मार्च तक चलेंगे। यानी इस जश्न का समापन अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर होगा। विज्ञान भवन में बुधवार को आयोजित होनेवाले कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर भी शामिल होंगी।

इस कार्यक्रम में सशस्त्र बलों, अर्धसैनिक बलों और दिल्ली पुलिस की महिला अधिकारी भाग लेंगी। इसके अलावा केन्द्रीय मंत्रालयों की उप सचिव और उससे ऊपर के स्तर की महिला अधिकारी भी विज्ञान भवन में आयोजित होनेवाले इस कार्यक्रम में शामिल होंगी। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि इस कार्यक्रम में छात्राओं (माई भारत स्वयंसेवक), आंगनवाड़ी पर्यवेक्षक एवं कार्यकर्ता और जिले के प्रतिनिधियों को भी इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।

इस कार्यक्रम में संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनीसेफ), संयुक्त राष्ट्र महिला संगठन, संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी), संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए), विश्व बैंक और जर्मन एजेंसी फॉर इंटरनेशनल को-ऑपरेशन (जीआईजेड) जैसे अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि भी भाग लेंगे।

विज्ञान भवन में उद्घाटन समारोह में मिशन वात्सल्य और मिशन शक्ति पोर्टल का भी शुभारंभ किया जायेगा। कार्यक्रम में रैलियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सम्मान समारोह और संकल्प की गतिविधियां शामिल हैं। महिला सशक्तीकरण केंद्र के तहत अभियान शामिल होंगे, जिसमें स्कूली छात्राएं, सफल महिलाएं और सामुदायिक समूह सहित विविध हितधारकों को शामिल किया जायेगा।

पूरे उत्सव के दौरान प्रिंट, डिजिटल और सोशल मीडिया के माध्यम से देशभर में अभियान चला कर योजना के संदेश को प्रचारित किया जायेगा। इसमें वृक्षारोपण अभियान भी चलाया जायेगा।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को 22 जनवरी 2015 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हरियाणा के पानीपत में भारत में लिंग असंतुलन और घटते बाल लिंग अनुपात (सीएसआर) को खत्म करने के लिए शुरू किया गया था। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान लिंग असंतुलन और घटते बाल लिंग अनुपात की चिंताजनक स्थितियों के जवाब में शुरू किया गया था, जो अपने नीतिगत पहल से राष्ट्रीय आन्दोलन में बदल गया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान ने लैंगिक भेदभाव को दूर करने और बालिकाओं के महत्व को समझने तथा उनके अधिकारों और अवसरों को सुनिश्चित करने की दिशा में सांस्कृतिक बदलाव को बढ़ावा देने के लिए सरकारी एजेंसियों, सिविल सोसायटी, मीडिया और जनता को संगठित किया है। इसकी प्रमुख उपलब्धियों में जन्म के समय राष्ट्रीय लिंग ● शेष पृष्ठ 11 पर

## एक झलक

### सैफ अली खान को लीलावती अस्पताल से छुट्टी मिली

**मुंबई :** फिल्म अभिनेता सैफ अली खान को मंगलवार को दोपहर में लीलावती अस्पताल से छुट्टी मिल गयी। इसके बाद सैफ अली खान अपनी पत्नी, फिल्म अभिनेत्री करीना कपूर के साथ बांद्रा स्थित आवास पर पहुंचे। सैफ अली खान पर 16 जनवरी को उनके आवास पर हुए चाकू हमले के बाद लीलावती अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। सूत्रों के अनुसार सैफ अली खान का डिसचार्ज पेपर सोमवार रात में ही तैयार कर लिया गया था। डॉक्टरों ने सैफ अली खान को घर पर एक महीने तक आराम करने सलाह दी है।

### गुवाहाटी में मिला पहला एचएमपीवी पीड़ित मरीज

**गुवाहाटी :** ह्यूमन मेटाप्न्यूमोवायरस (एचएमपीवी) का गुवाहाटी में पहल मरीज मिला है। उसे एक निजी अस्पताल में भर्तीकराया गया है। उसके पति में भी समान लक्षण दिखने के बाद उसका सैंपल भी लेकर परीक्षण के लिए भेजा गया है। बताया गया कि गुवाहाटी के अपोलो अस्पताल में उपचाराधीन एक 75 वर्षीय महिला के एचएमपीवी पीड़ित होने की पुष्टि हुई है। मरीज के पति को भी बुखार और खांसी की शिकायत है। महिला के 81 वर्षीय पति का भी एचएमपीवी का परीक्षण के लिए सैंपल भेजा गया है और परीक्षण रिपोर्ट का इंतजार है।

### मणिपुर में हथियार व विस्फोटक बरामद

**चुराचांदपुर :** चुराचांदपुर जिले के तोरबुंग स्थित पीके पार्क क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने एक बड़ी कार्रवाई के दौरान भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। बरामद सामग्रीं में एक 09 एमएम सब मशीन गन और मैगजीन, एक .303 राइफल और मैगजीन, एक स्मोक ग्रेनेड लॉन्चर, दो पिस्तौल और मैगजीन, एक सिंगल बैरल ब्रेच लोडेड गन, एक देशी मोर्टार (पॉम्पी), चार हैंड ग्रेनेड (बिना डेटोनेटर), चार स्मोक ग्रेनेड तथा पांच 09 एमएम गोलियां शामिल हैं। इस सम्बन्ध में चुराचांदपुर थाना में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

### प्रयागराज महाकुम्भ मेले में पहुंचे गौतम अडानी

**भंडारे में श्रद्धालुओं को परोसा प्रसाद**

**प्रयागराज/नयी दिल्ली :** प्रयागराज महाकुम्भ में देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इस बीच दिग्गज उद्योगपति एवं अडानी समूह के चेयरमैन गौतम अडानी भी पहुंचे। अडानी ने मंगलवार को महाकुम्भ मेले में चल रहे भंडारे में श्रद्धालुओं को अपने हाथों से प्रसाद परोसा। अडाणी इससे पहले महाकुम्भ नगर के सेक्टर नम्बर 18 स्थित इस्कॉन वीआईपी शिविर में अपनी पत्नी के साथ पहुंचे, जहां लोगों ने उनका स्वागत किया।

## अंदर के पन्नों पर

3 घटेंगे लम्बित म्यूटेशन के मामले : दीपक बिरुआ...

5 मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के आवेदनों का...

7 जिला उपायुक्त ने जन शिकायत निवारण...

9 वैज्ञानिकों व विशेषज्ञों ने झारखंड की...

10 भारत ने मलेशिया को अंडर-19 विमेंस वर्ल्ड कप में...

### राज्य कैबिनेट की बैठक में 18 प्रस्तावों पर लगी स्वीकृति की मुहर

# राज्यकर्मियों के लिए धरातल पर उतरी स्वास्थ्य बीमा योजना

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में कुल 18 प्रस्तावों को स्वीकृति दी गयी। बैठक में राज्यकर्मियों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना लागू किये जाने की मंजूरी दी गयी है। साथ ही, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 के तहत अनुसंधानकर्ता को 25 हजार तक का मोबाइल फोन उपलब्ध कराया जायेगा।

इसी प्रकार द नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंसस एक्ट के तहत दर्ज वादों को संज्ञान लेने एवं त्वरित निष्पादन के लिए विचारण के लिए चतरा में जिला न्यायाधीश स्तर के एक विशेष न्यायालय के गठन की स्वीकृति दी गयी है। यह जानकारी कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने दी है।

उन्होंने बताया कि मंत्रिपरिषद ने स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अन्तर्गत झारखंड पारा मेडिकल जिला स्तरीय संवर्ग (नियुक्ति, प्रोन्नति एवं अन्य सेवा शर्त) नियमावली 2025 के गठन को स्वीकृति दी है। इसी तरह वित्तीय वर्ष 2024-2025 में झारखंड उच्च न्यायालय के स्तर पर गठित झारखंड अधिवक्ता कल्याण निधि न्यासी समिति के अंतर्गत निबन्धित अधिवक्ताओं को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ प्रदान करने के लिए छह हजार रुपये वार्षिक प्रिमियम के रूप में कुल अनुदान राशि नौ करोड़ रुपये का भुगतान किये जाने के लिए, 65 वर्ष से अधिक उम्र के अधिवक्ता लाइसेंस प्रत्यर्पित करने वाले इच्छुक अधिवक्ताओं को पेंशन के रूप में प्रतिमाह सात हजार रुपये की दर से कुल एक करोड़ साठ लाख रुपये का अनुदान राशि भुगतान करने के लिए एवं नये अधिवक्ताओं को प्रथम तीन वर्ष की अवधि के दौरान वृत्तिका भत्ता के रूप में 05 हजार रुपये प्रतिमाह की दर से 50 प्रतिशत की समतुल्य राशि राज्य सरकार की ओर से प्रदान की जाने के लिए कुल अनुदान राशि एक करोड़ पचास लाख रुपये ; यानी कुल बारह करोड़ दस लाख रुपये का उपबंध झारखंड राज्य आकस्मिकता निधि से अग्रिम के रूप में कराने की स्वीकृति दी गयी है।

वंदना दादेल ने बताया कि कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग की अधिसूचना संख्या-02 एवं अधिसूचना संख्या 7350 के जरिये कमलेश्वर कान्त वर्मा को झारखंड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक कमलेश्वर कान्त वर्मा, रांची के पद पर तीन वर्षों ● शेष पृष्ठ 11 पर




■ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 के तहत अनुसंधानकर्ता को 25 हजार तक का मोबाइल फोन कराया जायेगा उपलब्ध

### आईटी एक्जक्यूटिव के पद सृजन की भी स्वीकृति

**कैबिनेट** सचिव ने बताया कि गेब्रियल किड़ो, सेवानिवृत्त कार्यपालक अभियंता (चालू प्रभार), जलपथ प्रमण्डल संख्या-02, हजारीबाग को स्वतंत्र चालू प्रभार के तहत सहायक अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता के पद पर कार्यरत अवधि के वेतन का अन्तर राशि के भुगतान की स्वीकृति भी दी गयी। उन्होंने बताया कि राज्य के चिकित्सा महाविद्यालय अस्पतालों, सदर अस्पतालों, अनुमण्डलीय अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए वरीय अस्पताल प्रबंधक, अस्पताल प्रबंधक, वित्तीय प्रबंधक एवं आईटी एक्जक्यूटिव के पद सृजन की स्वीकृति दी गयी है।




## प्रधानमंत्री ने भारत की जी-20 अध्यक्षता और शिखर सम्मेलन के बारे में अमिताभ कांत की पुस्तक को सराहा

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की जी-20 अध्यक्षता और शिखर सम्मेलन, 2023 के बारे में पुस्तक लिखने के लिए अमिताभ कांत की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने एक बेहतर ग्रह की खोज में मानव-केंद्रित विकास को आगे बढ़ाने के भारत के प्रयासों पर स्पष्ट दृष्टिकोण दिया है।

जी-20 के शेरपा और नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर उन्हें अपनी पुस्तक 'हाउ इंडिया स्केल्ड माउंट जी-20' भेंट की। अमिताभ कांत ने मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर साझा कर यह जानकारी दी।

अमिताभ कांत ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपनी पुस्तक 'हाउ इंडिया स्केल्ड माउंट जी-20' भेंट करते हुए मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है। यह उनकी प्रगतिशील दृष्टि, वैश्विक कद और समावेशी नेतृत्व शैली थी, जिसने भारत के कूटनीतिक इतिहास के सबसे परिवर्तनकारी अध्यायों में से एक के लिए एजेंडा और दृष्टिकोण दोनों निर्धारित किये। जी-20 इंडिया टीम में उनके स्पष्ट विश्वास ने हमें असम्भव प्रतीत होनेवाली वाताओं के माध्यम से साहसी बनने और जोखिम उठाने में सक्षम बनाया। मैंने उनके जी-20 शेरपा के रूप में उनके विश्वास और मार्गदर्शन के लिए उनका धन्यवाद किया।' ● शेष पृष्ठ 11 पर




### राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान 02 से खुलेगा

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान 02 फरवरी से 30 मार्च तक आम जनता के लिए खुला रहेगा। लोग सप्ताह में छह दिन सुबह 10 बजे से शाम 06 बजे के बीच उद्यान में जा सकेंगे। सप्ताह में एक दिन प्रत्येक सोमवार को उद्यान रख-रखाव के लिए बंद रहेगा। राष्ट्रपति भवन की ओर से मंगलवार को जारी बयान के अनुसार, उद्यान 05 फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मतदान, 20 एवं 21 फरवरी को राष्ट्रपति भवन में आगंतुकों के सम्मेलन तथा 14 मार्च को होली के कारण बंद रहेगा। सभी आगंतुकों के लिए प्रवेश और निकास राष्ट्रपति भवन के गेट नम्बर 35 से होगा।

### टीएफडीसी के अध्यक्ष सहित फिल्म जगत के कई लोगों के ठिकानों पर आयकर के छापे



एजेंसी

**हैदराबाद :** मशहूर फिल्म निर्माता और तेलंगाना फिल्म विकास निगम (एफडीसी) के अध्यक्ष दिल राजू के ठिकानों सहित कई स्थानों पर आयकर विभाग की टीम ने छापा मारा है। अधिकारी वित्तीय लेन-देन से जुड़े विभिन्न दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं। उनके घरों और दफ्तरों की तलाशी चल रही है। इसके अलावा मशहूर प्रोडक्शन कम्पनी माइथ्री मूवीज के दफ्तर और फिल्म 'पुष्पा-2' के निमार्ता नवीन एनेर्नी के आवास की भी तलाशी ली जा रही है। जानकारी के अनुसार आयकर विभाग की 55 टीमें एक साथ आठ जगहों पर छापा मारा है। आयकर विभाग की एक टीम जुबली हिल्स और बंजारा हिल्स इलाके में स्थित दिल राजू, उनके भाई सिरीश और बेटी हंसिता रेड्डी के आवासों छानबीन कर रही है। फिल्म निर्माता दिल राजू की पत्नी वैगारेड्डी को एक कार से अन्य दो स्थानों पर ले गये। ● शेष पृष्ठ 11 पर

### देश की आजादी से लेकर अब तक की डिबेट का संकलन हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित होगा : ओम बिरला

एजेंसी

**पटना :** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को बिहार विधानसभा में अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन में कहा कि देश की आजादी से लेकर अब तक की डिबेट का संकलन हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित होगा। साथ ही, 22 भारतीय भाषाओं में इसका अनुवाद भी होगा।

लोकसभा अध्यक्ष ने 85वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के दो दिवसीय सम्मेलन के समापन सत्र को सम्बोधित करते हुए कहा कि कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) की मदद से साल 1947 से लोकर अबतक के डिबेट का संकलन हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित करेंगे। भविष्य में उनका 22 भारतीय भाषाओं में अनुवाद करेंगे। उन्होंने कहा कि जनता की भागीदारी बढ़ा कर विधायी संस्थाओं को मजबूत और प्रभावी बनाना है।

ओम बिरला ने कहा कि सम्मेलन में लिये गये निर्णय और संकल्प देश के लोकतंत्र को सशक्त करेंगे। साथ ही, जनता के प्रति और जिम्मेदार बनायेंगे। इसी से जनता की अपेक्षाओं को पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि देश के सभी राजनीतिक दलों को विधायी निकायों की गरिमा बनाये, रखने में सहयोग करना चाहिए। यह तभी सम्भव होगा जब राजनीतिक ● शेष पृष्ठ 11 पर



### असम, मेघालय व प. बंगाल में 4.1 तीव्रता का भूकंप


**शिलांग :** मेघालय के साउथ वेस्ट खासी हिल्स इलाके में मंगलवार दोपहर को भूकम्प के झटका महसूस किया गया। इस भूकम्प की तीव्रता 4.1 तीव्रता रही। मेघालय के अलावा असम और पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में भी महसूस किये गये हैं। इससे किसीतरह के नुकसान की सूचना फिलहाल नही है। राष्ट्रीय भूकम्प विज्ञान केन्द्र (एनसीएस) के अनुसार, के साउथ वेस्ट खासी हिल्स इलाके में दोपहर 12 बज कर 34 मिनट 02 सेकेंड पर आए इस भूकम्प का केन्द्र जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई में स्थित था।

### छत्तीसगढ़-ओडिशा बॉर्डर पर मुठभेड़ में 27 नक्सली ढेर

एजेंसी

**रायपुर/गरियाबंद :** छत्तीसगढ़ और ओडिशा सीमा से लगे गरियाबंद जिले में सुरक्षाबलों के साथ दो दिनों तक चली नक्सलियों की मुठभेड़ मंगलवार की शाम खत्म हो गई। सर्च ऑपरेशन जारी है। सूत्रों के अनुसार छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में सुरक्षाबलों ने 27 नक्सलियों को मार गिराया है। हालांकि पुलिस ने अभी तक 20 नक्ललियों के मारे जानी की पुष्टि की है। इनमें एक करोड़ का इनामी जयराम उर्फ चलपति, सेंट्रल कमेटी का सदस्य मनोज और स्पेशल जोनल कमेटी ● शेष पृष्ठ 11 पर





### सुरक्षा बलों को मिली सफलता नक्सलवाद को एक और करारा झटका : अमित शाह

**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में मुठभेड़ में 14 नक्सलियों के मारे जाने के बाद सुरक्षा बलों के प्रयासों की सराहना की है। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद को एक और करारा झटका। हमारे सुरक्षा बलों ने नक्सल मुक्त भारत के निर्माण की दिशा में एक बड़ी सफलता हासिल की है।

## वायुसेना की सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम के 09 हॉक विमानों के एयर शो का रिहर्सल


एजेंसी

**वड़ोदरा/अहमदाबाद :** वड़ोदरा में मंगलवार को भारतीय वायु सेना की सूर्य किरण एरोबैटिक टीम के हॉक एमके 132 विमानों के साथ वड़ोदरा स्थित वायुसेना स्टेशन पर एयर शो का पूर्वाभ्यास किया गया। इसमें भारतीय वायुसेना के 09 हॉक विमानों ने हैरतअंगेज करतब दिखाये। इस समय अद्भुत आकाशीय दृश्य देखने को मिले। सैनिकों ने हवाई जहाज का उपयोग कर आकाश में दिल बनाया, जिसे देख कर लोग आश्चर्यचकित रह गये। इस रिहर्सल को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए। एयर शो को आसपास के 20 किलोमीटर क्षेत्र में देखा गया। लोगों ने अपनी छतों से एयर शो रिहर्सल को देखा और तस्वीरें लीं।

भारतीय वायुसेना की इस टीम में 09 हॉक विमान और 14 पायलट हैं, जो कल प्रदर्शन करेंगे। लोग दजीपुरा-पंजरापोल मैदान, एपीएमसी मार्केट और आसपास की सोसायटियों के साथ-साथ हालोल टोल टैक्स से भी शो देख सकेंगे।

आज रिहर्सल आयोजित की गयी और एयर शो कल बुधवार को दोपहर 12 बजे शुरू होगा। यह शो 40 मिनट लम्बा होगा। वर्ष 2025 में भारतीय वायुसेना की सूर्य किरण टीम का यह पहला शो है।

भारतीय वायुसेना का एयर शो



रिहर्सल देखने आये उमेश मिश्रा ने कहा, 'आज हम भारतीय वायुसेना की सूर्य किरण टीम के एयर शो का रिहर्सल देखने आये थे, जो हमारे आवास के पास शुरू हुआ। सैनिकों द्वारा किये गये करतबों को देख कर बहुत आनन्द आया। एयर शो रिहर्सल देखने आये धर्मेश साल्वी ने कहा, 'यहां कई स्कूलों के बच्चे आये, कुछ अभिभावक अपने बच्चों को लेकर आये और यहां लोग काफी उत्साहित नजर आये। मैंने अपने जीवन में पहली बार यह एयर शो देखा है, यह बहुत मजेदार था। ऐसे कारनामे देख कर वायु सेना के जवानों को सलाम करने का मन करता है।'

सूर्य किरण एरोबैटिक टीम की स्थापना 1996 में हुई थी। इस टीम को एशिया की एकमात्र नौ विमानों वाली एरोबैटिक टीम होने का प्रतिष्ठित खिताब प्राप्त है और इसे विश्व की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक माना जाता है। टीम ने अब तक भारत के साथ-साथ चीन, श्रीलंका, म्यांमार, थाईलैंड, सिंगापुर और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों में 700 से अधिक प्रदर्शन किये हैं। टीम अपने आदर्श वाक्य 'सर्वदा सर्वोत्तम' से निर्देशित होती है, जिसका अर्थ है 'हमेशा सर्वश्रेष्ठ', जो उत्कृष्टता की भावना को दर्शार्ता है।

सूर्यकिरण टीम में 09 हॉक एमके 132 विमान शामिल हैं, जो भारत में निर्मित और लाइसेंस प्राप्त हैं और 05 मीटर से भी कम दूरी पर बहुत करीब से उड़ान भर सकते हैं। ग्रुप कैप्टन अजय दशरथ और डिप्टी लीडर ग्रुप कैप्टन सिद्धेश कार्तिक के नेतृत्व वाली टीम में 14 पायलट हैं। इन पायलटों को जटिल हवाई कलाबाजियों में निपुणता प्राप्त करने के लिए गहन प्रशिक्षण दिया जाता है तथा उनका कौशल और उत्कृष्ट समन्वय निकट उड़ान के लिए आधार तैयार करता है। तकनीकी टीम का नेतृत्व विंग कमांडर ● शेष पृष्ठ 11 पर

## एक झलक

### मूलवासी सदानों का मिलन समारोह 29 जनवरी को

**बेड़ो** : प्रखंड के बारीडीह पड़हा मैदान में सोमवार को प्रखंड के मूलवासी सदान मोर्चा की एक आपात बैठक प्रखंड अध्यक्ष धनंजय कुमार राय के अध्यक्षता में किया गया। बैठक में विचार मंथन के बाद आगामी 29 जनवरी दिन बुधवार को बारीडीह गांव स्थित पड़हा मैदान में सदान मोर्चा का वृहत मिलन समारोह सह पिकनिक का आयोजन किया गया है। प्रखंड अध्यक्ष धनंजय कुमार राय ने कहा कि इस कार्यक्रम में गांव-गांव से सदानों का महाजुटान होगा। उन्होंने कहा कि इस मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सदानों में उत्साह भरेंगे। आज हम झारखंड के मूलवासियों को 1932 के खतियानी का क्या करना होगा ? उन्होंने कहा कि झारखंड में जिस तरह मूलवासी सदानों अनदेखी और उपेक्षा की जा रही है। इसको लेकर सदान समुदाय अपने बाल बच्चों की आने वाले भविष्य को लेकर बेहद चिंतित हैं। उन्होंने आगामी बैठक में राज्य में वर्तमान स्थिति पर राजनीतिक चर्चा करने और आगे की रणनीति पर विचार विमर्श किए जाने की बात कही। साथ ही उन्होंने सदानों से एकजुट होकर इसे सफल बनाने का आह्वान किया।

### टाटा मैजिक व मोपेड की टक्कर में तीन घायल, एक रेफर



**बेड़ो** : थाना क्षेत्र के तुको से नरकोपी व पहाड़कंडरिया जाने वाली पथ पर चचकोपी गांव के बजरंगबली मंदिर के समीप मंगलवार की पूर्वाह्न लगभग साढ़े ग्यारह बजे टाटा मैजिक व मोपेड की टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में मोपेड सवार बेड़ो मंदरी गांव निवासी 60 वर्षीय किसान बांदे उरांव व टाटा मैजिक चालक बेड़ो दिघिया गांव निवासी 19 वर्षीय जीवन लकड़ा और 17 वर्षीय मनीष खेस शामिल हैं। जिन्हें ग्रामीणों के सहयोग से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां डा मेघा भगत ने तीनों घायलों का प्राथमिक उपचार कर गंभीर रूप से घायल बांदे उरांव को बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया। बांदे उरांव के स्वजनों ने बताया कि बांदे बेड़ो सब्जी मंडी में मटर बेचकर अपने घर जा रहा था। वहीं टाटा मैजिक वाहन पहाड़ कंडरिया से दिघिया की ओर आ रही थी। इसी बीच यह हादसा हुआ।

### संबलपुरिया घांसी समाज का वनभोज सह मिलन समारोह 27 को

**भुरकुंडा** : संबलपुरिया घांसी समाज द्वारा वनभोज सह मिलन समारोह को लेकर मंगलवार को सौंदा डी में जग्गू घांसी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया। अवसर पर 27 जनवरी को होने वाली वनभोज सह मिलन समारोह को लेकर विचार विमर्श किया गया। मौके पर समाज के जिला रामगढ़ जिला अध्यक्ष जग्गू घांसी ने बताया कि समाज की एक जुटता को लेकर संबलपुरिया घासी समाज की 27 जनवरी को पतरातु डैम के कटुआकोचा के समीप वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें कई जगहों से समाज के लोग शामिल होंगे। मौके पर सचिव सूरज कुमार, सतीश कुमार, जगदेव जगदल, बंटी सागर, रविदीप , रणजीतदीप, शंकर सुना, बजरंगी पात्रो, सुमनसागर, विजय कुमार, सोनू कुमार, छुन्नू सागर, दिलीप सागर, अमित सागर, बुद्धू सागर सहित अन्य मौजूद थे।

### गेतलसूद के कुआं से चिलदाग के युवक का शव बरामद

**अनगड़ा** : गेतलसूद के बजरंग चौक स्थित एक कुआ से चिलदाग निवासी जलेश्वर महतो उर्फ बोलो( 42) का शव अनगड़ा थाना की पुलिस ने मंगलवार को बरामद किया। मृतक पिछले चार दिनों से लापता था। उसका ससुराल गेतलसूद के गोपाल महतो के यहां था। दोपहर दो बजे उसका शव कुंआ से निकालकर पोस्टमार्टम कराने के लिए रिम्स भेज दिया गया।

### फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर डीडीसी ने की जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक

# 10,82,581 लोगों को एल्बेंडाजोल व डीईसी की दवा खिलाने का है लक्ष्य



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़** : मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अंतर्गत फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर मंगलवार को उप विकास आयुक्त रामगढ़ रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित ब्लॉक बी के सभाकक्ष में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान पीरामल फाउंडेशन की राज्य टीम से संजय कुमार, जिला टीम से सिल्वेस्टर टोपनो, वीबीडी कंसलटेंट संजना कुमारी के द्वारा उप विकास आयुक्त एवं बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को जानकारी दी गई मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम अंतर्गत फाइलेरिया उन्मूलन अभियान दिनांक 10 फरवरी से 25 फरवरी 2025 तक चलाया जाएगा। जिसके तहत रामगढ़ जिले में 1082581 लोगों को एल्बेंडाजोल एवं डीइसी की दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु कुल 2362 ड्रग डिस्ट्रीब्यूटर्स एवं 134 सुपरवाइजर्स को चयनित किया गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि दिनांक 10 फरवरी 2025 को 1184 बूथों पर लोगों को फाइलेरिया रोधी दवाइयां खिलाई जाएंगी एवं 11 से 25 फरवरी 2025 तक घर-घर जाकर लोगों को फाइलेरिया रोधी दवाइयां खिलाने का कार्य किया जाएगा। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर माइक्रो प्लान तैयार करने, कार्य में लगे सभी स्वास्थ्य अधिकारियों, चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों आदि के लिए प्रशिक्षण का आयोजन करने सहित अन्य महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उप विकास आयुक्त ने सभी विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए शत प्रतिशत लोगों को फाइलेरिया रोधी दवाइयां खिलाना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त ने फाइलेरिया रोग को लेकर आम जनों को जागरूक करने के उद्देश्य से फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को कार्यक्रम के दौरान किए जा रहे कार्यों के नियमित निगरानी करने का भी निर्देश दिया। बैठक के दौरान जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, डीएमओ स्वास्थ्य विभाग, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, चिकित्सा पदाधिकारियों, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी और चिकित्सकों सहित अन्य उपस्थित थे।

## भुरकुंडा पंचायत भवन में लगा नि :शुल्क पशु चिकित्सा शिविर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा** : कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग रामगढ़ के तत्वावधान में मंगलवार को पतरातू प्रखंड के भुरकुंडा पंचायत में निशुल्क पशु चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिसमें बिमारियों से ग्रस्त पशुओं के उपचार हेतु निशुल्क चिकित्सकीय परामर्श और दवाएं दी गई। शिविर में डॉ. पंकज कुमार और धर्मेंद्र तिवारी (एआई कार्यकर्ता) ने योगदान दिया। मुखिया अजय पासवान के मार्गदर्शन में कई पशुपालकों ने शिविर का लाभ उठाया। इस दौरान बताया गया कि शिविर में सामान्यतः गाय-भैंस में होनेवाला थनेला रोग, चर्म रोग और फंगल इंफेक्शन, पालतू कुत्तों में पारवो वायरल इंफेक्शन, बकरी में पीपीआर इंफेक्शन के मामले सामने आए हैं। जिनके उपचार हेतु पशु पालकों को निशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई गई। मौके पर मुखिया अजय पासवान, लाली करमाली, अशोक राम, जितेंद्र साव, निधि कुमारी, लाला सहित कई मौजूद रहे।

## नेहरू युवा केन्द्र संगठन ने रामगढ़ व पतरातू प्रखंड खेलकूद का किया आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़** : भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र संगठन द्वारा रामगढ़ एवं पतरातु प्रखंड का खेलकूद का आयोजन बालक एवम बालिका वर्ग का सिद्धू कान्हु मैदान, बाजारटांड़ रामगढ़ में किया गया। बालक वर्ग के लिए फुटबॉल, 400 मीटर दौड़ और लॉन्ग जंप व बालिकाओं के लिए कबड्डी, 200 मीटर दौड़, लम्बी कूद का आयोजन किया गया। 200 मीटर बालिकाओं के दौड़ में साजन कुमारी प्रथम, निशा कुमारी भुइयां द्वितीय और दिशा कुमारी तृतीय स्थान पर रही। वहीं फुटबॉल के खेल में दुलमी की टीम विजेता और गोला की टीम उपविजेता रही। कार्यक्रम के पश्चात सभी खिलाड़ियों को ट्रॉफी व मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नेहरू युवा केंद्र के युवा कार्यकर्ता नितेश कुमार मोदी व संचालन मोहन कुमार ने किया। खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए गोला स्पोर्ट्स ऑफिसर अजीत ने युवाओं को संबोधित करते हुए बताया कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेल बहुत जरूरी हैं। यह हमारी शिक्षा का एक महत्वपूर्ण कारक है। इसका उद्देश्य मानसिक, नैतिक और शारीरिक विकास के सर्वांगीण विकास में है। नेहरू युवा केंद्र संगठन के युवा कार्यकर्ता नितेश ने बताया कि खेल से आत्मसम्मान, सामाजिक संपर्क और जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण बेहतर होता है व खेल से ऊर्जा और शक्ति मिलने के साथ-साथ चरित्र का निर्माण होता है, जिससे हम अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रेरित होते हैं। कार्यक्रम में आकाश कुमार, लीमन कुमार, नीतीश कुमार, सुजीत मुंडा,मुकेश कुमार,मिथलेश कुमार आदी के साथ सैकड़ों की संख्या में दर्शक खेल देखने को उपस्थित रहे।

## झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन ने सौंपा ज्ञापन



**उरीमारी** : सीसीएल बरका सयाल प्रक्षेत्र के सयाल डी परियोजना में झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के बैनर तले मार्शल हांसदा और शाहनवाज के नेतृत्व में परियोजना पदाधिकारी को मांग पत्र सौंपा गया। जिसमें मजदूरों और स्थानीय विस्थापितों से जुड़ी कई मांग शामिल रहीं। मौके पर यूनियन नेता सह झामुमो केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया,जोनल कोषाध्यक्ष सोनाराम मांझी, एरिया सचिव संजय वर्मा, क्षेत्रीय संयुक्त सचिव उदय मालाकार, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष जग्गू घासी, शाखा उपाध्यक्ष उदय मेहता सहित देवीलाल सोरेन,दिनेश टुडू, राजू मुर्मू, दहाराम मांझी, रामनरेश हरिजन, जाकिर हुसैन, गणेश मुंडा, एतवा मुंडा, चंद्रिका राम, सोना करमाली, कालीचरण करमाली सहित अन्य उपस्थित रहे।

## भारतीय ज्ञान परंपरा मूल्यपरक व कृत्रिम मेधा व्यावसायिक है : डॉ. जंग बहादुर पाण्डेय



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : मंगलवार को राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय देवघर में इंडियन नॉलेज सिस्टम एवं आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (भारतीय ज्ञान परम्परा और कृत्रिम मेधा) विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ।संगोष्ठी के मुख्य वक्ता रांची विश्वविद्यालय के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो (डॉ) जंग बहादुर पाण्डेय ने कहा कि मनुष्य की चार मौलिक आवश्यकताएं हैं -भोजन, वस्त्र, आवास और शिक्षा।क्रम से तो शिक्षा चौथे नंबर पर है, लेकिन गुणवत्ता और महत्व की दृष्टि से शिक्षा प्रथम पद की अधिकारिणी है। भगवान् श्रीकृष्ण ने गीता में अर्जुन को प्रबोधते हुए कहा कि ज्ञान संसार में पवित्रतम् तत्व है।भारत केवल कृषि प्रधान देश नहीं, अपितु ऋषि प्रधान देश रहा है। ऋग्वेद विश्व का प्राचीनतम ग्रंथ माना जाता है।भारतीय ज्ञान परंपरा नैतिकता और मूल्य परक रही है;जबकि कृत्रिम मेधा व्यावसायिक और रोजगार परक रही है। भारत के विश्व गुरु बनाने का आधार ज्ञान परक था। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी बराबर कहा करते हैं कि भारत युवाओं का देश है। भारत की 65% आबादी युवा है। डा पाण्डेय ने कहा कि युवा को उलटने पर वायु शब्द बनेगा। अर्थात, युवा इस देश की प्राण वायु है। युवाओं के पास जोश है और बुजुर्गो के पास जोश है।आज के युवा अपने जोश के साथ बुजुर्गों के होश को मिला दें,तो उनका विकास अवश्यसंभावी हो। 1947 में विकसित भारत का सपना तब अपना हो सकेगा जब हमारे युवाओं के एक हाथ में पुस्तक और दूसरे हाथ में कम्प्यूटर/या मोबाइल हो।

## किसानों के बीच मक्के के बीज का किया गया वितरण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़)** : मंगलवार को गोला प्रखंड के सोसोकलां पंचायत एवं संग्रामपुर पंचायत के ग्राम सरला कला में स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय सोहर धार के प्रांगण में 30 किसानों के बीच मक्के के बीज का वितरण किया गया। इसके साथ ही 486 किसानों के बीच विभिन्न प्रकार के सब्जियों के बीज का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर गोला प्रखंड की प्रमुख गीता देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ० सुधा वर्मा, संग्रामपुर पंचायत के पंचायत समिति सदस्य रचिया महतो, मुखिया सीताराम मुंडा, सोसोकलाँ पंचायत के उपमुखिया लईक आलम, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी महेश्वर महतो, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनिल महतो, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी श्री कामाख्या प्रसाद, जेएसएलपीएस के महेंद्र कश्यप, पंचायत सचिव अरविंद गोप एवं ग्राम रोजगार सेवक रंजीत कुमार उपस्थित थे।

## दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ समापन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रजरप्पा (रामगढ़)** : डॉ. एस राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सुकरीगढ़ा, लारी, रामगढ़ के तत्वाधान में दिनांक 20-01-2025 से 21-01-2025 तक दो दिवसीय अन्तर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता-2025 का सम्मापन हुआ। आज का फाइनल मैच डॉ. एस राधाकृष्णन शिक्षक-प्रशिक्षण महाविद्यालय, सुकरीगढ़ा, लारी, तथा मर्हिषी परमहंस कॉलेज ऑफ एजुकेशन, रामगढ के बीच खेला गया। जिसमें मर्हिषी परमहंस कॉलेज ऑफ एजुकेशन रामगढ़ विजेता एंव डॉ. एस. राधाकृष्णन् शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय उपविजेता रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुधा चौधरी (अध्यक्ष, जिला परिषद्, रामगढ़), गोपाल चौधरी (पुर्व पार्षद) तथा पन्नु रजक (सेवानिवृत प्रधानाध्यापक), महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव संजय प्रभाकर, सदस्य मनीष कुमार तथा प्रशासनिक पदाधिकारी डॉ० सुशील कुमार उपाध्याय के द्वारा अतिथियों को शॉल एवं मोमेंटो दिया गया। विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए मैच का समापन किया गया। मैन ऑफ द मैच कृष्णा कुमार तथा मैन ऑफ द सिरिज का खिताब मो० अख्तर को दिया गया। अम्पायर के रुप में बटेश्वर कुमार, अमित करमाली और आकाश कुमार की सक्रिय एवं सराहनीय भूमिका रही। मैच में उपस्थित शिक्षको में मो० परवेज अख्तर, डॉ० अशोक राम, नयन कुमार मिश्रा, बाबुचन्द प्रसाद, सुप्रिया बर्मन, मुरारी कुमार दुबे, डॉ० राजेश माहतो, सुलेखा कुमारी, अशोक कुमार झा, मनमित कुमार, दिनेश कुमार, सुधीर कुमार, प्रकाश कुमार, राहुल सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़** : रामगढ़ सदर अस्पताल बिजूलिया में प्रखण्ड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ विधानसभा की विधायक ममता देवी उपस्थित हुई। विधायक ने सर्वप्रथम दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत मेले का उद्धघाटन किया। कार्यक्रम के शुभारंभ में विभाग के अधिकारियों व सहिया दीदियों ने परंपरिक रूप से विधायक का स्वागत किया। तत्पश्चात विधायक तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा मेला क्षेत्र में लगे विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण भी किया गया। मौके पर रामगढ़ विधानसभा से कॉंग्रेस के पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो, सिविल सर्जन डॉ. महालक्ष्मी प्रसाद, उपाधीक्षक डॉ. मृत्युंजय ठाकुर, प्रभारी डॉ. आर. के. चौधरी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान, जिला उपाध्यक्ष मनोज पुझर, पुर्व विधायक प्रतिनिधि(स्वास्थ्य) कमलेश महतो, नगर अध्यक्ष बलराम साहू, ओबीसी जिला अध्यक्ष चंदन प्रसाद, समीर हुसैन, सगीर अंसारी, टिंकू खान, लतीफ, विक्की, संजय साव सहित विभागीय अधिकारी एवं अन्य लोग शामिल थे।

## तीन दिवसीय क्षेत्रीय संगीत व नृत्य कार्यशाला सह प्रदर्शनी का हुआ शुभारम्भ




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा** : सांस्कृतिक कार्य निदेशालय द्वारा सोमवार से सिरका मैदान में तीन दिवसीय (21-23 जनवरी) झारखंड जनजातीय एवं क्षेत्रीय संगीत एवं नृत्य कार्यशाला सह प्रदर्शन का शुभारम्भ हुआ। इसका उदघाटन भाजपा नेता जैलेन्द्र कुमार व कार्यक्रम के मुख्य संयोजक पदमश्री मुकुंद नायक ने किया। सांस्कृतिक संस्था कुंजबन छोटानागपुरी लोक संगीत एवं नृत्य प्रशिक्षण केन्द्र चुटिया रांची इसका आयोजन कर रही है। विशिष्ट अतिथि प्रमुख दीपा उरांव, पंसस सावित्री देवी, महावीर नायक, भाजपा एससी मोरचा के जिला महामंत्री संजय नायक थे। इसमें लोककला व संगीत का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आसपास के गांव से काफी संख्या में युवक-युवती लोकगीत व संगीत सीखने पहुंचे। जैलेन्द्र कुमार ने कहा कि लोककला व संगीत को बचाने का यह एक अनूठी पहल है। सरकार को भी अखड़ा संस्कृति को बचाने व इसे बढ़ावा देने की जरूरत है। मुकुंद नायक स्वयं में लोकगीत व संगीत का विश्वविद्यालय है। वे स्वयं आपके घर आये है इनसे सीखने की जरूरत है। पदमश्री मुकुंद नायक ने कहा कि स्कूली पाठयक्रम में लोकगीत व संगीत को शामिल किया जाए। साथ ही प्रत्येक गांव में अखड़ा का निर्माण हो। झारखंड की पहचान इसका लोकगीत व संगीत है। प्रशिक्षण अभिषेक बड़ाइक, नूतन लकड़ा, लक्ष्मी कच्छप, बानेश्वर नायक, रामेश्वर मिंज, दुर्योधन नायक, किशोर महली, किशोर कच्छप दे रहे है। इस मौके पर ग्रामीण संयोजक महानंद नायक, सहायक संयोजक किशोर नायक, जयशंकर मुंडा, बनफूल नायक, चन्दन मिश्रा, रामकुमार नायक, अनिता देवी, बाबूलाल मुण्डा, अनीत नायक, संजय नायक, बालकिशुन नायक, सूरज नायक, छोटेलाल नायक, चंदन नायक, राजकुमार मुंडा, रूपेश नायक, गजेन्द्र नायक, विजय करमाली आदि उपस्थित थे।

### रकुआ व हेसापोड़ा पंचायत क्षेत्र में लगातार जंगली हाथियों का हो रहा है उत्पात

# कई एकड़ क्षेत्र में लगी फसलों को रौंदा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़)** : गोला वन क्षेत्र के हेसापोड़ा एवं रकुआ पंचायत क्षेत्र में पिछले कई दिनों से जंगली हाथियों का कहर जारी है। लगातार देर रात को जंगली हाथियों द्वारा ग्रामीणों के खेतों में लगे खड़े फसलों को खाकर तथा रौंदकर नष्ट किया गया तथा सिचाई के लिए इस्तेमाल होने वाले पाईप लाईन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। इस संबंध में हेसापोड़ा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि विशाल करमाली तथा रकुआ पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सुरेश रजक ने बताया कि पिछले कई दिनों हमलोग भय के माहौल में जी रहे हैं। उन्होंने बताया कि अभी आलू का फसल लगभग तैयार हो रहा था, कुछ किसान सरस्वती पूजा के पश्चात आलू को कोड़ते लेकिन जंगली हाथियों ने उनके उम्मीदों पर पानी फेर दिया। हाथियों द्वारा किए गए बबार्दी के पश्चात दोनों मुखिया प्रतिनिधि वन विभाग के पदाधिकारियों से बातकर किसानों को हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति के संबंध में बात की तथा किसानों को इस संकट से निजात दिलाने का आग्रह किया। ग्रामीणों के अनुसार अशोक महतो, सुरेश महतो, बिमला देवी, बिनोद महतो, जयराम महतो, बालेश्वर महतो, बीरबल महतो, धनलाल महतो, प्रदीप महतो, नमिता देवी, कुंती देवी, जालू महतो, बनवारी प्रसाद गुप्ता, सरिता देवी एवं कुंती देवी के खेतों में लगे आलू, मुली, पालक, गोभी एवं टमाटर के फसलों को काफी नुकसान पहुंचाया गया है।

### कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष परवेज आलम ने किया 100 कम्बल का वितरण

# जरूरतमंदों की सेवा ही मानव सेवा है : परवेज आलम



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो** : कांग्रेस पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष परवेज आलम ने मंगलवार को प्रखंड के करांजी,जराटोली,मसियातु,ईटा,दरसिला में निजी खर्च पर गरीब,असहायों, वृद्धों व जरूरतमंदों के बीच 100 से अधिक लोगों को कंबल का वितरण निजी कोष से किया। इस दौरान उन्होंने दो वर्ष पूर्व सड़क दुर्घटना में घायल शमशाद अंसारी को आर्थिक सहयोग भी किये। मौके पर परवेज आलम ने कहा कि इस ठंड के मौसम में किसी भी गरीब असहाय को परेशानी न हो। इसको लेकर कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने ने कहा कि ठंड के मौसम में गरीब व असहायों की परेशानी को देखते हुए यह कार्य किया जा रहा है। ठंड में असहायों की सेवा ही मानवता की सेवा है। लगातार गिर रहे पारे के दौरान ठंड से कंपकंपा रहे लोगों को जब कंबल मिला तो लोग कंबल पाकर खुश हो गये और परवेज आलम को धन्यवाद करते हुए भावुक हो गए। मौके पर शहबान अंसारी, जकिर अंसारी, मोबारक अंसारी, तबरेज, खालिद, मकबुल अंसारी, रबुल अंसारी, वाहिद, भीम लोहरा सहित कई लोग उपस्थित थे।

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयन्ती 23 जनवरी को



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन एवं राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती 23 जनवरी को मनाई जाती है। यह दिन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान नेता और स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि अर्पित करने का अवसर है। सुभाष चंद्र बोस ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में विशेष स्थान प्राप्त किया है और उनकी बहादुरी और दृढ़ नायकत्व को कभी नहीं भुलाया जा सकता सुभाष चंद्र बोस एक सच्चे देशभक्त और भारत के सबसे प्रेरक स्वतंत्रता सेनानियों में से एक थे। अपने साहसिक नेतृत्व और जय हिंद के नारे देने वाले बोस ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारतीय राष्ट्रीय सेना (आईएनए) के संस्थापक के रूप में उन्होंने अनगिनत व्यक्तियों को अपने देश के लिए लड़ने के लिए प्रेरित किया। साहस, बलिदान और दृढ़ संकल्प से भरा उनका जीवन छात्रों को बड़े सपने देखने और अपने लक्ष्यों के लिए अथक परिश्रम करने के लिए प्रेरित करता है।

## एक झलक

### मुखिया ने अपने पंचायत वासियों से की अपील

**कटकमसांडी** : कटकमसांडी में रोमी पंचायत की मुखिया साजदा खातून ने अपने ग्राम वासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की बधाई देती हुए अनुरोध किया है कि जितने भी हमारे ग्राम पंचायत के पंचायत समिति उप मुखिया वार्ड सदस्य एवं जितने भी पंचायतवासी हैं आप सभी से अनुरोध है कि आप पंचायत भवन में आकर 26 जनवरी का झंडोतोलन में शामिल हो और देश कि शान ऊंचा करें और साथ ही साथ रोमी पंचायत की शान को बढ़ायें।

### भू-रैयत विस्थापित प्रभावित समिति ने बैजनाथ साव की पुत्री के विवाह में दस हजार रूपया दिया सहयोग

**केरेडारी** : केरेडारी प्रखंड के पेटो पंचयात के चट्टीपेटो निवासी बैजनाथ साव की पुत्री की विवाह में भू रैयत विस्थापित प्रभावित समिति भदईखाप ने द्वारा सहयोग राशि दस हजार रुपया दिया गया इस मौके पर समिति के अध्यक्ष रामेश्वर साव, सचिव मो मनोवर अंसारी, कोषाध्यक्ष चंदन कुमार साव, समाजसेवी, सुरेश मिश्रा, मो दिलदार अंसारी, बिनोद साव, प्रकाश साव, हीरामन साव, बिजेंद्र यादव, रितेश कुमार, राजेश साव, दुर्गा कुमार, संतोष कुमार, विकास कुमार, बबलू कुमार, सुनील कुमार, सरफराज अंसारी, नितेश कुमार सभी समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### शराब भट्ठी को जेसीबी से किया गया ध्वस्त, हजारों लीटर जावा महुआ विनष्ट

**चौपारण** : हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल की पूरी टीम ने दल बल के साथ भगहर के भंडार, लोहरा व भगहर के जंगलों में कार्रवाई की। अवैध शराब भट्ठी को जेसीबी से ध्वस्त किया गया। पक्का निर्माण को ध्वस्त कर हजारों लीटर जावा महुआ बहा दिया गया तथा कार्रवाई में शराब बनाने की सामग्री जब्त की गई। वही सहायक वन संरक्षक व वन क्षेत्र पदाधिकारी चौपारण खुद कार्रवाई करने पहुंचे। अवैध शराब भट्ठी निर्माण में संलिप्त लोगों के विरुद्ध वन कांड दर्ज करने की प्रक्रिया की जा रही है। टीम में सहायक वन संरक्षक एक परमार वन क्षेत्र पदाधिकारी कमलेश कुमार सिंह, प्रभारी वनपाल पंकज कुमार, अजय कुमार यादव, संटू कुमार व वनरक्षी अजीत कुमार, गोंझू सिकंदर नायक, कृष्णा प्रसाद, अजय कुमार, दीपक यादव, संजय यादव, भूपेंद्र कुमार, शिशिर मिंज, भोला साहू, मो. नजीर व अन्य दैनिक कर्मी शामिल थे।

### भेलवा टुंगरी सह स्व. काशीनाथ महतो स्मृति मेला का आयोजन

**सिल्ली** : सिल्ली प्रखंड क्षेत्र के मोदीडीह गांव के समीप भेलवा टुंगरी पहाड़ पर मंगलवार को भेलवा टुंगरी सह स्व.काशीनाथ महतो स्मृति मेला का आयोजन किया गया साथ ही मेला बड़ी धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ ।यह मेला फुटबॉल के खिलाड़ी स्व.काशीनाथ महतो के नाम से लगाया जाता है। मेले में सुबह से ही भीड़ जमने लगी। दुर दराज से आए श्रद्धालुओं ने भेलवा टुगंरी पहाड़ में पुजा अर्चना किया साथ ही महिलाएं टुसू लेकर अपने पारंपारिक गीतों पर झुमते हुए मेले में पहुंचे। साथ ही मेले में फुटबॉल, क्रिकेट, टुसू (चौडाल़)पांता नाच एवं मुर्गा लड़ाई का भव्य आयोजन किया गया। मेले के मुख्य अतिथि जयपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रखंड प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक, उपप्रमुख आरती देवी, सुनील सिंह मौजूद थे ।इस खेल में विजेता उपविजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही टुसू लेकर आए महिलाओं को भी सम्मानित किया गया। मेले में मंच का संचालन मोहम्मद फारुख ने किया। मेले आए हुए मुख्य अतिथि एवं जनप्रतिनिधियों का स्वागत स्व. काशीनाथ के पुत्र डॉ अमीत महतो ने बुके देकर एवं अंगवस्त्र देकर किया। मेले को सफल बनाने में विकास महतो, सुभाष चन्द्र महतो, विशाल महतो,चांद हुसैन, समेत मेला समिति का काफी सरहानीय योगदान रहा।

# लाभुकों के बीच परिसम्पत्तियों का हुआ वितरण

कार्यक्रम

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय सभागार में मंगलवार को लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों के वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बगोदर विधायक नागेंद्र महतो तथा श्रम अधीक्षक हजारीबाग अनिल देव रंजन, प्रमुख जैबुन निशा, प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार, अंचलाधिकारी नित्यानंद दास, कोडरमा सांसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल, हजारीबाग सांसद प्रतिनिधि सुखदेव रजवार, माण्डू विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार मंडल एवं अल्पिटो मुखिया प्रतिनिधि धनेश्वर यादव द्वारा संयुक्त रूप से दीपप्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का संचालन बीपीओ ममता सिंह ने किया। इस कार्यक्रम में सात किसानों के बीच 04 लाख 2000 रुपये का केसीसी ऋण, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 14 लाभुकों को आवास, झारखण्ड सरकार द्वारा संचालित 11 लाभुकों को अबुआ आवास, जेएसएलपीएस के द्वारा सात महिला मंडल को सीसीएल के तहत दो करोड़ सतरह लाख पचास हजार रुपये का ऋण, बिरसा सिचाई कूप योजना के




तहत 11 लाभुकों को बिरसा कूप सिंचाई, 11 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल, दो दिव्यांग के बीच ट्राइसाइकिल,10 छात्र-छात्राओं के बीच स्कूल यूनिफॉर्म, वृद्धा/विधवा पेंशन योजना के 22 लाभुकों को स्वीकृति देकर प्रमाण पत्र, उद्यान विकास योजनांतर्गत सब्जी की खेती के लिए 05 लाभुकों को सब्जी का बीज एवं 06 लाभुकों के बीच मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण बगोदर विधायक नागेंद्र महतो तथा उपस्थित अन्य लोगों के द्वारा वितरण किया गया। बगोदर विधायक नागेंद्र महतो ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आप इन परिसंपत्तियों का सदुपयोग कर अपने जीवन को आर्थिक रूप से मजबूत बनाएं। जिस काम के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, उसे लगन के साथ करें। वर्तमान में मईया सम्मान योजना, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन से जरूरतमंद लोग वंचित हैं। हमने झारखंड भीख से नहीं बल्कि आंदोलन, संघर्ष और बलिदान से हासिल किया है। उन्होंने महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा कि एक महिला चाहे तो सम्पूर्ण परिवार को संवार सकती है, आग्रह करते हुए कहा कि तमाम बहने शिक्षा पर जोर दें। आगे उन्होंने कहा कि योजना के लाभ से हो रहे फायदे पर विचार करना है और उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जेएसएलपीएस की दीदी लोगों को देखिए वह आत्मनिर्भर भी हैं और उनके द्वारा समाज को जागरूक करने का काम बेहतर तरीके से किया जाता है। मुखिया उत्तम महतो,नन्हकू महतो, लक्ष्मी कुमारी, रामचंद्र यादव, निर्मल कुमार, दुलारचंद पटेल, राजेंद्र मंडल, पसंस महताब हुसैन, भीखन रविदास, खाद आपूर्ति पदाधिकारी पियूष सिन्हा, रोजगार सेवक मदन यादव, बेलाल अंसारी, सुरेश राम, सुशील मंडल, कुणाल कुमार, महादेव देहाती, सीमा देवी समेत काफी संख्या में जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे।

## विभावि परिसर में पारम्परिक खेल मल्लखंब का होगा प्रदर्शन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : गणतंत्र दिवस के अवसर पर फिट इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व गुरु पद्मश्री उदय देशपांडे के नेतृत्व में विनोबा भावे विश्वविद्यालय में पहली बार भारतीय पारम्परिक खेल-मल्लखंभ का आयोजन किया जाएगा। एक कार्यशाला की शक्ल में इसका आयोजन दिनांक 24 जनवरी 2025 को अपराह्न 01 बजे विवेकानंद सभागार में निर्धारित किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो पवन कुमार पोद्दार ने बताया कि इसके माध्यम से एक तरफ तो विद्यार्थियों को भारतीय परंपराओं से परिचित कराया जायेगा। वहीं दूसरी तरफ फिट रहने के एक प्रमाणित कौशल की जानकारी भी उन्हें उपलब्ध कराई जायेगी।



उन्होंने आगे बताया कि मल्लखंब का इतिहास प्राचीन भारत से जुड़ा है और इसे व्यायाम व योग का अद्वितीय रूप माना जाता है। इस आयोजन की जवाबदेही फिट इंडिया के नोडल पदाधिकारी एवं अर्थशास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ उमेंद्र सिंह को दिया गया है। डॉ उमेंद्र सिंह ने बताया कि मल्लखंब का उल्लेख मराठा साम्राज्य के दौरान मिलता है, जब यह पहलवानों की शारीरिक क्षमता और लचीलापन बढ़ाने के लिए उपयोग में लाया जाता था। 18वीं शताब्दी में, बाजी राव द्वितीय के राजदरबार में इसका औपचारिक विकास हुआ। उन्होंने बताया कि 'मल्ल' का अर्थ है पहलवान और 'खंब' का मतलब खंभा। यह कला पारंपरिक रूप से एक लकड़ी के खंभे या रस्सी पर योगासन और व्यायाम के माध्यम से शारीरिक और मानसिक संतुलन को सुदृढ़ करने पर केंद्रित है। यह भी जानकारी दी गई की वर्तमान समय में मल्लखंब न केवल भारत में बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी एक खेल के रूप में लोकप्रिय हो रहा है। इस अवसर पर हुनरबाज-देश की शान टीवी शो के विजेता आकाश कुमार सिंह का भी प्रदर्शन होगा।

## छोटानागपुर प्रमंडल स्तरीय कार्यकर्ता कन्वेंशन सफलतापूर्वक आयोजित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चरही** : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) द्वारा आयोजित छोटा नागपुर प्रमंडल स्तरीय कार्यकर्ता कन्वेंशन हजारीबाग के ऑफिसर्स क्लब, चरही में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण आयोजन में पार्टी महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे और पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संघर्ष के नये संकल्पों की दिशा और आगामी कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। कन्वेंशन में पार्टी की सभी ब्रांच, एरिया, जिला, राज्य कमेटी और केंद्रीय कमेटी के सदस्य शामिल हुए। इस दौरान पार्टी ने पूर्व महासचिव कामरेड विनोद मिश्रा के स्मृति दिवस से लेकर झारखंड के जननायक महेंद्र सिंह के शहादत दिवस (16 जनवरी) तक झारखंड में 'जोहार संकल्प यात्रा' की शुरूआत की थी। यह यात्रा झारखंड के जल, जंगल, जमीन और खनिज



संपदाओं की रक्षा के लिए शुरू की गयी, ताकि भाजपा की योजना के तहत इन संसाधनों को अडानी और अंबानी जैसे कॉर्पोरेट घरानों को सौंपने का विरोध किया जा सके। कन्वेंशन के दौरान पार्टी ने धनबाद, गिरिडीह, बोकारो, हजारीबाग, रामगढ़ और चतरा जिलों में नए सदस्य भर्ती, सदस्यता नवीकरण, पार्टी ब्रांचों के पुनर्गठन और एरिया तथा जिला सम्मेलन की तैयारी पर चर्चा की। साथ ही, पार्टी ने फरवरी और मार्च में सभी जिलों में सम्मेलन आयोजित करने के संकल्प को दोहराया और 22 से 24 अप्रैल 2025 तक होने वाले राज्य सम्मेलन की तैयारियों पर भी विचार किया गया। कन्वेंशन में रेलवे यूनियन में मिली जीत पर भी बधाई दी गई और यह संदेश दिया गया कि जिस तरह रेलवे यूनियनों ने निजीकरण के खिलाफ अपनी आवाज उठाई, उसी तरह राज्य और देश भर में निजीकरण के खिलाफ संघर्ष को और तेज करने की आवश्यकता है। मुख्य वक्ता, पार्टी महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि हमारी पार्टी झारखंड के जल, जंगल, जमीन और खनिज संपदाओं की रक्षा के लिए समर्पित आन्दोलन चला रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड में भाजपा को सत्ता से रोकने के लिए जनता का आभार व्यक्त किया। हालांकि, भाजपा और आरएसएस की नफरत फैलाने वाली राजनीति को पूरी तरह से नष्ट करने के लिए पार्टी वैचारिक, राजनीतिक और सामाजिक रूप से पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने यह भी कहा कि हमारी पार्टी लोकतंत्र और संविधान को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है और पार्टी के विधायक जनता के सवालों पर सदन के अंदर और बाहर अपनी आवाज बुलंद करेंगे। हमारी पार्टी की एकता इस कन्वेंशन के लिए पांच सदस्यीय अध्यक्ष मंडल का गठन किया गया। इस मौके पर पार्टी राज्य सचिव मनोज भक्त, पोलित ब्यूरो सदस्य जनार्दन प्रसाद, पूर्व विधायक विनोद कुमार सिंह, नीरज कुमार, राजकुमार यादव, हलधर महतो, मिथलेश सिंह, पूनम देवी, बेदिया, दिवाकर जी, भुनेश्वर बेदिया, त्रिलोकी नाथ, मनोज प्रजापति, निताई महतो, कार्तिक प्रसाद, भुनेश्वर केवट, सीताराम सिंह, पच्चू राणा महावीर महतो, छोटन महतो, चेतन रजवार, सहित अन्य वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्वामी विवेकानंद की 163वीं जयंती धूमधाम से मनी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ प्रखंड के हॉस्पिटल चौक स्थित विवेकानंद सेवा आश्रम मंदिर परिसर में मगलवार को पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति को स्थापित करने वाले स्वामी विवेकानंद की 163वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई ।इस अवसर पर मंदिर में विशेष पूजा, हवन एवं आरती की गई। इस 163वें आविर्भाव के कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चे, शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं अभिभावकों ने भाग लिया। पूजा उपरांत बच्चों एवं अभिभावकों के बीच में प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विवेकानंद जन्म महोत्सव कार्यक्रम में हजारीबाग के जबरा रोड, कोर्रा में स्थित विवेकानंद एलटीएल के निर्देशक गजानंद पाठक, हजारीबाग विवेकानंद युवा महामंडल के अध्यक्ष अनूप सिंहा, अनुज सिंहा, एम्बिशन पब्लिक स्कूल के निदेशक विवेक कुमार एवं मिरर ऑफ द सोसायटी शैक्षणिक संस्थान के संचालक अमन कुमार का आगमन इस विशेष पूजा में हुआ। इस कार्यक्रम के दौरान इस विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक मो० कैसुल आबेदीन, ममता मिश्रा, देवेश कुमार, स्नेहा कुमारी, प्रतिष्ठा कुमारी, पीयूष सिंहा, स्नेहा वर्मा, कल्याणी देवी एवं सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### हजारीबाग यूथ विंग की वार्षिक बैठक सम्पन्न, 3 मार्च को आयोजित होगा मेगा रक्तदान शिविर

## इस बार 175 यूनिट रक्त संग्रह का संकल्प

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : हजारीबाग यूथ विंग की वार्षिक बैठक सोमवार को संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन के निवास स्थान पर संस्था के अध्यक्ष करण जायसवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संस्था की विगत उपलब्धियों और आगामी कार्यक्रमों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस दौरान समाजसेवा के क्षेत्र में नए लक्ष्यों को निर्धारित करते हुए कई बड़े निर्णय लिए गए। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आगामी 3 मार्च को हजारीबाग के लक्ष्मी सिनेमा हॉल के सभागार में मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर संस्था के वार्षिक कार्यक्रमों में सबसे महत्वपूर्ण है। पिछले वर्ष की उपलब्धि 2024 में आयोजित शिविर में संस्था ने 130 यूनिट रक्त संग्रह कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की थी। इस वर्ष 175 यूनिट रक्त संग्रह करने



का संकल्प लिया गया है, जो अब तक का सबसे बड़ा लक्ष्य होगा। इस कार्यक्रम के संयोजक के रूप में अध्यक्ष करण जायसवाल एवं सहसंयोजक के रूप में रोहित बजाज को नियुक्त किया गया है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य रक्त की कमी से जूझ रहे मरीजों की मदद करना और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। संस्था ने हजारीबाग के सभी युवाओं और नागरिकों से इस शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है। 23 फरवरी को हजारीबाग में एक व्यापक मेडिकल कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह कैंप रांची के मेडिक्योर हॉस्पिटल के विशेष सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। जिसमें मुफ्त स्वास्थ्य जांच, डॉक्टरों द्वारा परामर्श, जरूरतमंदों को मुफ्त दवाएं दिया जाएगा। इस कार्यक्रम के संयोजक के रूप में संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन सहसंयोजक के रूप में उपाध्यक्ष जयप्रकाश खंडेलवाल को नियुक्त किया गया है। इस कैंप का उद्देश्य जरूरतमंदों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना और आम जनता को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना है। संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने अपने संबोधन में कहा की हमारी संस्था का उद्देश्य केवल कार्यक्रमों का आयोजन करना नहीं, बल्कि समाज में एक सकारात्मक बदलाव लाना है।

## एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ वर्ल्ड के स्वागत समारोह का आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़-बगोदर मुख्य मार्ग पर हरिहर धाम के समीप स्थित स्नीलकंठ मैरिज हॉल में एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ वर्ल्ड के स्वागत समारोह का आयोजन सोमवार को किया गया। कार्यक्रम का आयोजन गिरिडीह जिला अध्यक्ष कैलाश राणा की अध्यक्षता में की गयी। स्वागत समारोह में झारखंड प्रदेश के संगठन इंचार्ज रमेश यादव द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रशासन और संगठन के बीच समन्वय स्थापित करना था। जिसमें संगठित होकर यह निर्णय लिया गया कि भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने, बाल विवाह और बाल मजदूरी पर रोकथाम लगाने एवं मानवाधिकार का हनन न हो इस पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके साथ ही अपराध पर रोकथाम हेतु बगोदर एवं विष्णुगढ़ प्रशासन को संगठन की ओर



से भरपूर सहयोग किया जाएगा, ताकि संगठन के सहयोग से प्रशासन प्रखर रूप से अपराध पर नियंत्रण रख सके। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष प्रभुनाथ तिवारी, प्रदेश डायरेक्टर संगीता तिवारी, बोकारो जिला अध्यक्ष राजू सिंह, इंचार्ज आभा जी, झारखंड प्रदेश इंचार्ज रमेश यादव, हजारीबाग जिला अध्यक्ष मनोज कुमार मिस्त्री, मानवाधिकार के सचिव शंकर यादव, जिला सचिव राकेश यादव, समाजसेवी रविंद्र कुमार यादव, सरिया प्रखंड अध्यक्ष कैलाश पांडे, विश्वकर्मा समाज के प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी अजीत कुमार एवं भरत शर्मा ने उपस्थित होकर समारोह को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## केरेडारी मुखिया संघ अध्यक्ष महेश प्रसाद साव को पद मुक्त कर दिनेश साव को मुखिया संघ का अध्यक्ष किया गया चयनित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**केरेडारी** : केरेडारी प्रखंड के सभागार में मुखिया संघ का बैठक किया गया। बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया की केरेडारी प्रखंड के पूर्व मुखिया संघ के पदाधिकारी को पद मुक्त करते हुये नये पदाधिकारी का चयन किया गया, वही सर्व समिति से मुखिया संघ का अध्यक्ष दिनेश साव जीतनी देवी को सचिव व कोषाध्याय हितनारायण साव को पुनर्गठन कर बनाया गया जिसके उपरांत सभी मुखिया लोगों ने नए पदाधिकारी का नाम पद लेटर पैड में केरेडारी बीडीओ विबेक



कुमार को सौपा गया इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष महेश प्रसाद साव ने कहा अपनी समय व्यस्तता को देखते हुए अपने पद से त्यागपत्र दिए जिससे अपनी सभी कार्यों को सा समय पूरा कर सकूं। इस मौके पर पचडा मुखिया महेश प्रसाद साव बेलतू मुखिया जीतनी देवी कांडाबेर मुखिया दिनेश साव गरीकला मुखिया हित नारायण साव केरेडारी मुखिया सोनिया देवी पेटो मुखिया कौशल्या देवी पाताल मुखिया नेहा लकड़ा अमित दुबे विकास कुमार इत्यादि सभी मुखिया उपस्थित थे।

### वन विभाग ने की बड़ी कार्रवाई, दो लोग गिरफ्तार

**विष्णुगढ़** : वन प्रमण्डल पदाधिकारी हजारीबाग पूर्वी के निर्देश पर गुप्त सुचना के आधार पर वन क्षेत्र पदाधिकारी बगोदर द्वारा गठित गस्ती दल द्वारा रविवार के रात्रि लगभग साढ़े ग्यारह बजे चलनिया जंगल मे छापेमारी कर लकड़ी लोड़ गाड़ी सहित दो व्यक्तियों को पकड़ा गया। जिसमे विष्णुगढ़ थाना का ड्राइवर रमेश यादव, अटका आरा मिल के संचालक सुरेन्द्र मण्डल को गिरफ्तार किया गया। वन विभाग के द्वारा मामले की छानबीन अभी जारी है। लकड़ी तस्करी के मामले और भी लोग शामिल हो सकते है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार चलानिया सड़क किनारे से अभी तक लगभग 20 लाख रुपये की लकड़ी रात के अंधेरे में काट कर ले गये तस्कर।

## जब तक गृहमंत्री इस्तीफा नही देंगे, विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरही** : सोमवार को प्रखंड कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी अरुण साहू के अगुवाई में जय बापु, जय भीम, जय संविधान अभियान के तहत अम्बेडकर सम्मान मार्च कार्यक्रम का आयोजन किया गया जो विभिन्न मार्ग भामाशाह स्तिथ शिव मंदिर से बरही चौक से होते धनबाद रोड होते हुए हजारीबाग रोड़ डॉ. भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी तथा संचालन जिला ओबीसी अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने किया। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश कहा कि 18वीं लोकसभा के



शीतकालीन सत्र सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी द्वारा संविधान और संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के अपमान के लिए देश के संसदीय इतिहास में दर्ज हो गया है। भाजपा हमेशा लोकतंत्र और संवैधानिक मुल्यों के प्रति तिरस्कार दिखाने का कोई मौका नहीं छोड़ती। इस बार तो हद पार कर दी। संविधान के पचहत्तर वर्ष पूरे होने पर कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन के दलों ने संसद में सरकार से संविधान पर चर्चा की मांग रखी। अडानी, मणिपुर, संभल जैसे मामलों पर सदन में बहस की मांग लगातार ठुकराए जाने के बाद प्रतिपक्ष की संविधान पर चर्चा की मांग ली गई। समता समानता और न्याय के डॉ.भीमराव अंबेडकर के आदर्शों पर चलने की सलाह भाजपा को कतई रास नही आई। सत्तापक्ष ने लगातार विपक्ष को बोलने से रोकने की कोशिश की। यही नही केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने डॉ.भीमराव अंबेडकर का अपमान कर संघ और भाजपा के मनुवादी मानसिकता उजागर कर दी। आरक्षण खत्म करने की साजिश के तहत भाजपा की संविधान बदलने की कोशिश को 2024 के आम चुनाव में जनता ने नाकाम कर दिया था और बैसाखी सरकार बनाकर लोकतांत्रिक मुल्यों का पाठ पढ़ाया था।

## विष्णुगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य मेले का हुआ आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को एक दिवसीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बगोदर विधायक नागेंद्र महतो, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० अरुण कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार, प्रमुख जैबुन निशा, कोडरमा सांसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल, पूर्व सांसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद, आजसू प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल, कोषाध्यक्ष दीपू अकेला एवं हजारीबाग सांसद प्रतिनिधि सुखदेव रजवार द्वारा संयुक्त रूप से दीपप्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। स्वास्थ्य मेला में कुल 18 स्टाल थे,



जिसमें तेरह सौ मरीजों का जांच किया गया। जिसमें पंजीकरण, सामान्य चिकित्सा, दावा वितरण, मातृ स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण कार्यक्रम, किशोरी स्वास्थ्य, एनसीडी क्लीनिक, टीबी, कुष्ठ, मलेरिया/फाइलेरिया, अंधापन एवं नाक, कान, गला संबंधित स्वास्थ्य, दंत चिकित्सा जांच, परिवार नियोजन कार्यक्रम, आयुष्मान भारत डिजिटल हेल्थ कार्ड, आयुष कार्यक्रम, योग एवं आई०ई०सी के स्टाल शामिल थे। इस दौरान मुख्य स्थिति विधायक नागेंद्र महतो ने अपने संबोधन में आमजनों से आग्रह करते हुए कहा कि स्वास्थ्य ही धन है, जान है तो जहान है। जिस उद्देश्य से शिविर को लगाया गया है इस शिविर का लाभ सभी लोग भरपूर लें और शिविर के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जाए ताकि लोग स्वास्थ्य को लेकर और जागरूक हो सके। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति खुद जागरूक हो और अपने साथ 10 और लोगों को स्वास्थ्य हेतु जागरूक करे।

### केरेडारी प्रखंड में स्वास्थ्य मेला का आयोजन आज

**केरेडारी** : केरेडारी प्रखंड में स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिले के सभी प्रखंडों में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जायेगा। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से चलायी जा रही विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं, आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, प्रधानमंत्री-जन आरोग्य योजना (पीएम-जेएवाइ), आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत विभिन्न मातृ शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, संचारी और गैर-संचारी रोगों की रोकथाम समेत स्वास्थ्य जागरूकता एवं स्वास्थ्य सुविधाओं को जन-जन तक पहुंचाने एवं लाभान्वित करने के लिए 22 जनवरी को केरेडा री स्वास्थ्य केंद्र परिसर में स्वास्थ्य मेला का आयोजन होगा। केरेडारी चिकित्सा प्रभारी नफीस अंजुम बताया कि 22जनवरी को स्वास्थ्य मेला के आयोजन में क्षेत्र के ग्रामीण जनताओं को अधिक से अधिक संख्या में आकर लाभ उठाने की अपील की है।

## बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर सम्मान मार्च कार्यक्रम आयोजित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चौपारण** : चौपारण हजारीबाग प्रखंड महराजगंज एवं चौपारण में जय बापू, जय भीम, जय संविधान कार्यक्रम के तहत पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू के नेतृत्व में आयोजित ₹बाबा साहब डॉ० अंबेडकर सम्मान मार्च₹ को बापू की प्रतिमा पर श्रद्धा-सुमन अर्पित कर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सम्मान यात्रा शुरू किया, साथ में पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, जयशंकर पाठक, शहजादा अनवर, जयप्रकाश भाई पटेल, मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी, प्रदेश प्रवक्ता रियाजुल अंसारी और शांतनु मिश्रा, ईश्वर आनंद, विनोद कुशवाहा पिंकू सहाय



बरही विधानसभा प्रभारी, रेणु देवी और जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, चतरा जिला अध्यक्ष प्रमोद दूबे. सहित चौपारण प्रखंड अध्यक्ष बैजू गहलौत, अवधेश सिंह दीपक गुप्ता, शरिक अख्तर, हेलाल अख्तर, नरेश पासवान, गोपाल साहू, बीरबल साहू, बिक्की रविदास, सुकेश रजक, दशरथ ठाकुर, उमेश साव, बालेश्वर विश्वकर्मा, मनोज पासवान एवं प्रखंड के पदाधिकारीगण सहित कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के आवेदनों का सीडीपीओ नहीं कर रहा है निष्पादन

जनता दरबार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने मंगलवार को जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की शिकायतें सुनी। जनता दरबार में निरसा के रांगामाटी से आयी सेविका ने उपायुक्त को बताया कि वहां की सीडीपीओ द्वारा मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के आवेदनों का निष्पादन नहीं किया जा रहा है। इस कारण लगभग 11 आवेदन लंबित है। मामले पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को जांच कर मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के लंबित आवेदनों को शीघ्र निष्पादित कराने का निर्देश दिया। राजगंज बाजार की एक महिला ने उपायुक्त को बताया कि वर्ष 2011 से वह अपना मकान बनाकर रह रही है। 5 वर्ष पूर्व उनके मकान के बगल में एक नया मकान बना है। उस नए मकान के सोखा का पानी उनके घर में घुस रहा है। इसके कारण उनका मकान क्षतिग्रस्त हो गया है। इसको लेकर पड़ोसी को कई बार शिकायत की, परंतु इसका निराकरण ढूंढने के बजाय पड़ोसी उन्हें धमका रहा है। जनता दरबार में गोविंदपुर से आए लोगों ने उपायुक्त को जैप-3 रोड, यशलोक नगर में स्थित एक शराब दुकान को अन्यत्र शिफ्ट करने का अनुरोध किया। उन्होंने उपायुक्त को बताया कि उक्त शराब दुकान में मनचलों का जमावड़ा लगा रहता है। इसके कारण वहां के निवासियों और वहां से गुजरने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा जनता दरबार में जमाबंदी बंदोबस्ती रद्द करने, पेंशन नहीं मिलने, नाला निर्माण के संबंध में, रैयती जमीन पर अवैध कब्जा करने, भूमि की मापी हो जाने के बाद भी मापी प्रमाण पत्र नहीं दने, गोविंदपुर साहिबगंज रोड में बिना मुआवजा दिए जमीन का अधिग्रहण करने सहित अन्य शिकायत प्राप्त हुई। उपायुक्त ने सभी शिकायतों के निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया। जनता दरबार में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद भी मौजूद थे।

## रणधीर वर्मा स्टेडियम में प्लाटूनों ने किया परेड का रिहर्सल



**धनबाद :** गणतंत्र दिवस के अवसर पर रणधीर वर्मा स्टेडियम में जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन किया जायेगा। इसमें विभिन्न प्लाटूनों द्वारा परेड किया जायेगा। इस संदर्भ में मंगलवार को जिला सशस्त्र बल, झारखंड सशस्त्र बल-3, एनसीसी, सीआईएसएफ, सीआरपीएफ, होमगार्ड के प्लाटूनों द्वारा परेड का रिहर्सल किया गया। परेड का रिहर्सल 23 जनवरी तक किया जायेगा। वहीं, 24 जनवरी को उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दन पूर्वाभ्यास का निरीक्षण करेंगे।

## एक झलक

### बीआईटी सिन्दरी में हैकाथॉन और कोडिंग क्लब ने किया कोडकैम्प का आयोजन

**सिन्दरी (धनबाद) :** बीआईटी सिंदरी में हैकाथॉन और कोडिंग क्लब ने कोडर्स को सीखने और नवाचार को बढावा देने के लिए पांच दिवसीय कोड कैंप का आयोजन प्रारंभ हुआ। निदेशक डॉ. पंकज राय के मार्गदर्शन में प्रारंभ हुआ कोडिंग कैंप में विभागाध्यक्ष सी एस ई, आईटी डॉ. एससी दत्ता, प्रभारी प्रोफेसर हैकाथॉन एवं कोडिंग क्लब प्रोफेसर मो अकरम खान, सहायक प्रोफेसर राजीव रंजन, सह प्रोफेसर खुस्तार अंसारी, स प्रोफेसर जितेंद्र कुमार, स प्रोफेसर तपन कुमार नायक के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 600 से ज्यादा प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। इस कार्यक्रम में सी प्लस प्लस, पाईथान, जावा, और यूआई तथा यूएक्सआई के लिए विशेष पाठ्यक्रम तैयार किए गए हैं। संयोजक डॉ. एससी दत्ता ने कहा कि प्रतिभागियों ने मैंटर्स द्वारा संचालित सत्रों मे व्यवहारिक अभ्यास किया। यह आयोजन नवाचार की भावना को बढावा देने और उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए मजबूत आधार प्रदान किया।

### एनएसयूआई प्रतिनिधि ने छात्रों की समस्याओं को लेकर डीएसडब्ल्यू से की मुलाकात

**धनबाद :** मंगलवार को एनएसयूआई छात्र प्रतिनिधि जय प्रकाश सिंह ने छात्रों की समस्याओं पर चर्चा करने के लिए डीएसडब्ल्यू डॉ. पुष्पा कुमारी से मुलाकात की। सत्र 2023-2025 के लिए सेमेस्टर 3 की बाहरी परीक्षा की अस्थायी तिथि 8 फरवरी है, वार्ता के उपरांत विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा यह आश्वस्त करवाया गया कि फरवरी के अंतिम सप्ताह तक उसका एक्सटर्नल परीक्षा लिया जायेगा। सत्र 2023-25 के लिए अर्थशास्त्र पीजी विभाग में शिक्षकों की नियुक्ति में तेजी लाई जानी चाहिए और यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि छात्रों को नियमित कक्षाएं और अध्ययन सामग्री प्राप्त हो, जिससे वे अपनी परीक्षाओं की अच्छी तरह से तैयारी कर सकें। बीबीएमकेयू की डीएसडब्ल्यू डॉ. पुष्पा कुमारी ने सभी चिंताओं को सुना और स्वीकार किया। आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द किया जायेगा।

### कोल इंडिया के चेयरमैन ने अनिल बांसफोर को किया सम्मानित



**धनबाद :** मंगलवार को अम्बेडकर स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट्स के अध्यक्ष सह मुख्य प्रशिक्षक अनिल बॉंसफोर ने जानकारी देते हुए कहा कि कोलकाता स्थित कोल इंडिया के मुख्यालय में चेयरमैन पी एम प्रसाद ने अम्बेडकर स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट्स के अध्यक्ष अनिल बॉंसफोर को सम्मानित किया। वहीं अनिल बॉंसफोर ने अपने अंतरराष्ट्रीय प्रमाण पत्र जो उन्हें हांगकांग में एमेचर शटलकोक खेल के अन्तरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में मिला था उसे अध्यक्ष को दिखाते हुए उनका आशीर्वाद लिया तथा संस्था के क्रियाकलापों के साथ वर्ष 2025 के अप्रैल माह में आयोजित होने वाले अम्बेडकर खेल महोत्सव की जानकारी दी। कोल इंडिया के चेयरमैन पी एम प्रसाद ने इस अवसर पर भरोसा देते हुए कहा कि मैं अम्बेडकर स्कूल मार्शल आर्ट्स के लिए हर संभव सहायता करूंगा। उन्होंने आगे कहा कि इस वर्ष बीसीसीएल द्वारा 26 जनवरी के आयोजन में भी आप उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे ऐसा विश्वास है क्योंकि मैं जब धनबाद में था तो आपकी संस्था ने कई यादगार कार्यक्रम किया जिसका मैं साक्षी रहा हूं। इस अवसर पर बीसीसीएल के पूर्व टेक्निकल डायरेक्टर चंचल गोस्वामी एवं अम्बेडकर स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट्स के टेक्निकल डायरेक्टर अदनान मुस्तफा कुदूषी उपस्थित थे।

## हिलटॉप मामले में गिरिडीह सांसद मिले धनबाद डीसी से



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** हिलटॉप आउटसोर्सिंग में विगत दिनों हुए हिंसक झड़प मामले में नामित गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी मंगलवार को धनबाद समाहरणालय पहुंचे । सांसद ने उपायुक्त से मुलाकात की । उपयुक्त से मिलने के बाद सांसद चौधरी ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि हिलटॉप आउटसोर्सिंग की घटना बीसीसीएल एरिया 3 के प्रबंधन की गलती से हुआ है। प्रबंधन ने स्थानीय रैयतों की मांग को अनदेखा किया। साथ ही फॉरेस्ट विभाग से क्लियरेंस भी नहीं लिया। कहा कि झड़प के समय वह रेलवे की मीटिंग में दिल्ली में थे फिर भी मुझपर मामला दर्ज किया गया। मामले की पूरी जांच होनी चाहिए। कहा कि घटना के दो दिन पूर्व ही हमारी एरिया जीएम के साथ स्थानीय लोगों की समस्या को लेकर वार्ता हुई थी जिसमें कहा गया था कि स्थानीय लोगों की मांग पूरी होने के बाद ही काम चालू किया जाएगा लेकिन दो दिन बाद ही कम चालू कर दिया गया। जिससे हिंसक झड़प की घटना घटी और बाघमारा एसडीपीओ सहित कई लोग लोग घायल हुए है। साथ ही कारू यादव पर आरोप लगाते हुए कहा कि बीसीसीएल और प्रशासन के सहयोग से ही क्षेत्र का दबंग बना है। पुलिस ने उसके इलाके में छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध कोयले का भंडार और बम गोली बरामद किया गया। कहा कि झड़प में मेरा कोई रोल नहीं है हम रेलवे की मीटिंग में दिल्ली में थे फिर भी मुझपर मामला दर्ज किया गया। मामले की पूरी जांच होनी चाहिए। बता दे कि बीते 9 जनवरी को हिलटॉप आउटसोर्सिंग में हिंसक झड़प की घटना हुई थी।

## भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा का हुआ अनावरण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह की मंगलवार को सरायढेला रोड, पीके रॉय कॉलेज के समीप,वीर कुंवर सिंह नगर के गेट पर प्रतिमा का अनावरण काफी भव्य तरीके से हुआ। सबसे पहले समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद पीएन सिंह के हाथों दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मंच पर मुख्य अतिथि के अलावे विधायक राज सिन्हा, विधायक रागिनी सिंह, विधायक श्वेता सिंह, विधायक श्रेयसी सिंह, जिप अध्यक्ष शारदा सिंह, अनुपमा सिंह, उदय प्रताप सिंह, अमरेश सिंह समेत कई गणमान्य मंचासीन हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद पीएन सिंह ने कहा कि प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सिपाही और महानायक तथा अन्याय विरोधी व स्वतंत्रता प्रेमी बाबू कुंवर सिंह कुशल सेना नायक थे। इनको 80 वर्ष की उम्र में भी लड़ने तथा विजय हासिल करने के लिए जाना जाता है। उन्होंने बताया कि वीर कुंवर सिंह को खाने पीने की कमी नहीं थी वे संपन्न थे लेकिन गुलामी की पीड़ा के कारण वे अंग्रेजों से भारत को स्वतंत्र करने के लिए उनसे लोहा लेने के लिए स्वतंत्रता संग्राम का बिगुल फूंका। उन्होंने कहा कि युवाओं को उनसे प्रेरणा लेने की जरूरत है ।बता दें कि धनबाद के वीर कुंवर सिंह नगर में इस प्रतिमा को स्थापित करने में वीर कुंवर सिंह नगर वासियों के सहयोग से किया गया है। करीब 35 वर्षों से कॉलोनी वासियों का एक सपना था कि इस कॉलोनी के मुख्य द्वार पर एक वीर कुंवर सिंह की आदमकद प्रतिमा की स्थापना हो जिसे आज वह पूरा हुआ। अनावरण में मुख्य रूप से अरविंद सिंह, उमेश सिंह, नागेश्वर सिंह, प्रेम सिंह, विजय दुबे, रासबिहारी सिंह, समरजीत सिंह, अरविंद सिंह सिंह बबलू सिंह विनय सिंह,देव बहादुर सिंह, संजय सिंह, संजीत सिंह सहित तमाम कॉलोनी वासियों का सहयोग रहा।

## डीएवी पब्लिक स्कूल में आयोजित अंतर्सदनीय कबड्डी प्रतियोगिता में दयानंद सदन व सीवीरमन सदन विजयी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिन्दरी (धनबाद) :** डीएवी पब्लिक स्कूल सिंदरी में अंतर्सदनीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार को किया गया। पहले मैच में दयानंद सदन (28) के छात्रों ने विवेकानंद सदन के छात्रो को (21) हराया। दूसरे मैच मे सीवीरमन सदन की छात्राओ ने (39) ने रामानुजन सदन की छात्राओ को (18) को हराया। इस प्रतियोगिता में दयानन्द सदन के अनुज कुमार, शेख जसीम, गौरव सिंह, यश यादव, रजनीश यादव, मान सिंह, अजमत अली और सीवीरमन सदन की छात्राओ में प्रज्ञा कुमारी, प्रियांशी कुमारी, युक्ता प्रसाद, सारना बास्की, अनन्या सिंह का प्रदर्शन सराहनीय रहा। प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने कहा कि खेल का आयोजन बच्चों के समग्र विकास में सहायक सिद्ध होगी। खेल और शारीरिक विकास के विना विद्यालय की कल्पना नहीं की जा सकती है। ऐसे आयोजन से बच्चों में अनुशासन और उत्साह का संचार होता है।

## 27 घंटे बाद बिजली की मरम्मत का कार्य किया पूरा

**जोरापोखर (धनबाद) :** डिगवाडीह विद्युत सब स्टेशन से झरिया की चार फीडर से विद्युत आपूर्ति ठप, सोमवार की रात्रि पूरा क्षेत्र अंधकार में डूब गया। हलाकि विद्युत विभाग के कर्मियों द्वारा 27 घन्टे बाद मरम्मत का कार्य पूरा किया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि सोमवार की सुबह 11 बजे से झरिया के चार फीडर झरिया, वॉटरबोर्ड, सीएफआरआई, भागा फीडर के पवार ट्रांसफार्मर में आई तकनीकी खराबी के कारण विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। जिसके कारण लाइन चालू करने का प्रयास किया जा रहा था। तभी जरूरत से अधिक बिजली का प्रवाह होने के कारण लाइन ट्रिप कर कट जा रही थी। जिसका मरम्मती कार्य कर्मियों ने 27 घन्टे बाद मंगलवार की दोपहर 2 बजे पूरा किया। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस लिया है।

## बाघमारा क्षेत्र में हुआ 'जय बापू जय संविधान' कार्यक्रम




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कतरास (धनबाद) :** जय बापू, जय भीम, जय संविधान कार्यक्रम के तहत मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब डॉ० भीम राव अंबेडकर सम्मान मार्च बाघमारा क्षेत्र में निकला। इस दौरान शक्ति चौक स्थित शहीद शक्ति नाथ महतो जी के आदमकद प्रतिमा पर झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने माल्यार्पण किया। झामुमो नेता सह समाजसेवी शिव प्रसाद महतो को केशव महतो कमलेश ने सॉल देकर उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो, सुल्तान अहमद, सतीश पॉल मुजनी, गजेंद्र सिंह, शांतनु मिश्रा, ईश्वर आनंद, रवींद्र वर्मा, मदन महतो, मनोज यादव, राजेश्वर यादव, डॉ० डीके सिंह, धनबाद जिला अध्यक्ष श्री संतोष सिंह और कार्यकारी जिला अध्यक्ष श्री रशीद राजा अंसारी के साथ सभी प्रखंड अध्यक्ष उपस्थित रहे।

## नवजात की मौत पर चासनाला सीएचसी में हुआ हंगामा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पाथरडीह (धनबाद) :** चासनाला सामुदायिक स्वास्थ केंद्र झरिया सह जोरापोखर अस्पताल में मंगलवार को एक नवजात की मौत के बाद परिजन सहित क्षेत्रीय नेताओं ने जमकर हंगामा किया। झरिया चौथाई कुली खास झरिया निवासी रविराज दुबे की धर्मपत्नी सुषमा कुमारी को सोमवार की देर रात प्रसव पीड़ा उठा था । मंगलवार की सुबह तत्काल 108 एम्बुलेंस सेवा से चासनाला स्वास्थ केंद्र लाने के क्रम में रास्ते में ही उक्त महिला ने अस्पताल पहुंचने से पहले एक बच्ची को जन्म दे दिया। जिसे तत्काल चासनाला स्वास्थ केंद्र लाया गया जहाँ कर्मी प्रेमा कुमारी द्वारा बच्ची की नारा काटा गया। बच्ची की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सक द्वारा धनबाद रेफर कर दिया, परन्तु एम्बुलेंस नहीं मिलने के कारण ऑटो से परिजन धनबाद ले जा रहे थे। जहां रास्ते में ही नवजात शिशु ने दम तोड़ दिया। पुनः परिजन रोते विलखते हुए चासनला स्वास्थ केंद्र पहुंच कर हो हंगामा शुरू किए। सूचनापर माले राज कमिटी के सदस्य सह मजदूर नेता सबूर गोराई ने स्वास्थ्य केंद्र पर आरोप लगाते हुए कहा की यहां की व्यवस्था चरमरा गई है न समय पर एम्बुलेंस न डॉक्टर उपलब्ध रहते है लापरवाही के कारण नवजात शिशु की जान गई है। ऐसे लापरवाह कर्मी को तत्काल सस्पेंड किया जाय। चासनला स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर मिहिर कुमार ने मामले को देखते हुए सूझ बुझ से स्वास्थ्य केंद्र के पांच कर्मी को फिलहाल पद मुक्त कर जांच की बात कही है। तब जा कर मामला शांत हुआ। मौके पर स्थानीय लोगदर्जनो की संख्या में मौजूद थे।

## रामराज मंदिर चिटाही धाम में 04 फरवरी से आहुत यज्ञ को लेकर झरिया में हुई बैठक

**झरिया (धनबाद) :** तैलिक वैश्य बंधु समाज भवन झरिया में साहु समाज के प्रबुद्ध लोगों की बीच मंगलवार को बैठक हुई। जिसमें आगामी 4 फरवरी से 12 फरवरी तक रामराज मंदिर चिटाही धाम में होने वाली राम महायज्ञ के आयोजन हेतु कलश यात्रा, झांकी, प्रवचन, कवि सम्मेलन एवं संस्कृति कार्यक्रम में भाग लेने का निर्णय लिया गया। अरुण साव ने विस्तार पूर्वक सभी कार्यक्रम पर प्रकाश डाला और बताया कि कैसे हम सनातनियों के लिए यह एक विशेष आयोजन है इसलिए हमें सभी मोहल्ले में प्रचार प्रसार करना चाहिए एवं सभी को बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। और वहां उपस्थित सभी लोगों ने अपना-अपना विचार रखें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अखिल भारतीय तेली साहू सभा का जिला अध्यक्ष जगदीश साहू, देवी साव, अवधेश साव, श्रवन साव, सुनील साव, मनोज साव,अनुप साव, गोपाल साव, मनोहर साव, शिवराज साव, विश्वनाथ साव, संजय साव रवि साव, अरविंद साव, विनोद साव, सुरेन्द्र साव, मनोज कलाकार, पवन साव, वैनू साव, धर्मेंद्र साव एवं समाज के अनेकों गण मन लोगों उपस्थित थे।

## ड्यूटी के दौरान कर्मी की मौत, आन्दोलन के बाद आश्रित पुत्र को मिला नियोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अलकडीहा (धनबाद) :** बीसीसीएल के लोदना क्षेत्रीय अस्पताल जियलगोरा में वार्ड बॉय के पद पर कार्यरत 59 वर्षीय कर्मी राजेंद्र कुमार की केंद्रीय अस्पताल में इलाज के दौरान सोमवार की मृत्यु हो गई। मृतक के आश्रित को तत्काल नियोजन देने की मांग को लेकर मृतक के शव का नियोजन मिलने तक दाह संस्कार नहीं करने की चेतावनी देते हुए संयुक्त मोर्चा के समर्थकों ने जनता मजदूर संघ कुंती गुट के क्षेत्रीय सचिव अनिल सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को क्षेत्रीय कार्यालय में प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जमकर बवाल काटा। मामले में जीएम निर्झर चक्रवर्ती के हस्तक्षेप के बाद एपीएम डीके सिंह ने संघ के नेताओं से समझौता वार्ता कर मृतक के आश्रित बड़ा पुत्र राकेश कुमार को अस्थाई नियोजन देने सहित सभी बकाया भुगतान कराने के मुद्दे पर सहमति बनी है। मृतक के विधवा पत्नी संजू देवी सहित तीन पुत्र और एक दिव्यांग पुत्री है जिसका रो रोकर बुरा हाल है। मालूम हो कि 18 जनवरी को प्रथम पाली में ड्यूटी के दौरान मृतक राजेंद्र की तबीयत बिगड़ गई थी, जिसे बेहतर इलाज को तत्काल केन्द्रीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां कल उसकी मौत हो गई है। समझौता वार्ता में मोर्चा के जगदीश सिंह, श्यामबहादुर सिंह, बालकेसर रजक, ओमप्रकाश ओझा सहित मृतक की पत्नी और दोनों पुत्र आदि थे। क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक डीके सिंह के अनुसार मृतक राजेंद्र का ड्यूटी के दौरान तबियत बिगड़ने के बाद अस्पताल में मृत्यु हुई थी। कंपनी प्रावधान के तहत मृतक के आश्रित पुत्र को अस्थाई नियोजन दी गई है। दो महीने के अंदर नियोजन संबंधी सारी कागजात हर हाल में जमा करने के बाद स्थाई नियोजन की प्रक्रिया पूरी की जायेगी।

# खरखरी गोली कांड का अभियुक्त देशी लोडेड कट्टा के साथ गिरफ्तार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** खरखरी गोली कांड में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अभियुक्त शेख मोबिन को देशी लोडेड कट्टा के साथ गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी धनबाद जिले के मधुबन थाना क्षेत्र में हुई है। फिलहाल पुलिस गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। उक्त जानकारी मंगलवार को ट्रैफिक डीएसपी अरविंद कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता कर दी। पुलिस के अनुसार, शेख मोबिन पर आरोप है कि वह खरखरी गोली कांड में शामिल था और उसने अवैध हथियार का उपयोग किया था। पुलिस ने उसके पास से एक देशी लोडेड पिस्टल और चार जिंदा गोलियां बरामद की हैं। इस मामले में पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है और शेख मोबिन को गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी मधुबन थाना कांड सं0-14/25 में हुई है और अब तक कुल 19 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। पुलिस ने बताया कि शेख मोबिन की गिरफ्तारी के साथ ही खरखरी गोली कांड के मामले में एक बड़ी सफलता हासिल हुई है। पुलिस ने इस मामले में विशेष टीम गठित की थी और उसके द्वारा की गई सघन छापामारी के दौरान यह गिरफ्तारी हुई है।

## पाथरडीह थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न




**पाथरडीह (धनबाद) :** पाथरडीह थाना परिसर में गणतंत्र दिवस मनाने को लेकर को शांति समिति की एक बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता नये थाना प्रभारी अंशु कुमार तथा संचालन अवर निरीक्षक दिलीप तिवारी ने की। बैठक में क्षेत्र के ग्रामीण तथा गन्यमान्य लोग उपस्थित थे। इस दौरान नए थाना प्रभारी अंशु कुमार बारी बारी से सभी शांति समिति के सदस्यों से रूबरू हुए। वहीं, 76 वां गणतंत्र दिवस शांति सौहार्द से मनाने पर चर्चा हुई। और अपने थाना क्षेत्र के बारे में जानकारी ली। बैठक में उपस्थित शांति समिति के सदस्यो द्वारा अपना अपना परिचय देते हुए सभी ने नये प्रभारी की स्वागत किया। मौके पर सेल प्रशाशनिक अधिकारी हरेंद्र सिंह, सहायक अ वर निरीक्षक रामजी रवि, सुधीर सिंह, सैफुल्ला खान, सैदुल खान, मो अकबर, मिस्टर मुबारक, प्रेम निषाद, हैदर अली, अमर कुमार सिंह, मुन्ना सिंह, आदि उपस्थित थे।

सम्पादकीय.....

# क्या अमेरिका के मोदी साबित होंगे ट्रम्प?

**माननीय,** सम्माननीय डोनाल्ड ट्रम्प अब अमेरिका के नए राष्ट्रपति है। ट्रम्प महोदय के शपथ ग्रहण के बाद ये अटकलें लगना शुरू हो गयीं हैं कि वे आज नहीं तो कल अमेरिका के मोदी साबित होंगे, क्योंकि ट्रम्प और भारत के प्रधानमंत्री प्रातस्मरणीय माननीय श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी जीकी प्राथमिकताएं लगभग एक जैसी है। उनकी आक्रामकता ,उनकी सियासत में अदावती शैली मोदी जी की राजनीति से बहुत कुछ मेल खाती है। ट्रम्प के लिए अमेरिका के लिए कुछ नया दिखने का ये अंतिम अवसर है। अमेरिकी ट्रम्प को और मौका नहीं दे सकता। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने भाषण में कैच एंड रिलीज नीति को समाप्त करने का वादा करते हुए कहा कि वे दक्षिणी सीमा पर राष्ट्रीय आपातकाल घोषित करेंगे और लाखों अवैध अप्रवासियों को वापस भेजेंगे। कैच एंड रिलीज शब्द का इस्तेमाल अक्सर अप्रवासियों को अदालत की तारीख तक हिरासत में रखने के बजाय रिहा करने की नीति के लिए किया जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह एक विशिष्ट कानून या नीति नहीं है और अब आम प्रथा नहीं है, जिसे ट्रंप खत्म करने की बात कह रहे हैं। उनके आदेश का विवरण भी स्पष्ट नहीं है। भारत में भी अवैध प्रवासियों को लेकर मोदी सरकार लगातार जूझ रही है लेकिन भारत में अभी किसी भी सीमा पर आपातकाल की घोषणा नहीं की हई है। लेकिन ट्रम्प महोदय से प्रेरणा लेकर भारत में भी ऐसा कदम उठाया आ सकता है। कोई माने या न माने ट्रम्प और मोदी जी एक-दुसरे के ख्यालों [आइडियाज] की या तो नकल करते हैं या एक-दुसरे को प्रेरित करते हैं। दोनों की बातों में हवा -हवाई तत्व कॉमन है। ट्रंप ने पनामा नहर को वापस लेने का भी वादा करते हुए कहा कि इस नहर के निर्माण के दौरान 38,000 अमेरिकियों की मौत हुई और चीन नहर का संचालन कर रहा है। सच्चाई ये है कि अमेरिकी निर्माण में 5,600 लोगों की मौत हुई थी और ये कैरिबियन के मजदूर थे। पनामा नहर के प्रशासक ने ट्रंप के इस दावे का खंडन किया है कि चीन नहर का संचालन कर रहा है। उन्होंने कहा है कि इन बंदरगाहों पर काम कर रही चीनी कंपनियां हांगकांग के एक कंसोर्टियम का हिस्सा थीं, जिसने 1997 में बोली प्रक्रिया जीती थी। अमेरिकी और ताइवान की कंपनियां भी नहर के किनारे अन्य बंदरगाहों का संचालन कर रही हैं। मुमकिन है की भविष्य में भारत के प्रधानमंत्री जी भी चीन को आँखेंदीखते हुए चीन से भारत की हथियाई गयी जमीन पर अपना हक जताने लगें। डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका में मुद्रास्फीति रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची और ऐसा अत्यधिक खर्च और बढ़ती ऊर्जा कीमतों से हुआ है। ये बात सही है कि अमेरिका में मुद्रास्फीति 2022 की गर्मियों में 9.1 फीसदी के चार दशक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई थी लेकिन देश में सबसे अधिक मुद्रास्फीति दर जून 1920 में 23.7% थी। संयोग से ये सब भारत में भी हुआ है किन्तु मोदी जी को ये सुविधा हासिल नहीं है कि वे भारत में मुद्रास्फीति के लिए किसी और को जिम्मेदार ठहरा सकें, क्योंकि पिछले 11 साल से वे खुद ही सत्ता में हैं ,मोदी जी इसके एवज हमेशा नेहरू-गांधी परिवार को लपेटते रहते हैं। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ने खतरनाक अपराधियों को शरण और सुरक्षा दी है, जिनमें से कई जेलों और मानसिक स्वास्थ्य संस्थानों से अवैध रूप से अमेरिका में आए हैं। एक्सपर्ट इस दावे को ठीक नहीं मानते हैं। इनका कहना है कि कुछ अमेरिकी शहरों में अप्रवासियों की आमद हुई है लेकिन ज्यादातर कानूनी तौर पर, वर्क परमिट या अदालतों में उनके मामलों पर काम होने तक रहने के प्राधिकरण के साथ आए हैं। ज्यादातर रिसर्च ये बताती हैं कि अप्रवासी, अमेरिका में जन्मे लोगों की तुलना में अपराध करने की कम संभावना रखते हैं।

## ● किसने क्या कहा



सुरक्षा बलों को मिली सफलता नक्सलवाद को एक और करारा झटका

**अमित शाह**
**गृहमंत्री**

देश की आजादी से लेकर अब तक की डिबेट का संकलन हिन्दी-अंग्रेजी में प्रकाशित होगा

**ओम बिरला**
**लोकसभा अध्यक्ष**



# महाकुम्भ और वसुधैव कुटुंबकम्

**विशेष** डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

> सतयुग, त्रेता, द्वापर और कलियुग। इनकी चक्रीय व्यवस्था चलती है। अर्थात ये शाश्वत रूप से आते जाते हैं। इसकी पुनरावृत्ति होती रहती है। पृथ्वी के प्रादुर्भाव के एक अरब सत्तानबे करोड़ उनतीस लाख उनचास हजार एक सौ बाइस वर्ष हो चुके हैं। इस अवधि में एक पल का भी अंतर नहीं हुआ है। यह भारतीय वैज्ञानिक काल गणना की विशेषता है। इसकी बराबरी के विषय में दुनिया की अन्य काल गणना कल्पना भी नहीं कर सकती। ईसा पूर्व और ईसा बाद का प्रचलन तथ्य परक नहीं है। प्राचीन भारत के गुरुकुल अनुसन्धान के केंद्र हुआ करते थे। यह अवधारणा ही प्राकृतिक है। इसमें पिंड व ब्रह्मांड का भी विचार है। अंतर व बाह्य चेतना का परम् सत्ता से संबन्ध है। जो प्रत्यक्ष दिखता है, वही पूर्ण सत्य नहीं है। भारतीय काल गणना आधुनिक खगोल विज्ञान के लिए भी चमत्कार से कम नहीं।

**प्रयागराज** महाकुंभ की गूंज दुनिया में सुनाई दे रही है। बड़ी संख्या में विदेशी श्रद्धालु भी यहां अमृत स्नान के लिए पहुंच रहे है। उनकी आस्था भाव विह्वल करती है। उनको कुंभ और महाकुंभ आयोजन की काल गणना भी प्रभावित करती है। इस बार एक सौ चवालीस वर्ष बाद महाकुंभ का यह संयोग बना है। जब सूर्य मकर राशि में और गुरु वृषभ राशि में होते हैं तब प्रयागराज में महाकुंभ लगता है। हरिद्वार में कुंभ मेला तब लगता है, जब सूर्य मेष राशि में और गुरु कुंभ राशि में होते हैं। नासिक में कुंभ मेला तब लगता है, जब सूर्य और गुरु दोनों ही सिंह राशि में होते हैं। उज्जैन में कुंभ मेला तब लगता है,जब सूर्य मेष राशि में और गुरु सिंह राशि में होते हैं। स्पष्ट है कि कुंभ मेले का आयोजन किस स्थान पर कब होगा यह ग्रहों और राशियों पर निर्भर करता है। कुंभ मेले में सूर्य, चंद्र और गुरु ग्रहों का विशेष महत्व होता है। जब सूर्य और गुरु एक राशि से दूसरी राशि में प्रवेश करते हैं तभी कुंभ मेले का आयोजन होता है और इसी आधार पर स्थान और तिथि निर्धारित की जाती है। यह भारत की काल गणना और ज्योतिष शास्त्र का चमत्कार है। जिससे आज पूरी दुनिया प्रभावित हो रही है। दुनिया की सर्वाधिक प्राचीन व वैज्ञानिक काल गणना का अविष्कार भारत में हुआ था। इसमें समय के न्यूनतम अंश का भी समावेश है। प्रलय के बाद भी यह काल गणना निरन्तर जारी रहेगी, प्रासंगिक रहेगी। भारतीय काल गणना मेंग में परमाणु से लेकर कल्प तक का विचार है। इसलिए यह पूर्णतया वैज्ञानिक है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ही पृथ्वी माता का प्रादुर्भाव हुआ। इसी के साथ ब्रह्मा जी ने काल गणना का श्री गणेश किया था। भारतीय कालगणना में क्रमशः प्रहर, दिन-रात, पक्ष, अयन, संवत्सर, दिव्यवर्ष, मन्वन्तर, युग, कल्प और ब्रह्मा की गणना की जाती है। हमारे ऋषियों ने चक्रीय अवधारणा का सुंदर वर्णन किया। काल को कल्प, मन्वंतर, युग में विभाजित किया। चार युग बताए। सतयुग, त्रेता, द्वापर और कलियुग। इनकी चक्रीय व्यवस्था चलती है। अर्थात ये शाश्वत रूप से आते जाते हैं। इसकी पुनरावृत्ति होती रहती है। पृथ्वी के प्रादुर्भाव के एक अरब सत्तानबे करोड़ उनतीस लाख उनचास हजार एक सौ बाइस वर्ष हो चुके हैं। इस अवधि में एक पल का भी अंतर नहीं हुआ है। यह भारतीय वैज्ञानिक काल गणना की विशेषता है। इसकी बराबरी के विषय में दुनिया की अन्य काल गणना कल्पना भी नहीं कर सकती। ईसा पूर्व और ईसा बाद का प्रचलन तथ्य परक नहीं है। प्राचीन भारत के गुरुकुल अनुसन्धान के केंद्र हुआ करते थे। यह अवधारणा ही प्राकृतिक है। इसमें पिंड व ब्रह्मांड का भी विचार है। अंतर व बाह्य चेतना का परम् सत्ता से संबन्ध है। जो प्रत्यक्ष दिखता है,वही पूर्ण सत्य नहीं है। भारतीय काल गणना आधुनिक खगोल विज्ञान के लिए भी चमत्कार से कम नहीं। क्योंकि इसका अविष्कार उस समय हुआ था जब दुनिया में अन्यत्र शायद कोई सभ्यता नहीं थी। इसका आंकलन ईसापूर्व जैसी परिधि में संभव ही नहीं है। यह काल गणना पृथ्वी के प्रादुर्भाव से प्रारंभ होती है। यह शाश्वत है, चारों युग समाप्त होंगे, नए युगों का चक्र प्रारंभ होगा, लेकिन यह काल गणना तब भी इसी गति से चलती रहेगी। इसमें एक पल का भी अंतर नहीं आएगा। इसके लिए प्रकृति की समझना होगा। प्रकृति के निकट जाना पड़ेगा। जीवन शैली में उसी के अनुरूप परिवर्तन करना होगा। कर्म और प्रारब्ध या भाग्य का यह अविनाशी चक्र निरंतर चलता रहता है। ज्योतिष के मुताबिक, गुरु बृहस्पति को सभी राशियों का चक्र पूरा करने में बारह साल लगते हैं। इसी के अनुरूप कुंभ और महाकुंभ का क्रम संचालित होता है। ऐसे आयोजन भारत के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को भी सुदृढ़ करते है। सांस्कृतिक और उपासना पद्धतियों में अंतर होने के बाद भी एकता के सूत्र कायम रहते है। कुंभ एकता के अवसर भी प्रदान करते है।



# सर्दियों में हाथों की रूखी त्वचा की देखभाल

**गौरतलब** शहनाज हुसैन

> **हाथों** के अच्छी तरह सूखने से बैक्टीरिया और वायरस दोनों मर जाते हैं जबकि गीली त्वचा से इनके फैलने का खतरा बढ़ता है। इसके अलावा सिंगल यूज नैपकिन का प्रयोग करें क्योंकि एक ही कपड़े से बार-बार हाथ पोंछने से बैक्टीरिया के फैलने का खतरा बढ़ सकता है। हाथ सूखने के बाद त्वचा पर जैल या खुशबू रहित हैंड क्रीम उपयोग में लाएं या आप मॉइस्चराइजिंग मास्क भी अप्लाई कर सकते हैं।

**मौसम** कोई भी हो लेकिन हाथ दिन-रात काम करते हैं। हाथों की त्वचा मौसम की मार, धूल, साबुन, पानी को लगातार सहते हुए रूखी और बेजान हो जाती है। सर्दियों में यह समस्या सबसे ज्यादा गंभीर रूप धारण कर लेती है। गृहणी और कामकाजी दोनों महिलाओं के हाथ रोजाना के कामकाज के दौरान बार-बार साबुन और डिटर्जेंट के सम्पर्क में आते हैं। सर्दियों में हम जहाँ शरीर के बाकी हिस्सों को गर्म कपड़े, स्वेटर, शॉल आदि से ढंक कर रखते हैं लेकिन हमारे हाथ लगातार मौसम की मार झेलते हैं। इससे हमारे हाथ लाल, खुरदरे, सूखे, बेजान और मुरझाये दिखने लगते हैं। आप चाहे कामकाजी महिला हों या होम मेकर, आपके हाथ हर मौसम में सबसे ज्यादा खुले रहते हैं। इससे अन्य अंगों की बजाय हाथ सबसे ज्यादा सूखे होते हैं। सर्दियों में वातावरण में नमी और बर्फीली हवाओं से आपके हाथ शुष्क और खुरदरे हो जाते हैं। वातावरण में अचानक बदलाव से हाथों की त्वचा प्रभावित होती है। सर्द ऋतु की तेज बर्फीली हवाओं से त्वचा शुष्क होने के साथ हाथों का फटना भी शुरू हो जाता है। ऐसे में सवाल उठता है की इस ठन्डे मौसम में हाथों की बाहरी संवेदनशील त्वचा में जलन, खुजली, सूखापन, एक्जिमा, डर्मेटाइटिस आदि बीमारियों को कैसे रोका जाये। मेरा मानना है कि साबुन, केमिकल, डिटर्जेंट और अल्कोहल आधारित सेनिटाइजर का हाथों पर बार-बार प्रयोग करने से हाथों की ऊपरी त्वचा में प्रोटीन को नुकसान पहुँचेगा, जिससे हाथ लाल, खुरदरे, बेजान और मुरझाये दिखने लगते हैं। इनके ज्यादा प्रयोग से आपके हाथों में कट या घाव लग सकते हैं जिससे बैक्टीरिया हमारी त्वचा में प्रवेश कर सकता है, इससे ह्यएक्जिमाह्न जैसे रोग घर कर सकते हैं। आपके हाथों में झुनझुनी का अहसास हो सकता है और त्वचा फफोलेदार और पीड़ादायक हो सकती है। वास्तव में हाथों की पिछली ओर की त्वचा काफी पतली होती है तथा इसमें तैलीय ग्रन्थियों की कमी रहती है, जिसकी वजह से हाथों में झुर्रियां पड़ जाती हैं। हमारे हाथों की बाहरी परत की त्वचा वॉटरप्रूफ बैरियर की तरह काम करती है। यह परत समतल कोशिकाओं से बनी होती है जो त्वचा की सामान्य नमी बनाए रखते हुए त्वचा की बाहरी पदार्थों से रक्षा प्रदान करती है। जब हम हाथों को साबुन को झाग/सेनिटाइजर से बार-बार धोते हैं तो यह प्रकृतिक बैरियर टूट जाता है तथा हाथों की त्वचा को नुकसान पहुँचना शुरू हो जाता है।

## आज का इतिहास

- काहिरा पर तुर्की ने 1517 में कब्जा किया।
- बोस्टन एवं न्यूयॉर्क के बीच 1673 में डाक सेवा की शुरुआत हुई।
- 1760 में हुए वांदीवाश के युद्ध में अंग्रेजों ने फ्रांसिसियों को हराया।
- दक्षिणी सीरिया में 1837 में आये भूकंप से हजारों लोगों की जानें गयीं।
- रूस के सेंट पीट्सबर्ग में मजदूरों पर 1905 में गोलियां चलायी गयीं, जिसमें लगभग 600 से ज्यादा लोग मारे गये।
- रैमसे मैकडोनाल्ड 1924 में ब्रिटेन में लेबर पार्टी के पहले प्रधानमंत्री बने।
- देहरादून में दृष्टिहीनों के लिए 1963 में राष्ट्रीय पुस्तकालय की स्थापना हुई।
- पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में इस्पात कारखाना 1965 में शुरू हुआ।
- अपोलो 5 ने 1968 में पहले ल्यूनर मॉड्यूल के साथ अंतरिक्ष की ओर उड़ान भरी थी।
- बोइंग 747 का 1970 में लंदन एवं न्यूयॉर्क के बीच पहली व्यावसायिक उड़ान शुरू हुई।
- इस्तानबुल की पूरी आबादी को 1972 में 24 घंटे के लिए नजरबंद किया गया।
- अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने 1973 को गर्भपात को कानूनी मान्यता दे दी। कोर्ट ने अपने फैसले तहत महिलाओं गर्भवती होने के बाद 06 महीने के भीतर गर्भपात करा सकती हैं।
- नाइजीरिया मे 1973 में जॉर्डन एयरलाइंस का विमान दुर्घटनाग्रस्त, लगभग 200 यात्रियों की मृत्यु।
- रोनाल्ड रीगन का 1981 में संयुक्तराष्ट्र अमेरिका के 40वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण।
- 1992 में डॉ. रॉबर्टा बॉन्डर अंतरिक्ष में जाने वाली कनाडा की न्यूरोलॉजिस्ट और पहली महिला बनी।
- कैलीफोर्निया विश्वविद्यालय की वेधशाला के वैज्ञानिकों ने 1996 में पृथ्वी से लगभग 3,50,000 प्रकाश वर्ष की दूरी पर दो नये ग्रहों की खोज की।
- नासा के अंतरिक्ष यान पायनीयर 10 पृथ्वी से (सर्वाधिक दूर मानव निर्मित यान) 2003 में से अंतिम बार सम्पर्क स्थापित हुआ।

## अंकजाल - 7797

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 15 | 14 | 26 | 16 | 22 | ■ | 30 | 21 | ■ |
| 27 | 8 | | 2 | | 5 | ■ | 9 | | 11 |
| 32 | | 5 | | 7 | | ■ | | 2 | 10 |
| ■ | ■ | ■ | 2 | | 7 | | 3 | | 34 |
| 14 | | 5 | | ■ | | 7 | | 5 | 25 |
| 22 | 6 | | 3 | | ■ | | 2 | | 12 |
| 36 | | 3 | | 7 | | 8 | ■ | ■ | ■ |
| 13 | 5 | | ■ | | 6 | | 7 | | 28 |
| 11 | | 6 | ■ | 3 | | 7 | | 5 | 25 |
| ■ | 24 | 29 | ■ | 20 | 16 | 44 | 15 | 8 | ■ |

अंकजाल 7796 का हल

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 15 | 22 | 40 | 43 | ■ | ■ | 15 | 21 | ■ |
| 26 | 8 | 5 | 6 | 7 | ■ | 6 | 4 | 5 | 15 |
| 22 | 4 | 9 | 2 | 7 | ■ | 8 | 7 | 5 | 20 |
| ■ | 3 | 8 | 2 | 7 | 3 | 4 | 2 | 6 | 35 |
| ■ | ■ | ■ | 7 | 9 | 3 | 7 | 2 | 5 | 33 |
| 38 | 7 | 2 | 5 | 7 | 8 | 9 | ■ | ■ | ■ |
| 40 | 5 | 2 | 5 | 6 | 3 | 4 | 7 | 8 | ■ |
| 19 | 5 | 8 | 6 | ■ | 6 | 8 | 7 | 3 | 24 |
| 18 | 5 | 6 | 7 | ■ | 3 | 2 | 7 | 5 | 17 |
| ■ | 22 | 18 | ■ | ■ | 26 | 48 | 21 | 16 | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## क्या है कृष्णकर्म?

**ऐसा** कोई कार्य न करें जो कृष्ण से संबंधित न हो। कोई भले ही कितने ही कर्म क्यों न करे, किंतु उसे उनके फल के प्रति आसक्ति नहीं होनी चाहिए। यह फल तो कृष्ण को ही अर्पित किया जाना चाहिए। उदाहरणार्थ, यदि कोई व्यापार में मस्त है, तो उसे इस व्यापार को कृष्णभावनामृत में परिणत करने के लिए, कृष्ण को अर्पित करना होगा। यदि कृष्ण व्यापार के स्वामी हैं, तो इसका लाभ भी उन्हें ही मिलना चाहिए। यदि किसी व्यापारी के पास करोड़ों रुपए की संपत्ति हो और यदि वह इसे कृष्ण को अर्पित करना चाहे, तो वह ऐसा कर सकता है। यही कृष्णकर्म है। अपनी इंद्रियतृप्ति के लिए विशाल भवन न बनवाकर, वह कृष्ण के लिए सुंदर मंदिर बनवा सकता है, कृष्ण का अर्चाविग्रह स्थापित कर सकता है। यह सब कृष्णकर्म है। मनुष्य को अपने कर्मफल में लिप्त नहीं होना चाहिए, अपितु इसे कृष्ण को अर्पित करके बची हुई वस्तु को प्रसाद रूप में ग्रहण करना चाहिए। यदि कोई कृष्ण के लिए विशाल भवन बनवा देता है और उसमें कृष्ण का अर्चाविग्रह स्थापित कराता है, तो उसमें उसे रहने की मनाही नहीं होती, लेकिन कृष्ण को ही इस भवन का स्वामी मानना चाहिए। यही कृष्णभावनामृत है। किंतु यदि कोई कृष्ण के लिए मंदिर नहीं बनवा सकता तो वह कृष्ण-मंदिर की सफाई में तो लग सकता है, यह भी कृष्णकर्म है।

## सुविचार

स्वयं पर मूक विजय से ही वास्तविक महानता का उदय होता है।
**अज्ञात**

मनुष्य जितना ज्ञान में घुल गया हो, उतना ही कर्म के रंग में रंग जाता है।
**विनोबा भावे**

# स्क्रीन पर टिकतीं नजरें, पीछे छुपा खतरा : बच्चों का भविष्य कैसा?

**प्रो. आरके जैन**

**आज** के दौर में डिजिटल शिक्षा ने ज्ञान की पहुंच को सरल, व्यापक और तेज बना दिया है। तकनीकी प्रगति ने शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व क्रांति ला दी है, जिससे दूरस्थ शिक्षा और ऑनलाइन शिक्षण का मार्ग प्रशस्त हुआ है। लेकिन जहां इसके अनेक सकारात्मक पहलू हैं, वहीं इसके दुष्प्रभाव भी कम नहीं हैं। खासकर स्कूलों द्वारा ऑनलाइन होमवर्क और अधूरे पाठ्यक्रम के नोट्स साझा करने की प्रवृत्ति ने बच्चों को मोबाइल और तकनीकी उपकरणों पर अत्यधिक निर्भर बना दिया है। यह न केवल उनकी शैक्षणिक गुणवत्ता को प्रभावित कर रहा है, बल्कि उनके मानसिक स्वास्थ्य और शारीरिक विकास पर भी गहरी चोट पहुंचा रहा है।

डिजिटल शिक्षा की शुरूआत ने यह उम्मीद जगाई थी कि यह शिक्षा को अधिक प्रभावी, सुलभ और व्यावहारिक बनाएगी। परंतु वर्तमान परिदृश्य में इसके उपयोग ने इसकी मूल भावना को क्षीण कर दिया है। स्कूल और शिक्षक, बच्चों को ऑनलाइन माध्यमों के जरिए पढ़ाई का दिखावटी समाधान दे रहे हैं, जो उन्हें पूरी तरह मोबाइल और तकनीकी उपकरणों पर निर्भर बना रहा है। यह निर्भरता न केवल उनकी अध्ययन गुणवत्ता को सतही बना रही है, बल्कि उनके ज्ञान और एकाग्रता पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल रही है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर नोट्स और असाइनमेंट साझा करने का उद्देश्य बच्चों की सहायता करना था, लेकिन यह उन्हें पढ़ाई से भटकाकर गेम्स, सोशल मीडिया और मनोरंजन की ओर खींच रहा है। परिणामस्वरूप, बच्चे अध्ययन में गहराई से जुड़ने में असमर्थ हो रहे हैं और उनकी तार्किक क्षमता एवं बौद्धिक कौशल अवरुद्ध हो रहे हैं। परीक्षाओं के करीब होने के बावजूद अधिकांश स्कूल पाठ्यक्रम को केवल औपचारिकता के तहत पूरा करने में लगे हैं, जबकि गहन समझ और व्यावहारिक ज्ञान पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। यह प्रवृत्ति बच्चों को रटने तक सीमित कर रही है, जिससे उनका मानसिक विकास बाधित हो रहा है। शिक्षा का यह मॉडल बच्चों को केवल अच्छे अंक पाने के लिए प्रेरित कर रहा है, जबकि शिक्षा का असली उद्देश्य उन्हें जीवन के हर पहलू में सक्षम, तार्किक और स्वावलंबी बनाना है। मोबाइल और डिजिटल उपकरणों का अत्यधिक उपयोग बच्चों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर गहरा और चिंताजनक प्रभाव डाल रहा है। लंबे समय तक स्क्रीन के सामने बैठने से बच्चों को सिरदर्द, थकान और आँखों की समस्याएँ झेलनी पड़ रही हैं। उनकी शारीरिक गतिविधियाँ लगभग समाप्त हो गई हैं, जिससे उनका शारीरिक विकास ठहर सा गया है। इसके साथ ही, बच्चों का सामाजिक विकास भी प्रभावित हो रहा है, क्योंकि वे अपने साथियों और शिक्षकों के साथ प्रत्यक्ष संवाद करने से वंचित हो रहे हैं। यह कमी उनके आत्मविश्वास और सामूहिकता की भावना को कमजोर कर रही है। कभी शिक्षक, अभिभावक और छात्रों के बीच संवाद का पुल मानी जाने वाली स्कूल डायरी अब केवल नाममात्र की औपचारिकता बनकर रह गई है। इसका स्थान व्हाट्सऐप और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म्स ने ले लिया है। शिक्षक और अभिभावक डायरी में नोट लिखने के बजाय ऑनलाइन संदेश भेजकर अपनी जिम्मेदारियों की इतिश्री मान लेते हैं। इस परिवर्तन का परिणाम यह हुआ है कि बच्चे अपनी जिम्मेदारियों को समझने और आत्मनिर्भर बनने से दूर हो रहे हैं।

## राशिफल

**मेष** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है।

**तुला** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा।

**वृष** कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा।

**वृश्चिक** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

**मिथुन** अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। सुख आरोग्य प्रभावित होगा।

**धनु** नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें।

**कर्क** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धिए बल व पराक्रम सफल होगा।

**मकर** एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे, साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा।

**सिंह** स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे।

**कुंभ** सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है।

**कन्या** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**मीन** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं।

# कैसे वाजिब है 70-90 घंटे काम करना?

**गौरतलब** डॉ. सत्यवान सौरभ

> **लंबे** कार्य घंटों का महिमामंडन नहीं किया जाना चाहिए; इसके बजाय, टिकाऊ और कुशल कार्य अनुसूचियों पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए जो उत्पादकता और कर्मचारी कल्याण दोनों को बढ़ावा दें। संतुलित और प्रेरित कार्यबल बनाने के लिए समान वेतन संरचना और वास्तविक समावेशिता आवश्यक है। प्रणालीगत असमानताओं को पहचानना और उनका समाधान करना एक निष्पक्ष कार्य वातावरण को बढ़ावा दे सकता है। एक संपन्न कार्यबल व्यक्तिगत कल्याण और पारिवारिक जीवन के महत्त्व को स्वीकार करता है, तथा इन मूल्यों को कार्यस्थल संस्कृति में एकीकृत करता है।

**लार्सन** एंड टुब्रो (एलएंडटी) के चेयरमैन एसएन सुब्रह्मण्यन ने हाल ही में सुझाव दिया था कि प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए कर्मचारियों को रविवार सहित प्रति सप्ताह 90 घंटे तक काम करना चाहिए। ₹लालची नौकरियाँ₹ उन भूमिकाओं को संदर्भित करती हैं जो समय, ऊर्जा और प्रतिबद्धता के अनुपातहीन रूप से उच्च स्तर की माँग करती हैं, अक्सर उत्पादकता या परिणामों के बजाय लंबे समय तक काम करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत करती हैं। 'लालची नौकरियों' का लिंग समानता और कार्य-जीवन संतुलन पर प्रभाव के साथ करियर विकास पर प्रभाव पड़ता है। महिलाएं मुख्य रूप से घरेलू ज़िम्मेदारियाँ संभालती हैं, इसलिए वे लालची नौकरियों की माँग के अनुसार लंबे समय तक काम करने, देर रात तक मीटिंग करने और यात्रा करने में असमर्थ होती हैं। इसका परिणाम यह होता है कि नेतृत्व की भूमिकाएँ निभाने वाली महिलाओं की संख्या कम होती है, जिससे कार्यस्थल पर असमानताएँ बढ़ती हैं।

महिला श्रम शक्ति भागीदारी में वृद्धि के बावजूद, कार्यबल में हर 10 पुरुषों के लिए केवल 4 महिलाएँ हैं। यह महिलाओं द्वारा असमान रूप से उठाए जाने वाले अवैतनिक घरेलू कार्यभार से जुड़ा है, जो उनकी आर्थिक स्वतंत्रता के लिए प्रणालीगत बाधाएँ पैदा करता है। लंबे समय तक काम करने वाले कर्मचारियों, पुरुषों और महिलाओं दोनों को ही आराम करने के लिए पर्याप्त समय नहीं मिलता है, जिससे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य सम्बंधी समस्याएँ होती हैं। यह व्यक्तियों और संगठनों के लिए दीर्घकालिक रूप से टिकाऊ नहीं है। लालची नौकरियाँ परिवार के साथ बातचीत और देखभाल में भागीदारी को कम करती हैं, जिससे महिलाओं पर बोझ बढ़ता है। घरेलू कामों में पुरुषों का सीमित योगदान इस असंतुलन को बढ़ाता है।

नोबेल पुरस्कार विजेता क्लाउडिया गोल्डिन 'लालची' नौकरियों की पहचान उन भूमिकाओं के रूप में करती हैं, जिनमें पर्याप्त वेतन मिलता है, लेकिन लंबे समय तक काम करना पड़ता है, व्यापक नेटवर्किंग, देर रात तक बैठकें करनी पड़ती हैं और लगातार यात्रा करनी पड़ती है। ये भूमिकाएँ अक्सर व्यक्तियों को व्यक्तिगत और पारिवारिक जिम्मेदारियों से अलग कर देती हैं, तथा अन्य सभी चीजों से ऊपर पेशेवर प्रतिबद्धताओं को प्राथमिकता देती हैं। दोनों काम करने वाले परिवारों के लिए चुनौतियाँ: जिन परिवारों में दो कामकाजी माता-पिता होते हैं, उनमें बच्चों के पालन-पोषण की मांग के कारण आमतौर पर केवल एक ही 'लालची' नौकरी कर सकता है। दूसरे माता-पिता को द्वितीयक भूमिका में रखा जाता है, जिसे अक्सर 'मम्मी ट्रैक' के रूप में संदर्भित किया जाता है, जहाँ वे घरेलू और बच्चों की देखभाल की जिम्मेदारियों का प्रबंधन करते हैं, जैसे स्कूल की गतिविधियाँ, चिकित्सा आवश्यकताएँ और पाठ्येतर गतिविधियाँ। जबकि 'मम्मी ट्रैक' की भूमिका माता-पिता में से किसी एक द्वारा निभाई जा सकती है, सामाजिक मानदंड और अपेक्षाएँ अक्सर यह बोझ महिलाओं पर डालती हैं।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, **प्रबंध सम्पादक :** नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड):** विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक झलक

### मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत 104 आवेदकों को मिली मंजूरी

**लातेहार :** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में प्रखण्ड स्तर से सत्यापन के पश्चात प्राप्त कुल 130 आवेदनों को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समीक्षा के बाद समिति ने 104 आवेदनों को स्वीकृति प्रदान करते हुए मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत लाभान्वित करने का निर्णय लिया। बैठक में आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह, लातेहार विधायक प्रतिनिधि, मनिका विधायक प्रतिनिधि, जिला कल्याण पदाधिकारी अनिल कुमार समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### जन शिकायत निवारण में उपायुक्त ने सुनीं आमजनों की समस्याएं

**लातेहार :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया।जहां जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए फरियादियों ने अपनी अपनी समस्याओं को रखा। जिसे उपायुक्त ने क्रमवार तरीके से सभी की शिकायतों को सुनी एवं जल्द से जल्द जांच कराते हुए समाधान करने की बात कही। ज्ञात हो कि इस जन शिकायत निवारण में कुल 13 आवेदन प्राप्त हुए। जो मुख्य रूप से भूमि अधिग्रहण, नियोजन, पेंशन, मुआवजा आदि संबंधित थे। जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया गया।

### ट्रेन की चपेट में आकर व्यक्ति घायल

**मेदिनीनगर :** डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर बिडीएम पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आकर एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के लोटानिया गांव निवासी मकसूद अंसारी उम्र 45 वर्ष के रूप में की गयी है। जानकारी के अनुशार मकसूद अंसारी कुछ दिन पहले मेदिनीनगर अपने पत्नी के आंख का इलाज करवाने शहर के सदीक चौक स्थित सोनाक्षी नेत्रालय में आया था। आंख का इलाज करवा कर वह अपने पत्नी के साथ घर हुसैनाबाद जा रहा था।इसी बीच डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर ट्रेन पकड़ने के क्रम में अचानक वह ट्रेन के नीचे आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उसके बाद स्टेशन पर बैठे यात्रियों के द्वारा इस घटना की जानकारी आरपीएफ थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलने पर आरपीएफ थाना के पुलिस जवान महफूज खान और केएन उपाध्याय स्टेशन पर पहुंचकर घायल व्यक्ति मकसूद अंसारी को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के बाद भी चिकित्सको ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया है। वही घटना की जानकारी मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंचकर घायल को इलाज के लिए रांची रिम्स ले जाने की तैयारी में जुट गये हैं।

### अवैध खनन पर एसडीओ ने की कार्रवाई, चार ट्रैक्टर जब्त

**पलामू :** पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र के पोची स्थित औरंगा नदी से अवैध रूप से बालू का उठाव करते चार ट्रैक्टर जब्त किये गये है। सदर एसडीओ सुलोचना मीणा ने गुप्त सूचना पर मेदिनीनगर से स्पेशल फोर्स ले जाकर सभी ट्रैक्टरों को पकड़ा। सतबरवा थाना में सारे ट्रैक्टरों को लगाया गया है। इस संबंध में खनन विभाग को कार्रवाई के लिए जानकारी दी गयी है। जब्त टैक्टरों में दो ट्रैक्टर डालटनगंज विधायक के सतबरवा प्रखंड प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा का है, जबकि एक ट्रैक्टर कांग्रेस कार्यकर्ता दीपक चन्द्रवंशी एवं एक वीरेन्द्र कुशवाहा का बताया गया है। कार्रवाई के क्रम में विधायक प्रतिनिधि के जरिये एसडीओ की बात विधायक से कराने का प्रयास करने पर अनुमंडल पदाधिकारी काफी नाराज हुई।

## जिला उपायुक्त ने जन शिकायत निवारण दिवस में सुनीं नागरिकों की समस्याएं

# समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** चंदाली स्थित समाहरणालय सभागार में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया, जहां जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लगभग 50 नागरिकों ने उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी से मुलाकात कर अपनी शिकायतें प्रस्तुत कीं। उपायुक्त ने प्रत्येक नागरिक की समस्या को ध्यानपूर्वक सुना और त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। सिसई प्रखंड की शिलावती देवी ने अपने बेटे की हत्या के मामले में न्यायालय के निर्णय और जांच प्रक्रिया पर असंतोष व्यक्त किया। उपायुक्त ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला न्यायालय और पुलिस अधीक्षक गुमला को पत्र अग्रसारित किया और पुनः जांच कर महिला को न्याय दिलाने का आग्रह किया। रायडीह प्रखंड के उपरखटंगा ग्राम के निवासियों ने लालमाटी और सोकरहातु के बीच सड़क निर्माण की प्रक्रिया में बाधा की शिकायत की। ग्रामीणों ने बताया कि पहले सर्वे किया गया था, लेकिन अब निर्माण न होने की सूचना मिल रही है। इस पर उपायुक्त ने आर ई ओ ,विभाग को पत्र भेजते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। कोबजा पंचायत के ग्रामीणों ने पंचायत स्वयंसेवक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया गया कि अबुआ आवास योजना में नाम जोड़ने के लिए पैसे मांगे जा रहे हैं। इस पर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारी को मामले की जांच कर कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए। आर एस ई टी आईसे प्रशिक्षण प्राप्त कुछ नागरिकों ने सुकर पालन के लिए सहायता की मांग की। उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को नियमानुसार सहायता प्रदान करने और उनके रोजगार को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, निजी समस्याओं, आवास निर्माण, जमीन विवाद, आंगनवाड़ी केंद्र निर्माण, सड़क और पेयजल संबंधित शिकायतें भी प्राप्त हुईं। उपायुक्त ने सभी शिकायतकताओं को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। जन शिकायत निवारण दिवस के इस आयोजन में उपायुक्त ने नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए जनहित में त्वरित कार्रवाई की प्रतिबद्धता दोहराई।

### किशुनपुर में डायन कुप्रथा व सामाजिक अंधविश्वास के खिलाफ जागरूकता अभियान



**मेदिनीनगर :** किशुनपुर ओपी अंतर्गत डायन कुप्रथा को समाप्त करने और समाज में व्याप्त अंधविश्वास के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में किशुनपुर के सामाजिक कार्यकर्ताओं और युवाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। जागरूकता अभियान किशुनपुर के मुख्य स्थानों, किशुनपुर मध्य विद्यालय और किशुनपुर हाईस्कूल में आयोजित किया गया। इसमें बच्चों और स्थानीय समुदाय को डायन कुप्रथा जैसी घातक प्रथाओं के सामाजिक और कानूनी दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को डायन प्रथा को खत्म करने के लिए बनाए गए सख्त कानूनों की जानकारी दी गयी। उन्हें यह भी बताया गया कि ऐसी प्रथाओं से जुड़ी घटनाओं को रोकने और प्रभावित व्यक्तियों की सुरक्षा के लिए कानून का सहारा कैसे लिया जा सकता है। इस अभियान का उद्देश्य समाज को जागरूक बनाना और ऐसे कुप्रथाओं के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाने की प्रेरणा देना था।

## शैक्षणिक अराजकता व बुनियादी समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा पलामू जिला अंतर्गत जनता शिवरात्रि महाविद्यालय इकाई के कार्यकर्ताओं ने महाविद्यालय में व्याप्त शैक्षणिक अराजकता और बुनियादी समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर कॉलेज अध्यक्ष आकाश वर्मा के नेतृत्व में प्राचार्य को ज्ञापन के माध्यम से परिषद के कार्यकताओं ने ध्यान आकृष करते हुए कहा कि महाविद्यालय प्रशासन के द्वारा गर्ल्स कॉमन रूम बनाया जाए। महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों का कॉलेज आईडी कार्ड बनवाया जाए। व सभी विद्यार्थियों का 75% अटेंडेंस कंपलसरी किया जाए और साथ में ही क्लास रूटीन भी प्रकाशित किया जाए। सेमेस्टर 3 सत्र 22/26 वाले विद्यार्थियों और सेमेस्टर 2 सत्र 23/27 वाले विद्यार्थियों का आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा जल्द से जल्द लिया जाए। साथ ही महाविद्यालय में शौचालय की साफ सफाई करवाई जाए। बीबीए, एमबीए एवं एमकॉम के शिक्षको और सभी स्टाफ के लिए 7 दिनों के भीतर बायोमेट्रिक उपस्थित की व्यवस्था की जाए। इस अवसर पर मदीनीनगर नगर के कार्यालय मंत्री उत्कर्ष तिवारी जी ने कहा कि परिषद ने इन समस्याओं का समाधान तत्काल करने की मांग की है परिषद के कार्यकताओं ने चेतावनी दी है।

## समावेशी शिक्षा पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

# समावेशी शिक्षा के महत्व पर डाला प्रकाश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**




**गुमला :** झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला द्वारा जिला मुख्यालय स्थित नगर भवन में समावेशी शिक्षा के अंतर्गत एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई, जिसमें जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी प्रियश्री भगत और अन्य गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया। अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ और मोमेंटो देकर किया गया। कार्यशाला में झारखंड शिक्षा परियोजना के समावेशी शिक्षा प्रभाग की प्रभारी डॉ. मीतू सिन्हा ने समावेशी शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सभी प्रकार के दिव्यांग बच्चों को सामान्य बच्चों के साथ समावेशी तरीके से शिक्षा प्रदान करना आवश्यक है। कार्यशाला के दौरान दिव्यांगता के विभिन्न प्रकारों और ऐसे बच्चों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्रेजेंटेशन के माध्यम से दी गई। चर्चा सत्र में शिक्षक उदय कुमार, अरविंद तिवारी, सुंदरम भारद्वाज और बीपीओ पुष्पा टोप्पो ने सक्रिय भागीदारी की। मंच संचालन श्री ओमप्रकाश दास द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधीक्षक और क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी के अलावा जिले के सभी बीईईओ, एपीओ, बीपीओ, बीआरपी, डायट के संकाय सदस्य, समावेशी शिक्षा में कार्यरत थेरेपिस्ट, रिसोर्स शिक्षक तथा गुमला, सिसई, भरनो और रायडीह प्रखंडों के प्राथमिक शिक्षक उपस्थित थे।

## धनबाद जिले में फाउंडेशन ने चलाया सहायता अभियान कार्यक्रम : मुमताज अली

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** धनबाद की सरजमी पे फाउंडेशन ने चलाया सहायता अभियान गड़बो के बीच सहायता सामग्री वितरण कार्यक्रम का आगाज इस अवसर पे फाउंडेशन के चीफ मुमताज अली ने कहा कि आजादी के 77 वर्षों बाद भी आम इंसानों को रोजी रोटी कपड़ा और मकान के लिए सड़को पे भटकना पर रहा है आजादी आज भी अधूरा है फाउंडेशन के चीफ मुमताज अली धनबाद जिले के कतरास लोयाबाद में गरीबों क जीबीमजोरो बेसहारों के बीच सीलाई मशीन विकलांग को साइकिल और गरीब बच्चों को किताब कलम कॉपी स्कूल ड्रेस वितरण सेमिनार में बोल रहे थे उन्होंने कहा कि मुल्क की आजादी के लिए जिनके खानदान के लहू जमी पे गिरा आज उसी का लहू मायूसी की जिंदगी जीने को मजबूर है और जिनके खानदान अंग्रेजो के तलवे चांट रहे थे उनके लहू आज दौलत के गोद में खेल रहे है मुमताज अली ने कहा कि मुल्क में दो तरह के रिवाज और



चलन कायम कर दी गई है एक घराना यैसा है जिनके घर रौशनी से जगमगा रहा है दूसरा घराना आज भी अंधेरे में जीने को मजबूर है जिसे हुकूमत भी आज बेसहारा और लाचार कर दिया है अगर यही सिलसिला चलता रहा।

## गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन को लेकर उप विकास आयुक्त ने की समीक्षात्मक बैठक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** गणतंत्र दिवस समारोह के सफल आयोजन को लेकर उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर समाहर्ता गुमला, जिला नजारत उप समाहर्ता, जिला खेल पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, जिला निर्वाचन पदाधिकारी, सहित अन्य विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त ने आगामी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाने की बात कही। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभागीय पदाधिकारी कार्यक्रम की तैयारी हेतु सौंपी जा रहे कार्यों को समय पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे। गणतंत्र दिवस के अवसर पर पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी मुख्य समारोह स्थल पर सभी विभाग के तरफ से झांकी प्रस्तुत किए जाएंगे इसके निमित सभी विभाग अपने तैयारियां ससमय पूर्ण कर लेंगे। इस दौरान आगामी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन को लेकर बिंदुवार चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। मुख्य समारोह स्थल की साफ-सफाई, समारोह स्थल पर पेयजल एवं चलंत शौचालय की व्यवस्था हेतु निर्देशित किया गया। मुख्य समारोह स्थल तथा शहर के मुख्य चौक-चराह साफ-सफाई तथा सजो-सज्जा संबंधित कार्यों के लिए निदेशित किया गया।

## 30 से 14 फरवरी तक चलाया जायेगा कुष्ठ जागरूकता व कुष्ठ रोग खोज अभियान

**मेदिनीनगर :** उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में मंगलवार को स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान 2025 एवं कुष्ठ रोग खोज अभियान (द्वितीय चक्र) के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन को लेकर बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उप विकास आयुक्त अहमद ने गांव स्तर पर ग्रामगोष्ठी का आयोजन करने,आंगनबाड़ी, स्कूलों व स्वास्थ्य केंद्रों में शपथ दिलाने एवं कुष्ठ रोग के प्रति लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। वहीं सिविल सर्जन डॉ अनिल ने कहा कि 30 जनवरी से 14 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता एवं कुष्ठ रोग खोज अभियान के दौरान जिन-जिन गांवों में विगत 5 वर्षों के अंदर एक भी कुष्ठ के रोगी मिले हैं वहां सहिया एवं पुरुष स्वयंसेवक द्वारा घर-घर जाकर लोगों की शारीरिक जांच की जाएगी एवं उन्हें कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक किया जाएगा। अभियान के दौरान लोगों को बताया जाएगा कि यह रोग न अभिशाप है न पुश्तैनी रोग है। इलाज करने से इस रोग से निजात मिल जाती है।दवाईयों का खुराक नियमित रूप से करने से यह रोग पूर्ण रूप से ठीक हो सकता है। उपचार एवं इसकी दवा सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में निःशुल्क दी जाती है।

## 100 दिन टीबी मुक्त अभियान पर जनप्रतिनिधि व प्रशासन ने लिया टीबी उन्मूलन का संकल्प

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चैनपुर :** चैनपुर प्रखंड कार्यालय सभागार में 100 दिन टीबी मुक्त अभियान को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने की, जिसमें जनप्रतिनिधियों और प्रखंड प्रशासनिक अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी ने संकल्प लिया कि वे अपने परिवार, गांव, पंचायत, और जिले से टीबी को पूरी तरह समाप्त करने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. धर्मनाथ ठाकुर, जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा, चैनपुर मुखिया शोभा देवी,



बेंदोरा मुखिया सुशील दीपक मिंज, बीपीएम अब्दुल सलीम सहित बड़ी संख्या में अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक के दौरान जिला यक्ष्मा केंद्र के चैनपुर प्रखंड के एसटीएस रणधीर ने सरकार द्वारा टीबी उन्मूलन के तहत चलाए जा रहे प्रयासों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सभी को प्रधानमंत्री पोषण निक्षय मित्र बनने और अभियान को सफल बनाने में सहयोग देने का आग्रह किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने टीबी उन्मूलन के लिए एसटीएस टीम की सराहना करते हुए सभी से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।

## चोरी की घटनाओं का उद्भेदन नहीं होने पर व्यवसायी वर्ग में नाराजगी, आज प्रतिष्ठानों को बंद रखने का लिया निर्णय

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरवाडीह/लातेहार :** बरवाडीह के बाजार शेड में व्यवसायी संघ की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष दीपक राज ने की। बैठक में बाजार से जुड़े कई प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में बरवाडीह बाजार में हाल ही में हुई दो ज्वैलरी दुकानों में चोरी की घटनाओं का अब तक उद्भेदन न होने और स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा अपेक्षित सहयोग न मिलने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की गई। व्यापारियों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि बुधवार को पूरे बाजार में सामूहिक रूप से दुकानें बंद रखी जाएंगी। बैठक में व्यवसायिक संघ के उपाध्यक्ष स्वरित छाबड़ा, राजीव कुमार, बिरेंद्र ठाकुर, मनोज सोनी, सतीश प्रसाद, मदन प्रसाद, मुमताज, फिरोज अहमद, विनोद ठाकुर, गुलाम असगर, इम्तियाज अहमद, विशाल कुमार, पवन सोनी, विशाल अग्रवाल, अखिलेश सिंह, फिरोज सिद्दीकी और मुकेश कुमार समेत कई अन्य व्यापारी उपस्थित रहे। सभी व्यापारियों ने एक स्वर में कहा कि बाजार बंद करके प्रशासन को ठोस कार्रवाई के लिए बाध्य किया जाएगा। वहीं अध्यक्ष दीपक राज ने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा और उनके हितों की रक्षा करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। चोरी की घटनाओं का खुलासा न होने और सुरक्षा के प्रति प्रशासनिक उदासीनता से व्यापारी वर्ग में असुरक्षा और नाराजगी का माहौल है।

## डुरूआ फायरिंग व चाकूबाजी मामले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** सदर थाना के रेलवे स्टेशन स्थित डुरूआ क्षेत्र में सोमवार को हुए फायरिंग और चाकूबाजी मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस सिलसिले में पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने मंगलवार को प्रेस वार्ता आयोजित कर विस्तृत जानकारी दी । एसपी ने बताया कि इस मामले के उद्भेदन के लिए एसडीपीओ के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम ने तत्परता दिखाते हुए मुख्य आरोपी सागर शर्मा को बालूमाथ थाना क्षेत्र के मकईयाटांड से गिरफ्तार कर लिया। बताया कि डुरूआ निवासी सदाकत अंसारी और रमेश शर्मा के बीच जमीन विवाद इस हिंसक घटना का कारण बना। पुलिस के अनुसार, रमेश शर्मा, उनकी पत्नी मूर्ति देवी और उनके पुत्र सागर शर्मा ने सदाकत अंसारी पर कुल्हाड़ी और चाकू से जानलेवा हमला किया।

## सड़क सुरक्षा माह के तहत विभिन्न स्कूलों ने निकाली प्रभात फेरी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** सड़क सुरक्षा माह के 21वें दिन जिले में छात्र-छात्राओं के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न स्कूलों के के द्वारा विशेष प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत जिला मुख्यालय से हुई, जहां छात्रों ने 'सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा' जैसे नारों के साथ पूरे शहर में रैली निकाली। तख्तियों और बैनरों पर लिखे संदेशों ने लोगों को यातायात नियमों का पालन करने की प्रेरणा दी। इस मौके पर जिला प्रशासन, पुलिस विभाग और शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने भी महत्वपूर्ण भागीदारी दिखाई। उन्होंने बच्चों को सड़क सुरक्षा के बुनियादी नियम जैसे हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग, सड़क पार करने के सही तरीके और गति सीमा के महत्व के बारे में जानकारी दी। वहीं जिला



परिवहन कार्यालय के कर्मियों ने कहा, 'सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। हमें आने वाली पीढ़ी को यह समझाने की जरूरत है कि छोटे-छोटे प्रयास हमारे जीवन को सुरक्षित बना सकते हैं।

# मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत 13 लाभुकों को अनुदान राशि प्रदान करने का अनुमोदन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत अनुदान राशि हेतु प्राप्त आवेदनों को प्रस्तुत किया गया। आवेदनों की समीक्षा के उपरांत कुल 13 आवेदनों का अनुमोदन किया गया।बैठक में अनुसूचित जनजाति के 06 तथा पिछड़ी जाति के 07 आवेदकों को मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना का लाभ देने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया। अनुमोदित 13 आवेदनों में से 3 कैंसर पीड़ित मरीजों के आवेदन हैं।ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत लाभ के लिए राष्ट्रीय खाद्यान सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत झारखंड राज्य में




निवासरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग के पूर्वविक्ता प्राप्त गृहस्थ परिवार राशन कार्डधारी, अंत्योदय राशन कार्डधारी, हरा कार्डधारी योग्य होंगे।

### आवेदन करने की प्रक्रिया

**अनसूचित** जनजाति, अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग के आवेदक आनलाइन निर्गत जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह सिविल सर्जन/प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा निर्गत बीमारी से संबंधित प्रमाण पत्र, प्रतिवेदन या अभिप्रमाणित दस्तावेज, आधार कार्ड व बैंक पासबुक की छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न कर देना होगा।आवेदक अपना आवेदन प्रखंड कार्यालय, सिविल सर्जन, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र, जिला कल्याण पदाधिकारी अथवा परियोजना निदेशक आईटीडीए के कार्यालय में समर्पित कर सकते हैं।

### वयस्क लाभुकों को इस योजना के तहत निम्नवत राशि प्रदान की जायेगी

**किसी** भी तरह की बीमारी अथवा शल्य चिकित्सा बीमारी, अस्पताल में इलाज की अवधि सात दिनों से कम तो 3000 व सात दिनों से अधिक होने पर लाभुक को 5000 की राशि देय होगी। इसके अलावा कैंसर से पीड़ित होने पर लाभुक को 25000 रुपये मिलेंगे।

### अवयस्क लाभुकों को निम्नवत राशि प्रदान की जायेगी

**किसी** भी तरह की बीमारी अथवा शल्य चिकित्सा बीमारी/अस्पताल में इलाज की अवधि सात दिनों से कम पर 1500 रुपये व सात दिनों से अधिक होने पर लाभुक को 2500 की राशि मिलेगी। व कैंसर से पीड़ित को 15000 हजार रुपये देय होंगे। बैठक में आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, सिविल सर्जन डॉ. अवधेश कुमार सिंह, लातेहार विधायक प्रतिनिधि, मनिका विधायक प्रतिनिधि, जिला कल्याण पदाधिकारी अनिल कुमार समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### बनवारी साहू महाविद्यालय में इग्नू पाठ्यक्रमों में नामांकन 31 जनवरी तक



**लातेहार :** बनवारी साहू महाविद्यालय स्थित इग्नू शिक्षार्थ सेवा केंद्र 3 में स्नातक, परास्नातक, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स जैसे विभिन्न पाठ्यक्रमों में नामांकन प्रक्रिया जारी है। इस संबंध में जानकारी देते हुए केंद्र के कोऑर्डिनेटर प्रोफेसर शत्रुघ्न मेहता ने बताया कि नामांकन की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2025 निर्धारित की गई है।प्रोफेसर मेहता ने कहा कि इग्नू द्वारा संचालित ये पाठ्यक्रम छात्रों और कामकाजी पेशेवरों के लिए विशेष रूप से उपयोगी हैं, जो उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं लेकिन नियमित कक्षाओं में भाग लेने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि इग्नू के माध्यम से छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विभिन्न विषयों में विशेषज्ञता हासिल करने का अवसर मिलता है। महाविद्यालय में उपलब्ध पाठ्यक्रमों में विज्ञान, वाणिज्य, कला, प्रबंधन, शिक्षा और कंप्यूटर जैसे विविध क्षेत्र शामिल हैं।

## एक झलक

### बाइक अनियंत्रित होकर पलटने से दो लोग गम्भीर

**भवनाथपुर** : भवनाथपुर श्री बंशीधर नगर मुख्य पथ के कड़ियां धाम के समीप बीती रात्रि एक बाइक अनियंत्रित होकर पलटने से उस पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को भवनाथपुर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. दिनेश सिंह के द्वारा अपने निजी वाहन से भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार करने के बाद दोनों घायलों को 108 एंबुलेंस से रेफर कर दिया गया परंतु गढ़वा जाने के दरम्यान एक व्यक्ति श्याम राज भुइंया पिता त्रिभुवन कुमारा की मौत हो गयी। घायल में भानु राम पिता सुमेर राम कुपा का इलाज चल रहा है। घटना की सुचना मिलने पर थाना के एसआई परवेज आलम नें अस्पताल पहुंच कर जानकारी ली और बाईक को जब्त कर थाना लेंगे।

### चाईबासा में 21 आईईडी व 55 पीस जिलेटिन बरामद

**पश्चिमी सिंहभूम** : पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में पुलिस और सुरक्षाबलों ने मंगलवार को नक्सलियों के खिलाफ सर्च अभियान के दौरान 21 आईईडी बम बरामद किया है। एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि पोड़ाहाट क्षेत्र में सूचना के आधार पर अभियान संचालित किया जा रहा था। इस दौरान कराईकेला थाना क्षेत्र के सेरेंगदा गांव के कुचा टोला के जंगली-पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से नक्सलियों के जरिये लगाए गए 21 आईईडी बरामद किया गया। एसपी ने बताया कि बम निरोधक दस्ता की सहायता से आईईडी को डिफ्यूज कर दिया गया। साथ ही एक पुराने नक्सली डम्प को सुरक्षा बलों के जरिये ध्वस्त किया गया। नक्सली डम्प से दो किलो के 12 आईईडी, एक किलो के नौ आईईडी और 55 पीस जिलेटिन की स्टीक बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि नक्सलियों के खिलाफ लगातार क्षेत्र में अभियान चलाया जा रहा है।

### सुंदरनगर के थानेदार बनाये गये पवन ठाकुर

**जमशेदपुर** : सुंदरनगर का नया थाना प्रभारी एसआई पवन ठाकुर को बनाया गया है। सुंदरनगर में इसके पहले शंकर कुशवाहा थाना प्रभारी थे। वे ट्रेनिंग में चले गए हैं। उनके स्थान पर ही बागबेड़ा थाने में सेवा दे रहे एसआई को सुंदरनगर का नया प्रभारी बनाया गया है। पवन ठाकुर ने थाने में प्रभार लेते ही अपने मातहत के साथ बैठक की। साथ में पूरे थाना क्षेत्र की भी जानकारी ली। पूर्व में हुए मुख्य मामलों की भी जानकारी ली। उनके प्रभार संभालने के साथ ही थाना क्षेत्र के लोग उन्हें बधाई देने भी पहुंच रहे हैं। नये थाना प्रभारी ने प्रभार लेते ही थाना क्षेत्र में विधि-व्यवस्था दुरूस्त करने का आश्वासन लोगों को दिया है। साथ ही लोगों से भी सहयोग देने की अपील की है। किसी तरह की भी शिकायत लोग सीधे थाना प्रभारी से कर सकते हैं।

### सड़क सुरक्षा को लेकर निकली जागरूकता रैली

**सरायकेला** : सड़क सुरक्षा को लेकर चल रहे जागरूकता अभियान के दौरान मंगलवार को एन आर प्लस टू उच्च विद्यालय के छात्रों ने विद्यालय परिसर से जागरूकता रैली निकाली। कार्यक्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी गिरजा शंकर महतो मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहें।

## डीसी ने जनता दरबार में सुनीं समस्याएं

# 60 फीसदी समस्याओं का हुआ समाधान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**जमशेदपुर** : जिले के डीसी अनन्य मित्तल ने मंगलवार को जनता दरबार में आम लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुनी तथा समयबद्ध कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया। इस दौरान 60 फरियादियों ने व्यक्तिगत व सामाजिक मुद्दों को रखा। इसपर उन्होंने यथोचित कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया।



**लोगों ने इन मांगों को रखा**

**फरियादियों** ने भूमि अधिग्रहण का भुगतान, मंइयां सम्मान राशि के भुगतान में समस्या, शिक्षा ऋण, अवैध शराब बिक्री की शिकायत, पंचायत में विकास कार्यों से संबंधित, स्कूल संबंधी शिकायत, निजी विद्यालय में नामांकन, अपना बाजार दुकान आवंटन, जनगणना के संबंध में, नौकरी की मांग, दिव्यांगता प्रमाण पत्र व पेंशन समेत सामाजिक विषयों पर ज्ञापन समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं व समस्याओं को लेकर उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराया।

**समय पर जांच कर करें कार्रवाई**

**डीसी** ने कई आवेदनों का ऑन द स्पॉट समाधान भी किया गया। आवेदनों को संबंधित विभागीय पदाधिकारी को अग्रसारित कर समयबद्ध कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया। डीसी ने पदाधिकारियों को निर्देशित किया की प्रखंड कार्यालय के साथ-साथ अन्य सम्बन्धित विभागों से समन्वय स्थापित कर जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों का जांचोंपरान्त समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

## सभी रूट में चलनेवाली ऑटो चांदनी चौक स्थित हाई स्कूल मैदान से खुलेगी

# सड़क पर ऑटो खड़ी नहीं होगी : अंचल अधिकारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : अंचल अधिकारी आशीष कुमार मंडल एवं थानेदार तरुण कुमार ने घाघरा के दुकानदारों के साथ थाना परिषर में बैठक की। बैठक में सीओ श्री मंडल ने दुकानदारों को एक कमिटी बनाने का निर्देश दिया। जो बैठक में प्राप्त निर्देश बहाल करने को लेकर उत्तरदायी होंगे एवं कमिटी की बात सभी दुकानदार मानेंगे। उन्होंने दुकानदारों को खुद अतिक्रमण हटाने, दुकान का सामान दुकान से बाहर न करने का दिशा निर्देश दी। इसका उल्लंघन करने वाले दुकानदार का सामान यदि दुकान से बाहर रख सुगम यातायात को प्रभावित करते हैं तो उनका बाहर रखे सामान को सीज कर फाइन काटा जाएगा। सभी रूट में चलने वाले टेम्पू चाहे वो लोहरदगा, गुमला, पुटो या बिशुनपुर की ओर जाती हो सभी ऑटो चांदनी चौक स्थित हाई स्कूल मैदान से खुलेंगी और सड़कों पर अनावश्यक ऑटो को खड़ा नही किया जाएगा। गुमला रोड ढ़लान पर बस का ठहराव होगा इसे लेकर बस स्टॉप का बोर्ड लगाने की बात अंचलाधिकारी ने कही। घरों का पानी सड़कों पर कतई नही बहना चाहिए इसे लेकर सीओ आशीष कुमार मंडल ने सोखता की ब्यवस्था करने की बात कही इसका उल्लंघन करने वालों पर दंडात्मक कारवाई किये जाने की बात सीओ ने कही। सुरक्षा की बात पर उन्होंने दुकानदारों को निर्देश दिया कि दो अतिरिक्त कैमरा लगावें ताकि दुकान के अलावे बाहर का फिगर दिखाई दे।



# मंईयां सम्मान योजना के तहत पेंशन से वंचित प्रखंड कार्यालय के चक्कर काट रही हैं महिलाएं



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भवनाथपुर** : झारखंड सरकार द्वारा महिलाओं की हित में चलाई जा रही अतिमहत्वाकांक्षी मईया सम्मान योजना के तहत मिलने वाली पेंशन की राशि से प्रखंड के कई महिलाएं वंचित है। मंईयां सम्मान का फार्म भरने तथा संबंधित कर्मियों की सत्यापन के बाद योजना की पात्रता रखने वाली महिला लाभुक पेंशन की राशि मिलने की आस लिए पिछले पांच माह से प्रखंड कार्यालय के चक्कर काट रही है। मंगलवार को कैलान पंचायत के नीलम देवी, सरिता देवी, नीलम देवी, रजवंती कुमारी, रजवंती देवी, गीता देवी, सोनांचल देवी, कलवंती देवी, ममता कुमारी, शोभा देवी सहित दो दर्जन से अधिक महिला लाभुको ने प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रामप्रताप यादव से पेंशन की राशि दिलाने की गुहार लगायी। महिलाओं ने बताई कि हमसभी अगस्त माह में ही मंईयां सम्मान योजना का फार्म भरकर प्रखंड कार्यायल में जमा कर चुके है, लेकिन योजना की पहली किस्त तो क्या पिछले छः माह के दौरान हमसभी के बैंक खाते में एक रुपया भी नहीं डाला गया है। कहा कि मंईयां सम्मान पाने के लिए पिछले कई माह से ब्लॉक की चक्कर लगा रहे है, लेकिन कार्यालय के ऑपरेटर द्वारा योजना स्वीकृत होने तथा कभी मईया सम्मान योजना का पोर्टल बंद होने की बात कहा जाता है।

### जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के लिए सम्पर्क जानकारी

**गुमला** : सभी नागरिकों को सूचित किया जाता है कि उनकी शिकायतों और समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान के लिए गुमला पुलिस द्वारा जन शिकायत समाधान कार्यक्रम शुरू किया गया है। इस कार्यक्रम के तहत नागरिक अपनी शिकायतें और सुझाव सीधे पुलिस तक पहुंचा सकते हैं। इसके लिए निम्नलिखित संपर्क माध्यम उपलब्ध कराये गयं हैं:

1. फोन नंबर: +91 9508165460
2. व्हाट्सएप नंबर: +91 9508165460
3. ईमेल आईडी: **janshikayat-gumla@jhpolice.gov.in**

सभी नागरिकों से अनुरोध है कि यदि आपको किसी प्रकार की समस्या या शिकायत है, तो आप इन माध्यमों का उपयोग कर अपनी बात पुलिस तक पहुंचाएं।

# अनुमंडल पदाधिकारी कोडरमा के निर्देश पर एड्डी बांग्ला दुर्गा पूजा समिति की गयी भंग

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरी तिलैया** : एड्डी बांग्ला दुर्गा पूजा समिति में भारी अनियमितता एवं बही खाता को देखते हुए कोडरमा अनुमंडल पदाधिकारी ने समिति को भंग करने की अनुशंसा कर दी। ज्ञात हो की भाजपा नेता नितेश चंद्रवंशी, भाजपा जिला अध्यक्ष अनूप जोशी एवं अन्य दुर्गा पूजा समिति के सदस्य के द्वारा पूर्व के अध्यक्ष बबलू सोनकर एवं उनके सहयोगी पर आरोप लगाया था कि किसी भी प्रकार की सार्वजनिक निर्णय नहीं ली जा रही है और व्यक्तिगत निर्णय के बदौलत दुर्गा मंडप समिति को व्यक्तिगत संपत्ति बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस पर दिनांक 16 जनवरी को अनुमंडल पदाधिकारी के कार्यालय में एक बैठक हुई थीं। जिसमें दोनों पक्षों की बात सुनी गई और पक्षों के सुनने के बाद यह निर्णय लिया गया की दुर्गा पूजा समिति अवैध रूप से धर्मशाला का निर्माण करवा कर वसूली कर रही है यह व्यक्तिगत संपत्ति बनते जा रही है इसे तत्काल भंग करते हुए ट्रस्ट का निर्माण कर दिया जाए। धार्मिक न्यास बोर्ड के तहत न्यास के रजिस्ट्रेशन के उपरांत समिति चलायी जाए। इस आदेश के बाद स्थानीय लोगों में काफी खुशी दिखाई पड़ रही है वैसे एक विवाह की तिथि नजदीक होने के कारण पूर्व की कमेटी के द्वारा लिए गए बुकिंग को एक दिन के लिए एक कार्यक्रम के लिए छूट दी गई है। उसके उपरांत यह निर्देश दिया गया है की आगे कोई अन्य कार्यक्रम नहीं किया जाएगा अन्यथा कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस निर्देश को सुनकर आम लोगों ने काफी खुशी जाहिर किया है खुशी जाहिर करने वाले में से नितेश चंद्रवंशी, अनूप जोशी, प्रकाश राम, आलोक यादव, अमित जायसवाल, श्यामजीत यादव, सोनू सिंह, सुमित सिंह, सुमित जायसवाल, संतोष केशरी, राहुल सिंह, नीरज सिंह, अमित यादव, राजू पांडेय, रोहित केशरी, राजीव बारबिगाहिया, विक्की सलूजा, टिंकू महतो, आलोक सरकार, रितेश लोहनी, विमल चटर्जी, मनोज साव, रंजन गुप्ता, विनय साव, सुदीप्तो घोष, राजू कुमार यादव, प्यारेलाल मेहता, कुंदन जायसवाल, अमिताभ सिंह, ओम प्रकाश सोनकर, पप्पू सोनकर, टिंकू सिंह, छोटी यादव, राम सिंह, राजीव सिंह, धनंजय कुमार, किशोर मोदी,अजय महतो, देवानंद प्रसाद, बबन यादव, राजेश केशरी, मनीष कुमार है एवं सभी एड्डी बांग्ला निवासियों ने हर्ष प्रकट किया।

# आरजीसी क्रैकर्स ने लायंस को धोया व वारियर्स जीत के साथ लीग टेबल में टॉप पर स्थापित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : रामगोविंद प्रीमियर लीग के अन्तर्गत चल रहे लीग का पहला मैच आरजीसी क्रैकर्स और आरजीसी लायंस के बीच खेला गया जिसमें आरजीसी क्रैकर्स की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। आरजीसी लायंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 84 रनों का स्कोर किया। जीत का पीछा करने उतरी आरजीसी क्रैकर्स ने 7 विकेट से जीत हासिल की। आरजीसी क्रैकर्स की ओर से शिवशंकर कुमार यादव ने 35 रनों की पारी खेली और 4 विकेट लिए और मैन ऑफ द मैच का खिताब अपने नाम कर लिया। सत्र का दूसरा मैच आरजीसी रोयाल्स और आरजीसी वारियर्स के बीच खेला गया जिसमें आरजीसी वारियर्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 110 रन बनाए। जीत का पीछा करने उतरी आरजीसी रोयाल्स ने सन्नी कुमार यादव के 49 रनों की पारी की बदौलत मैच टाई कर दिया। सुपर ओवर के रोमांचक मुकाबले में आरजीसी वारियर्स ने आरजीसी रॉयल्स को रोयाल्स को हार का मुंह दिखाया। मैन ऑफ द मैच का खिताब सन्नी कुमार यादव को दिया गया।

# नगर पंचायत कोडरमा में राजस्व संग्रहण की हुई बैठक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : शंभू प्रसाद कुशवाहा प्रशासक नगर पंचायत कोडरमा की अध्यक्षता में दिनांक 21.01.2025 को बैठक का आयोजन किया गया, बैठक में उन्होंने बताया कि नगर पंचायत कोडरमा क्षेत्र अंतर्गत 75 होल्डिंग टैक्स बकायेदारों जिन्हे नोटिस भेजने के बावजूद भी बकाया होल्डिंग टैक्स की राशि का भुगतान नहीं किये हैं वैसे होल्डिंग धारकों का बैंक खाता फ्रीज किया गया है तथा 59 होल्डिंग टैक्स बकायेदारों जिन्हे भी नोटिस भेजने के बावजूद भी बकाया होल्डिंग टैक्स की राशि का भुगतान नहीं किये हैं वैसे होल्डिंग धारकों का बैंक खाता फ्रीज करने का निर्देश जारी किया गया जा रहा है, संबंधित व्यक्ति के नाम व आधार संख्या, मोबाइल नम्बर उपलब्ध कराकर



उनके अकाउंट नंबर को फ्रीज करने का निर्देश दिया गया है, बताया गया है कि झारखंड नगर पालिका अधिनियम 2011 की धारा 184 (1) (ड़) के तहत तहत बकायेदारों के नाम का बैंक खाता तथा अन्य वित्तीय प्रपत्र चाहे एकल या संयुक्त रूप से धारण हो जब्त कर बकाया राशि की वसूली की जा सकती हैं इसके अलावे कुर्की, जब्ती के लिये बॉडी वारंट निर्गत करना और देय कर की वसूली के लिए चल एवं अचल संपत्ति की जब्ती एवं बिक्री की जाएगी भवनो को सीलबंद करने की कार्यवाही की जाएगी। विलम्ब से टैक्स देने पर प्रति माह एक प्रतिशत ब्याज भी लगता है। वित्तीय वर्ष समाप्ति के बाद बकाया राशि देने वाले से एकमुश्त 12% सूद जोड़कर टैक्स लिया जाएगा, इस कारण सभी करदाताओं को समय पर टैक्स जमा करने की अपील की गयी। मैरिज हॉल, गेस्ट हाउस, लॉज बैंक्विट हॉल, होटल आदि पंजीकृत नहीं होने पर जुर्माना किया जाएगा।

# आरपीवाई बीएड कॉलेज में निर्देशन व परामर्श सत्र का आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में मंगलवार को महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ट व निर्देशन एवं परामर्श समिति के संयुक्त तत्ववधान में परामर्श सत्र का आयोजन किया गया। जिसका विषय समय का महत्व था। सत्र का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी सरकार व सहायक प्राध्यापकों द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलन के साथ किया गया। परामर्श सत्र का विषय प्रवेश सहायक प्राध्यापक डॉ. संजीव कुमार ने किया। अपने संबोधन में प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी सरकार ने कहा



कि, विद्यार्थी जीवन में समय का महत्व विशेष रूप से अधिक होता है। यह वह समय होता है जब व्यक्ति अपने भविष्य की नींव रखता है। समय का सदुपयोग कर-के विद्यार्थी अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकता है। यदि विद्यार्थी अपने समय का सही उपयोग करता है, तो वह अपने शैक्षिक जीवन में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकता है। वहीं रिसोर्स पर्सन के रूप में उपस्थित सहायक प्राध्यापक राजेश पांडेय ने कहा कि, एक कहावत है, समय किसी के लिए नहीं रुकता है और समय सभी के लिए बराबर होता है। हर किसी के पास दिन में 24 घंटे होते हैं, कुछ लोग इसका बेहतर तरिके से इस्तेमाल करते हैं। तो कुछ लोग इसका सही से उपयोग न करके इसको खराब कर देते हैं। कुछ लोग टाइम मैनेजमेंट करके अपने काम में माहिर हो जाते हैं। इसलिए टाइम मैनेजमेंट व्यक्तिगत और पेशेवर दोनों ही जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बेहतर सफलता पाने के लिए, किसी को प्रोडक्टिव वर्क करने की आवश्यकता होती है। स्टूडेंट्स के लिए टाइम मैनेजमेंट अहम भूमिका निभाता है, क्योंकि स्टूडेंट्स को कई सब्जेक्ट को कवर करने की आवश्यकता होती है। एग्जाम टाइम में इसका अत्यधिक महत्व होता है, इसके सही मैनेजमेंट से स्टूडेंट्स परीक्षा में और जीवन में टॉप कर जाते हैं।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**चतरा** : चतरा-हजारीबाग मुख्य पथ में तपेज के आगे कुल्लू मोड़ के समीप एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन और बाईक में टक्कर हो जाने से युवक की मौत हो गयी है। घटना मंगलवार की है। हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद पिकअप वाहन मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान सदर थाना क्षेत्र के होलमगड़ा कला गांव के समीर उर्फ गफूर (22) के रूप में हुई है। समीर की मौत के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। घटना स्थल पर सदर पुलिस पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजी है।

## द रामेश्वर वैली स्कूल में मना स्थापना दिवस सह वार्षिकोत्सव, बच्चों ने दिये एक से बढ़ कर एक कार्यक्रम

# स्मार्ट क्लासेस व नयी शिक्षा नीति के तहत मिल रही बच्चों को शिक्षा : प्राचार्या रश्मि

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरी तिलैया** : रांची-पटना मुख्य मार्ग पर स्थित द रामेश्वर वैली स्कूल में वार्षिकोत्सव और स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम तरीके से मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कोडरमा की विधायक डॉ नीरा यादव ने शिरकत किया। मुख्य अतिथि के अलावा समाज सेवी रमेश हर्षधर, बीजेपी जिला अध्यक्ष अनूप जोशी, स्कूल के चेयरपर्सन चन्दन कुमार बर्णवाल,उर्जा फाउंडेशन के अध्यक्ष शम्भू कुमार बर्णवाल,प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ बी एन पी वर्णवाल, रोटरी के अध्यक्ष अमित कुमार, निदेशक प्रवीण मोदी, प्राचार्या रश्मि



के द्वारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम की शुरूआत द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया। वहीं शिक्षिका एकता तिवारी ने कार्यक्रम का संचालन किया। बच्चों ने मुख्य अतिथि के स्वागत में स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया जिसमें श्रीनिका, सिध्दि, आर्या, रिद्धि, शैल, रिधिमा ने सुस्वागतम गाने पर नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं स्कूल के निदेशक प्रवीण मोदी ने मुख्य अतिथि का स्वागत फ्लावर पॉट देकर और प्राचार्या रश्मि ने शाल देकर किया। कार्यक्रम में उपस्थित समाज सेवी रमेश हर्षधर का स्वागत, पा सा वा के अध्यक्ष रोटरी जोन 8 की अस्सिटेंट गवर्नर सह मॉडर्न पब्लिक स्कूल की निर्देशिका संगीता शर्मा एवं रोटरी के अध्यक्ष का स्वागत भी फ्लावर पोट देकर किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि डॉ नीरा यादव ने अपने संबोधन में विद्यालय के वार्षिकोत्सव पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास का मुख्य मूलमंत्र शिक्षा है। उन्होंने कहा कि द रामेश्वर वैली स्कूल क्षेत्र के बच्चों को बेहतर और उच्च शिक्षा स्मार्ट तरीके से प्रदान कर रही है जिसका हमे गर्व है। साथ ही साथ विद्यालय द्वारा बच्चों को ताइक्वांडो, खेल,योग, नृत्य जैसे शिक्षा भी मिल रही हैं। उन्होंने विद्यालय के निदेशक प्रवीण मोदी व प्राचार्या रश्मि बर्णवाल को बधाई देते हुए कहा कि जिले में शिक्षा की अलख जलाने के लिए विद्यालय चलाना अपने आप में महत्वपूर्ण काम है। द रामेश्वर वैली स्कूल के बच्चों ने सफल कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें कक्षा नर्सरी से अष्टम तक के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। छात्रों ने प्रत्येक विषय का एक छोटा-सा प्रकरण लेकर उसे शिक्षण सामग्री की सहायता से रोचक ढंग से नाटक के रूप में प्रस्तुत किया इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के भीतर आत्मविश्वास तथा आत्मनिर्भरता के गुण को उभारकर उनकी विषय के प्रति समझ का आकलन करवाना था।


**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी (जिला समाज कल्याण शाखा, जिला बाल संरक्षण इकाई)**

पत्रांक........................ दिनांक...........................

आम सूचना
गुमशुदा बालक की सूचना
(बाल कल्याण समिति, खूँटी के आदेशानुसार)



बालक का नाम –सुमन
उम्र – 2 वर्ष 8 माह
लिंग –बालक
रंग – सांवला
पिता का नाम – अज्ञात
माता का नाम – बिरंग नाग (लापता)
पता– ग्राम–सेल्दा, पोस्ट–उलिहातु, थाना–अड़की, जिला–खूँटी।

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बाल कल्याण समिति, खूँटी के आदेशानुसार विशेष दत्तक ग्रहण एजेन्सी (SAA), सहयोग विलेज,राँची में एक बालक आवासित है, जिसके जैविक एवं विधिक संरक्षक का पता लगाने हेतु राजस्तरीय एवं स्थानीय अखबार में विज्ञापन प्रकाशित की गयी है। उक्त बालक के जैविक एंव विधिक संरक्षक का विज्ञापन प्रकाशन के 120 दिनों तक कोई दावा प्रस्तुत नही होने पर दत्तक ग्रहण मार्गदर्शिका 2017 के नियम 6 के उपनियम 13 के अन्तर्गत बालक को दत्तक ग्रहण हेतु बाल कल्याण समिति, खूँटी द्वारा कानूनी रूप से मुक्त किया जा सकेगा।

**दावा प्रस्तुत करने का पता एवं सम्पर्क नम्बर –**

1. बाल कल्याण समिति, खूँटी
खूँटी समाहरणालय (विकास भवन), कमरा संख्या–03(ख), द्वितीय तल्ला, खूँटी।
सम्पर्क नम्बर –8789833434, 8809199114
2. जिला बाल संरक्षण इकाई, खूँटी
खूँटी समाहरणालय (विकास भवन), कमरा संख्या–03 (क), द्वितीय तल्ला, खूँटी।
सम्पर्क नम्बर –8709365069, 8210470306

PR.NO.344797 District(24-25):D — जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, खूँटी।



**Deputy Commissioner- cum- District Magistrate, Ramgarh (District Development Section)**

**VERY SHORT NOTICE FOR INVITING TENDER**

RFP for **Selection of Manufacturer/Agency/Authorized dealer/Individual for supply,installation and commissioning of CCTV for Ramgarh District,Jharkhand.** Terms and condition and other related information can be seen on the office information board or Website www.ramgarh.nic.in. Blank tender documents with detailed conditions can be obtained through website https://ramgarh.nic.in and Hard copies of technical bid and financial bid should be submitted to the department on and before declared due date.

| Sl. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Selection of Manufacturer/Agency/ Authorized dealer/Individual for supply,installation and commissioning of CCTV for Ramgarh district,Jharkhand. |
| 2 | Date of Publication of Tender on website | **21/01/2025** |
| 3 | Tender Document Fee (Non-refundable) | Rs. 5000.00/- (Rs. Five Thousand Only) in form of DD along with the bid documents payable at Vikash Shakha Ramgarh A/c. No-43636496449 |
| 4 | Earnest Money Deposit (EMD) | Rs. 650000.00/- (Rs. Six Lakh Fifty Thousand Only) in form of DD payable at Vikash Shakha Ramgarh A/c. No-43636496449 |
| 5 | Last date and time of receipt of Bid (Tender Fee, Earnest Money Deposit (EMD) & Hard Copy of Technical Bid and Financial Bid) | **Date :04/02/2025 Time : 03:00 PM** The bidders may visit the departments concerned and submit their queries/ suggestions to the Deputy Commissioner, Ramgarh for which the intended bidders want any amendment or alteration in the tender terms or specification. |
| 6 | Prebid Meeting | **29/01/2025 Time: 05:00 PM** |
| 7 | Date and time of opening of Bid | **Date :04/02/2025 Time : 04:00 PM** |
| 8 | Bid submission Place | Development Section, Ramgarh, "B" Block, 1st Floor, Collectorate Ramgarh, Chhattarmandu, Ramgarh-825101 |
| 9 | Bid Opening Place | Deputy Commissioner Office, Ramgarh "A" Block, 1st Floor, Collectorate Ramgarh, Chhattarmandu, Ramgarh- 825101 |
| 10 | Contact Details | Email id – **vikashshakharamgarh@gmail.com** |

Note: The specified dates and time may change due to declaration of holidays or any other unforeseen circumstances. The same shall be informed through web-portal as and when required.

ह0/–
उप विकास आयुक्त, रामगढ़

PR 344835 District(24-25)#D

## एक झलक

### पुलिस ने 16 एकड़ भूमि में लगी अफीम की फसल नष्ट की



**बुंडू :** बुंडू थाना पुलिस ने थाना प्रभारी सह पु नि राम कुमार वर्मा के नेतृत्व में मंगलवार को रेलाडीह एवं जाड़ेया गांव के जंगली एवं रैयती लगभग 16एकड़ भूमि पर लगी अवैध अफीम की फसल को ट्रैक्टर से जोत एवं डंडे से नष्ट कर दी।

### कपड़े के कबाड़ में लगी आग

**बुंडू :** दशम फॉल थाना क्षेत्र के तैनारा दशम फॉल पथ स्थित कपड़े की फैक्ट्री के अवशिष्ट के कबाड़ में मंगलवार को आग लग गई। अन्यत्र ले जाने के लिए रखी गई इस कपड़े के कबाड़ में कैसे आग लगी यह जांच का विषय है।इधर कबाड़ में आग लगने की सूचना पर दमकल गाड़ी जब तक पहुंचती,तब तक कबाड़ जल कर राख हो चुकी थी। बाद में दमकल कर्मियों ने आग को काबू में कर लिया।

### पुलिस कस्टडी में रमेश शर्मा की मौत, पुलिस के प्रति आक्रोश

**बेतिया :** बेतिया पुलिस जिला के सीमावर्ती कंगली थाने के पुलिस हिरासत में मंगलवार की सुबह गिरफ्तार शराबी रमेश शर्मा की मौत हो गई। रमेश भेडिहरवा गांव का रहने वाला है। रमेश की मौत पुलिस कस्टडी में होने की खबर मिलते ही भेडिहरवा तथा वंसतपुर समेत इलाके में कोहराम मच गखा।घटना लगभग साढ़े ग्यारह बजे की बताई गई है। एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह ने बताया कि सोमवार की शाम अनि बबन कुमार के नेतृत्व में पुलिस बोर्डर पर गश्ती के दौरान सीमावर्ती गांव सिधवलिया रेलवे क्रॉसिंग के नजदीक से शराब के नशे में रमेश समेत बसंतपुर गांव के राजकुमार पटेल व मुन्ना पटेल को गिरफ्तार किया गया था। तीनों को सुबह बेतिया न्यायालय में भेजने की तैयारी की जा रही थी, जिसे लेकर तीनों को हाजत से निकाला गया।तभी रमेश शर्मा जोर से कांपने व लड़खडाने लगा, जिसे लेकर तत्क्षण सीएचसी,सिकटा ले जाया गया, जहां उसकी स्थिति खराब देख चिकित्सकों ने बेतिया रेफर कर दिया। अन्य दोनों गिरफ्तार शराबियों को न्यायालय उपस्थापन हेतु बेतिया भेज दिया।

### पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**सहरसा :** बिहार राज्य के सहरसा जिला अंतर्गत समपार संख्या 31 बंगाली बाजार रेलवे क्रासिंग पर ओवर ब्रिज निर्माण के संबंध में जिलेवासियों की ओर से पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री के नाम जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है।पूर्व विधायक नें कहा कि बंगाली बाजार रेलवे क्रॉसिंग (समपार संख्या 31) पर विगत तीन दशकों से यह मुद्दा सहरसा वासियों के जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गया है।वर्ष 1991 में इस ओवर ब्रिज की मांग पहली बार उठी थी। तब से लेकर आज तक इसके निर्माण के लिए कई बार घोषणाएँ और शिलान्यास हुए, लेकिन दुर्भाग्यवश यह अब तक अधूरा है। पूर्व विधायक ने कहा कि बंगाली बाजार रेलवे क्रॉसिंग (समपार संख्या 31) के निर्माण नहीं होने से शहर में जाम की समस्या के चलते व्यापार, परिवहन, शिक्षा, चिकित्सा सामान्य जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित रहते हैं। रेलवे क्रॉसिंग पर बार-बार ट्रेनों के गुजरने और मालगाड़ियों की आवाजाही के कारण ढाला दिनभर बंद रहता है।

### 'डाकिया डाक लाया' की भूमिका निभा रही है रानी

**पूर्णिया :** बिहार में पूर्णिया जिले के टीकापट्टी में पहली बार कोई महिला डाकबाबू बनके आयी हैं और घर घर डाक बांट रही है। इससे इस इलाके की महिलाओं में काफी खुशी है। डाक बाबू रानी स्वयं क्षेत्र में डाकिया के साथ घर-घर घुम रही हैं तथा परिचय कर रही हैं। टीकापट्टी डाकघर के अंदर टीकापट्टी, तेलडीहा, धूसर एवं भदैयाटोला कुल चार गांव आते हैं। जिसकी आबादी लगभग 25 हजार है।

# वैज्ञानिकों व विशेषज्ञों ने झारखंड की जलवायु सहनशीलता पर की चर्चा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** राज्य के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा 'असेसिंग वल्नरेबिलिटी एंड रिस्क्सः स्ट्रैटेजिस फॉर ए क्लाइमेट रेसिलिएंट झारखंड' विषय पर राज्य-स्तरीय कार्यशाला आज रांची में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में नीति निमार्ताओं, वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों ने एकत्र होकर झारखंड की जलवायु सहनशीलता के लिए रणनीतियों पर चर्चा की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य की जलवायु चुनौतियों से निपटने के लिए उसकी क्षमता को सशक्त बनाना था और इसमें प्रमुख संस्थाओं और संगठनों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। कार्यशाला का उद्घाटन अबूबकर सिद्दकी, सचिव, वन, पर्यावरण और जलवायु



परिवर्तन विभाग, झारखंड सरकार द्वारा किया गया। अपने उद्घाटन भाषण में श्री सिद्दकी ने राज्य के प्रयासों को राज्य जलवायु परिवर्तन कार्य योजना (SAPCC) के अनुसार संरेखित करने के महत्व को रेखांकित किया और भारत के राष्ट्रीय जलवायु लक्ष्यों में झारखंड की भागीदारी को सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को व्यक्त किया। उन्होंने राज्य की जलवायु परिवर्तन से जुड़ी विशिष्ट संवेदनशीलताओं को संबोधित करने के लिए सामूहिक और स्थानीय दृष्टिकोणों की आवश्यकता पर जोर दिया। सत्यजीत सिंह, प्रधान मुख्य वन संरक्षक और वन बल प्रमुख (PCCF & HoFF), ने विभागीय गतिविधियों को उजागर किया जो जलवायु क्रियावली का समर्थन करती हैं, जिनमें बड़े पैमाने पर वनीकरण, मृदा और जल संरक्षण, और वन्यजीव सुरक्षा पहल शामिल हैं। उन्होंने राज्य के लिए एक टिकाऊ और जलवायु-संवेदनशील भविष्य बनाने में वन विभाग की भूमिका पर बल दिया। सुश्री सुशीला नेगी, वैज्ञानिक-एफ, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (DST), भारत सरकार ने जलवायु सहनशीलता के लिए केंद्र सरकार के बढ़े हुए प्रयासों पर प्रकाश डाला और जलवायु परिवर्तन के लिए रणनीतिक ज्ञान पर राष्ट्रीय मिशन (NMSKCC) के तहत वैज्ञानिक हस्तक्षेपों की आवश्यकता को व्यक्त किया। उन्होंने झारखंड के राष्ट्रीय कार्यक्रमों के साथ स्थानीय जलवायु रणनीतियों को एकीकृत करने के प्रति सक्रिय दृष्टिकोण की सराहना की। रवि रंजन, अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक (APCCF)-CAMPA, ने राज्य में जलवायु सहनशीलता के लिए वन विभाग के व्यापक प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों के बारे में बात की। उन्होंने कहा, ₹हमारे प्रारंभिक प्रयास पहले ही यह दिखा चुके हैं कि समुदायों और संस्थानों को जलवायु जोखिमों से प्रभावी ढंग से निपटने में सशक्त बनाना एक मजबूत संभावनाएं दिखाता है। कार्यशाला में ए. के. रस्तोगी, अध्यक्ष, टास्क फोर्स ऑन सस्टेनेबल जस्ट ट्रांजिशन, झारखंड सरकार, भी उपस्थित थे, जिन्होंने राज्य के आर्थिक और पर्यावरणीय भविष्य के लिए एक टिकाऊ और समान मार्ग तैयार करने पर अपने विचार साझा किए।

# नीतीश ने किशनगंज को दी 514 करोड़ रुपये से अधिक की सौगात

**एजेंसी**

**पटना :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के तीसरे चरण में किशनगंज जिले के महेशब्थना स्थित नवनिर्मित जिला आपातकालीन प्रतिक्रिया सुविधा-सह-प्रशिक्षण केंद्र से 514.28 करोड़ रुपये की 236 विकास योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 151.17 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विभागों की योजनाओं का उद्घाटन तथा 363.09 करोड़ रुपये की लागत से शिलान्यास शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने ठाकुरगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत पटेश्वरी स्थित ग्राम कटहलडांगी में प्रस्तावित ठाकुरगंज बाईपास रोड संबंधी समस्याओं का स्थल निरीक्षण कर अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ठाकुरगंज बाईपास का निर्माण कार्य यथाशीघ्र शुरू कराएं। इस बाईपास के बन जाने से लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। साथ ही आसपास के इलाकों से संपर्कता बढ़ेगी। प्रस्तावित ठाकुरगंज बाईपास की कुल लंबाई 4.01 किलोमीटर तथा चौड़ाई 10 मीटर है, जिसकी अनुमानित लागत राशि 41.30 करोड़ रुपये है। अधिकारियों ने 65,350 किलोमीटर लंबी पूर्णिया एवं किशनगंज जिला अंतर्गत राज्य उच्च पथ संख्या-39 (बायसी बहादुरगंज दिघल बैंक) पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य तथा प्रस्तावित असूरा-निश्नद्रा घाट पुल एवं पहुंच पथ निर्माण कार्य के संबंध में भी मुख्यमंत्री को साइट प्लान के माध्यम से वितृस्त जानकारी दी।

# बुंडू पुलिस ने चोरी के माल सहित दो चोरों को किया गिरफ्तार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुंडू :** बुंडू थाना पुलिस ने चोरी के माल सहित दो चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके नाम क्रमशःरमेश मछुवाऔर किशन मछुवा दोनों मछुवाटोली बुंडू के निवासी हैं। दोनों का चोरी का पुराना इतिहास है। इस संदर्भ में बुंडू डीएसपी ओमप्रकाश ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि बुंडू के बाबूरामटोली निवासी पूर्णिमा दत्ता (हबलू कोठी)के बंद मकान में 17जनवरी की रात में अज्ञात चोरों के द्वारा एक लाख 50 हजार रुपए नगद और सोना चांदी का गहना अलमीरा तोड़कर ले गये थे। इस संदर्भ में पूर्णिमा दत्ता के द्वारा बुंडू थाने में एक मामला दर्ज कराया गया था। बुंडू पुलिस ने इस पर, त्वरित कार्रवाई करते हुए उपरोक्त अभियुक्तों को गिरफ्तार कर रमेश मछुवा के पास से 30 हजार रुपए और किशन मछुवा के पास से 60 हजार रुपए नगद सहित चोरी के सोना और चांदी के 14 अलग अलग किस्म के गहने बरामद किया है।बरामद गहनों की कीमत भी लाखों रुपए में है। चोरों ने घर पर लगी सीसी टीवी, डीपीआर इत्यादि तोड़कर कुएं में फेंक दिया था। किशन मछुवा का ससुराल बुंडू थाना के तिरूलडीह में है।बुंडू पुलिस ने किशन को तिरूलडीह में ही धर दबोचा। साथ ही चोरी का माल भी तिरूलडीह से बरामद किया। डी एस पी ने बताया कि चोरी का मास्टर माइंड संदीप मछुवा अभी भी फरार है। मामले का उद्भेदन करनेवालों में टीम में बुंडू थाना प्रभारी सह पु0नि0 रामकुमार वर्मा,पु अ नि राहुल कुमार मेहता, प्रेम प्रदीप कुमार, आतिश कुमार, बादल चांद,और पुलिस बल शामिल थे।

### अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच का मना 41वां स्थापना दिवस

# समर्पण शाखा की संस्थापिका अध्यक्ष सुमिता लाठ को किया सम्मानित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के 41वें स्थापना दिवस को वृहत रूप से मनाने का निर्णय लिया गया है। अखिल भारतीय युवा मंच के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद सराफ जी की याद में अध्यक्ष विनीता सिंघानिया के नेतृत्व में समर्पण शाखा द्वारा शाखा संस्थापिका अध्यक्ष सुमिता लाठ को सम्मानित किया गया।इन्होंने इस संस्था की 18 साल पहले नीव रखी थी। इन्होंने हमेशा अभिभावक स्वरूप सबका मार्गदर्शन किया। शाखा द्वारा उन्हें सम्मान स्वरूप राष्ट्र द्वारा दिये गये सर्टिफिकेट और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।



सुमिता जी ने कहा, बचपन से ही उनमें जरूरत मंद की सेवा भावना थी, लेकिन अकेले कुछ भी करना सम्भव नहीं हो पाता। तब उन्होंने संस्था का गठन किया। सुमिता जी ने बताया कि संस्था का गठन करने के लिए 21 मेंबर्स जरूरी होते हैं। आज के समय में महिलाए काफी जागरूक हो गयी हैं, लेकिन पहले महिलाओं को घर से बाहर निकालने के लिए भी सोचना पड़ता था। ऐसे में सुमिता जी ने घर-घर जाकर महिलाओं को समझाया, उनको जागरूक किया और उनके साथ मिल कर सामाजिक कार्य करना शुरू किया। उनकी मेहनत और हिम्मत का ही फल है कि आज समर्पण शाखा ऊंचाइयों को छू रही है। सभी सदस्यों ने मिल कर केक काटा और इस दिन को बहुत ही अच्छे तरीके से मनाया गया। सुमिता जी ने सभी शाखा सदस्यों का धन्यवाद किया एवं कहा कि ये सम्मान उनका नहीं, बल्कि सभी शाखा सदस्यों का सम्मान है, जो संस्था के प्रति समर्पित हैं। इस अवसर पर अध्यक्ष विनीता सिंघानिया ने संस्थापिका अध्यक्ष का धन्यवाद करते हुए कहा, सुमिता जी संस्था की गार्जियन हैं। हमेशा से सबका मार्गदर्शन करती आ रही हैं, आगे भी करती रहेंगी। इसमें अध्यक्ष विनीता सिंघानिया, सचिव शुभा अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष सुमिता लाठ जी, मीना टाईवाला जी, विनीता बिहानी जी, निर्मला बगड़िया, स्मिता अग्रवाल, कोमल पोद्दार, कविता जालान, पिंकी शर्मा, पायल जैन, पूजा अग्रवाल, रितु पोद्दार, कृष्ण अग्रवाल एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

# संजय सेठ व अर्जुन मुंडा करेंगे भारत माता मंदिर का लोकार्पण, निकाली गयी भव्य शोभायात्रा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुंडू :** बुंडू ब्लॉक चौक में नव निर्मित भारतमाता मंदिर में विधिवत पूजन अर्चन की गई। इसके पूर्व विश्व हिंदू परिषद, संस्कृति विहार एवं अन्य हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने राधारानी मंदिर परिसर से भव्य शोभायात्रा निकाली। बुधवार को रांची के सांसद व केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा भारत माता मंदिर का लोकार्पण और भारत माता चौक के नामकरण पर मुहर लगायेंगे।

# चर्चित जोन्हा गैरमजरूआ भूखंड मामले को लेकर अनगड़ा अंचल कार्यालय में हुई सुनवाई

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा :** चर्चित जोन्हा गैरमजरूआ भूखंड मामले को लेकर मंगलवार को अनगड़ा अंचल कार्यालय में सुनवाई हुई। सुनवाई अंचल पदाधिकारी राजू कमल ने की। सुनवाई में प्रथम पक्ष से जोन्हा के ग्रामीण व जोन्हा मुखिया कृष्णा मुंडा व दूसरे पक्ष से रामनारायण भगत(आरएन भगत) शामिल हुए। इस भूखंड पर स्वामित्व को लेकर आरएन भगत ने अपना मूल कागज, डीड, रसीद आदि जमा किया। अंचल पदाधिकारी राजू कमल ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद अमीन महीवर महतो को उक्त भूखंड की मापी



करके रिपोर्ट देने को कहा। सुनवाई अगली बैठक में होगी। ज्ञात हो कि जोन्हा मौजा के खाता संख्या 163 प्लाट संख्या 1004 कुल रकबा-5.80 एकड़ भूमि के स्वामित्व को लेकर ग्रामीणों ने अंचल कार्यालय में शिकायत किया था। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त् भूखंड गैरमजरूआ नेचर की है। जिसका अतिक्रमण किया गया है। वही आरएन भगत का कहना है कि उक्त् भूखंड की जमाबंदी मेरे नाम से है। उक्त भूखंड से संबंधित सभी कागजात मेरे पास उपलब्ध है। सुनवाई के दौरान ग्राम प्रधान जगरनाथ शाही, रिझुवा मुण्डा, बिषम साही मुण्डा, हरदयाल मुंडा, गणेश बेदिया, भीमसिंह मुण्डा, धर्मनाथ बेदिया, श्रीपद मुण्डा आदि उपस्थित थे।

# बालू घाट डकैती में तीन अपराधी गिरफ्तार

**एजेंसी**

**डेहरी आन सोन :** रोहतास जिले के नासरीगंज थाना क्षेत्र के जमालपुर बालू घाट से हुई डकैती कांड में तीन अपराधियों समेत दो किशोर को निरुद्ध किया गया है। अपराधियों के पास से चालीस हजार रुपए नगद बरामद किए गए हैं। एसपी रौशन कुमार ने यह जानकारी आज शाम मीडिया को दी। उन्होंने बताया कि गत 17 जनवरी की रात्री करीब दो बजे चार मोटरसाईकिल पर सवार 10-12 अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा जमालपुर बालू घाट में फायरिंग करते हुए डकैती की घटना को अंजाम दिया गया।इस संबंध में नासरीगंज थाना में एफआईआर दर्ज किया गया था। इस कांड के उद्भेदन के लिए बिक्रमगंज एसडीपीओ के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया,जिसमें नासरीगंज के अंचल पुलिस निरीक्षक, थानाध्यक्ष, राजपुर कच्छवां थाना एवं जिला डीआईयू टीम को शामिल किया गया। एसपी ने बताया कि अनुसंधान के क्रम में गत 19 जनवरी को दो किशोर को गिरफ्तार किया गया। किशोर से पूछताछ के क्रम में घटना में संलिप्त होने की बात स्वीकार किया गया। तीन अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया गया। किशोर को किशोर न्याय परिषद के समक्ष उपस्थित किया गया। उन्होंने बताया कि गठित टीम द्वारा घटना में प्रयुक्त दो स्पेलेंडर मोटरसाईकिल तथा लूट के 40 हजार रुपये बरामद किया गया है। पकड़े गए अभियुक्त दया शंकर कुमार ग्राम सा खिरोडीह, थाना-काराकाट, जिला-रोहतास व राहुल कुमार सिंह, ग्राम लाला अतमी, थाना-नासरीगंज, जिला-रोहतास उसी गांव के अजीत कुमार उर्फ बनरा, गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# बेड़ो में मनी मंगलवारी हनुमान चालीसा का वर्षगांठ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** महादानी मन्दिर परिसर स्थित हनुमान मन्दिर में मंगलवारी हनुमान चालीसा का वर्षगांठ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस हनुमान चालीसा पाठ कार्यक्रम का शुभारंभ 7 साल पहले एकल अध्यक्ष रमेश प्रसाद गुप्ता,राजेश गोप एवं संस्कार प्रमुख मुकेश कुमार राय ने किया था। वहीं वर्षगांठ के अवसर पर पुजारी अशोक पंडा ने हनुमान जी का विधिवत धार्मिक अनुष्ठान व पूजा अर्चना कराया। साथ ही श्री हरी रथ सेवा योजना मण्डली द्वारा सभी रामभक्तों के बीच सुन्दरकाण्ड का पाठ और हनुमान चलीसा का संगीतमय पाठ किया गया। वहीं रामभक्तों के बीच भंडारा के दौरान भोग व प्रसाद का वितरण किया गया। इधर इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बेड़ो रौनियार वैश्य संघ इकाई बेड़ो के अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, एकल अभियान संच बेड़ो अध्यक्ष रमेश प्रसाद गुप्ता, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, मिडिया प्रभारी विकास बंटी रौनियार, कोषाध्यक्ष अमर गुप्ता, संदीप सोनी, धनंजय महतो, रोशन महतो,नित्यानंद महतो, बोधन स्वांसी, दशरथ अहीर, मधुसूदन अहीर व कुश कुमार आदि ने सराहनीय योगदान दिया।

# दो दिवसीय उरांव सांस्कृतिक कार्यशाला का हुआ आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लापुंग :** लापुंग प्रखंड क्षेत्र के देवगांव पंचायत सभागार में दो दिवसीय उरांव सांस्कृतिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि देवगांव पंचायत के मुखिया दुर्गा उरांव ने फीता काटकर किया । उन्होंने कहा कि आज हम सभी अपनी संस्कृति को भूलते जा रहें हैं। हमें अपने संस्कृति को अपने पीढ़ी को भी सौंपना है और उनको भी अपनी संस्कृति के बारे में भी पूरी जानकारी देनी होगी ताकि ओ भी अपनी संस्कृति को आगे बढ़ा सकें। साथ ही बताया कि किस तरह से अखाड़ा में अपनी कला



और संस्कृति का प्रदर्शन करते हैं। वही पर सरसा गांव निवासी झिरगा भगत जी ने अपने शहनाई के धुन में सभी को झुमाया। वही सुनील उरांव ने कहा कि आज ऐसी स्थिति हो गई है कि हम अपनी कला और संस्कृति को भूलते जा रहें है अगर यही स्थिति रही तो हमें कला और संस्कृति का प्रदर्शन करने के लिए दूसरे जगह से भाड़े पर बुलाना पड़ेगा। मंगरी भगताईन ने अपने लोक गीतों से सबको झुमाया। वही पर आगामी 23 जनवरी बृहस्पतिवार को नवाटोली महावीर मंदिर प्रांगण में एक दिवसीय सांस्कृतिक जतरा का आयोजन किया जाना सुनिश्चित हुआ है । वही सभा का संचालन समाजसेवी फगुआ भगत ने किया । मौके पर देवगांव के ग्राम प्रधान करमा उरांव, झिरगा भगत, मंगरा उरांव, झिरगा टाना भगत, बुद्धदेव उरांव, गन्दूर उरांव, पवन उरांव, सोमरा उरांव, किरण कुमारी, पांचो कुमारी, सोनी कुमारी, चीलों उरांव, सुनील उरांव, सिमोन, कमल के साथ दर्जनों पुरुष एवं महिलाएं मौजूद रहीं।

# विधायक सुरेश बैठा ने सभी विभागों की समीक्षा की

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुढ़मू :** मंगलवार को प्रखंड सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। विधायक सुरेश बैठा ने सभी विभागों की समीक्षा की। इस दौरान विधायक ने अपने मत से 50 लाख डिग्री कालेज के लिए अनुदान देना का घोषणा किया। साथ ही 15वें वित्त आयोग और मनरेगा सहित अन्य योजना की वर्तमान स्थिति की जानकारी लिया और विभागीय अधिकारियों से गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने का निर्देश दिया। राशन कार्डधारी को प्रति ईकाई पांच किलो राशन देने की बात कही। अबुआ आवास योजना में



लाभूकों को जल्द दुसरी किस्त का भुगतान करवाने का निर्देश दिया. पूरे प्रखंड में नल जल योजना की दयनीय स्थिति से विधायक को अवगत कराया गया। विधायक मद से प्रखंड में 70 चापानल लगाने की बात कही। प्रखंड परिसर में मौजूद महिला शौचालय में दरवाजा नहीं होने की बात से ओझासाड़म की मुखिया ललिता देवी ने विधायक को अवगत कराया, डाक्टर की कमी दूर करने का आश्वासन विधायक ने दिया, बाड़े पंचायत के पंसस सुरजन गोड़ाईत ने बताया कि हमारे पंचायत में गोड़ाईत परिवार अत्यंत जर्जर मकान में रहने को विवश है और उन्हें पीएम आवास का लाभ नहीं मिल रहा है। चैनगड़ा की पंसस ने सीएचसी में पैसा लिये जाने की बात से विधायक को अवगत कराया। विधायक ने अन्य विभागों की समीक्षा करते हुए आवश्यक सुधार करने का निर्देश दिया व सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी भी दिया। बीडीओ को फिल्ड में योजनाओं का सत्यापन करने का निर्देश दिया। मौके पर बीडीओ धीरज कुमार, सीओ सच्चिदानंद वर्मा, प्रमुख सत्यनारायण मुंडा, डीएसपी, इंस्पेक्टर, थाना प्रभारी, जिप सदस्य मनोज वाजपेयी, जिप सदस्य रामजीत गंझू, उपप्रमुख हरदेव साहु, विधायक प्रतिनिधि गोपाल तिवारी, शमीम बड़ेहार, सभी पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, सभी विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

# पटना जिले में आठवीं तक के सभी स्कूल 23 तक रहेंगे बंद

**एजेंसी**

**पटना :** बिहार में अत्यधिक ठंड और कम तापमान को देखते हुए राजधानी पटना में 8वीं तक के सभी स्कूलों को बंद करने का आदेश जारी किया गया है। आठवीं कक्षा के ऊपर की सभी कक्षाएं सुबह नौ बजे से दोपहर साढ़े तीन बजे तक संचालित होंगी। जिला प्रशासन ने 23 जनवरी तक 8वीं तक की सभी कक्षाएं बंद रखने का निर्देश दिया है। पटना के जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह की तरफ से जारी आदेश में कहा गया है कि जिले में अत्यधिक ठंड का मौसम और कम तापमान की स्थिति बनी हुयी है, जिसके कारण बच्चों के स्वास्थ्य और जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है। इसलिए पिछले कार्यालय के आदेश यानी 19 जनवरी में आंशिक संशोधन करते हुए वर्ग-8 तक की शैक्षणिक गतिविधियों पर 23 जनवरी तक प्रतिबंध लगाया जाता है।पटना डीएम चंद्रशेखर सिंह ने कहा है कि वर्ग 8 से ऊपर की कक्षाओं की शैक्षणिक गतिविधियां पूर्वाह्न नौ बजे से अपराह्न 3.30 बजे के बीच संचालित की जा सकती है। बोर्ड परीक्षा से संबंधित शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन इससे मुक्त रहेगा। यह आदेश 22 से 23 जनवरी तक पटना जिले में प्रभावी रहेगा।

## एक झलक

### धाविका हिमा ने किया कुम्भ स्नान

**महाकुम्भ नगर** : एशियाई खेलों की स्वर्ण विजेता एथलीट हिमा दास ने महाकुंभ में स्नान किया है। हिमा यहां अपने दोस्तों के साथ आई थी और उसने अपने अध्यात्मिक गुरू केशव दास जी महाराज से भी आशीर्वाद लिया। इसी को लेकर महाराज ने कहा, ह्यजब हिमा को महाकुंभ में पूर्वोत्तर शिविर के बारे में पता चला तो वह यहां आने से अपने को रोक नहीं पायी। वह अपने दोस्तों के साथ आई, गंगा में डुबकी लगाई और वापस चली गई। उन्होंने कहा, 'वह कुंभ स्नान के इस अनुभव को लेकर काफी उत्सहित थी और नामघर (असम का पारंपरिक पूजा कक्ष देखने भी आई)। हिमा ने 2018 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। हिमा आजकल 16 महीने का निलंबन खत्म होने के बाद खेल में वापसी की तैयारी में है। उनका निलंबन 22 जुलाई 2023 से 21 नवंबर 2024 तक था। उसे डोप टेस्ट के लिये उपलब्ध नहीं होने के कारण निलंबित किया गया था।

### स्टेडियम में 10.50 करोड़ रुपये से बनेगा सिंथेटिक ट्रैक

**महोबा** : खेलों को बढ़ावा देने के लिए स्पोर्ट्स स्टेडियम में सिंथेटिक ट्रेक के निर्माण का खाका तैयार किया गया। शासन स्तर से सिंथेटिक ट्रैक के लिए 10.50 करोड रुपये का बजट का प्रस्ताव पास किया गया है। जिससे एथलेटिक्स खिलाड़ियों को आने वाले दिनों में ट्रैक का लाभ मिल सकेगा और सरकार की इस मुहिम से वीरभूमि के युवा खिलाड़ी भी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर जनपद का नाम रोशन कर सकेंगे। जिला उप क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि जनपद मुख्यालय स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में 8 लाइन के 400 मीटर सिंथेटिक ट्रैक के निर्माण को शासन स्तर से मंजूरी मिल गई है। जिसके लिए 10.50 करोड रुपये के प्रस्ताव को हरी झंडी मिल गई है। बताया कि सभी प्रकार के मौसम में सिंथेटिक ट्रैक खिलाड़ियों के लिए उपयोगी साबित होता है। इस ट्रैक पर खिलाड़ियों को चोट आने का खतरा कम रहता है।

### केकेआर की ओर से रिटेन नहीं किये जाने से हैरान था : श्रेयस

**नयी दिल्ली** : आईपीएल 2025 के लिए गत माह हुई मेगा नीलामी में दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी बने श्रेयस अय्यर ने पहली बार कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) द्वारा रिटेन न करने पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। श्रेयस की कप्तानी में ही केकेआर ने 2024 में आईपीएल खिताब जीता था। ऐसे में सभी का मानना था कि इस बार भी उन्हें कप्तान बनाया जाएगा। श्रेयस ने कहा कि उन्हें पूरा भरोसा था कि उन्हें रिटेन कर लिया जाएगा। फ्रेंचाइजी ने सत्र समाप्त होने के ठीक बाद रिटेंशन की बात की थी पर उसके बाद केकेआर की ओर से कोई ऐसा प्रस्ताव नहीं किये जाने से वह हैरान हो गए। श्रेयस ने कहा, निश्चित रूप से केकेआर में चैंपियनशिप जीतने में मेरा समय शानदार रहा।

### एक साल से भी अधिक समय बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करेंगे शमी

**कोलकाता** : भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के बुधवार को एक साल से भी अधिक समय के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की उम्मीदे है। शमी 2023 एकदिवसीय विश्वकप के बाद से ही चोटिल होने के कारण खेल से दूर थे। उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज के लिए शामिल किया गया है जिसकी शुरूआत बुधवार से हो रही है। शमी ने कहा कि अगर खिलाड़ी के अंदर देश के लिए खेलने का जूनून हो तो वह कैसी भी चोट से उबर सकता है। शमी ने बंगाल क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि देश के लिए जो खेलने की भूख है वो कभी खत्म नहीं होनी चाहिए। आपको अगर अपने देश से प्यार है तो आप हमेशा वापसी करते रहेंगे चाहे कितनी बार चोटिल हो जाए। मुझे लगता है कि देश के लिए खेलने की भूख कभी समाप्त नहीं होनी चाहिए।

# ओड़िशा वॉरियर्स ने जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट में 0-0 (2-0 एसओ) से दर्ज की जीत

## सोनिका और कैटलिन नोब्स ने पेनल्टी शूटआउट में गोल कर दिलाया बोनस अंक



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : ओडिशा वॉरियर्स ने महिला हीरो हॉकी इंडिया लीग 2024-25 में मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम, रांची में जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब के खिलाफ 0 - 0 (2 - 0 रड) की पेनल्टी शूटआउट जीत दर्ज की। चार क्वार्टर तक चले गहन मिडफील्ड मुकाबले और नियमित समय में गोलरहित रहने के बाद मैच पेनल्टी शूटआउट में गया। सोनिका और कैटलिन नोब्स ने शूटआउट में गोल किए, जबकि जोसलीन बार्ट्रम ने चार शानदार सेव कर अपनी टीम के लिए बोनस अंक सुरक्षित किया। मैच की शुरूआत में ओडिशा वॉरियर्स ने ज्यादा समय तक गेंद पर कब्जा बनाए रखा, लेकिन खरह सूरमा हॉकी क्लब ने मजबूत रक्षा दिखाते हुए विपक्षी हाफ में बढ़त बनाई। दोनों टीमें गेंद के साथ सावधानीपूर्वक खेल रही थीं, जिससे पहले क्वार्टर के आखिरी चार मिनट तक कोई बड़ा गोल का मौका नहीं बना। सूरमा की शार्लेट स्टेपेनहॉर्स्ट ने एक पेनल्टी कॉर्नर कमाया, लेकिन पेनी स्क्विब का फ्लिक जोसलीन बार्ट्रम ने शानदार तरीके से रोक दिया और पहला क्वार्टर बिना गोल के समाप्त हुआ। दूसरे क्वार्टर की शुरूआत मिडफील्ड में तीखी टक्कर के साथ हुई, जहां कोई भी टीम एक इंच भी हारने को तैयार नहीं थी। क्वार्टर के मध्य में एंगलबर्ट ने हाफलाइन पर गेंद चुराई और शूटिंग सर्कल तक दौड़ते हुए एक पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किया, लेकिन सूरमा इस मौके को गोल में तब्दील नहीं कर सके। वॉरियर्स ने जल्द ही अपने लिए एक पेनल्टी कॉर्नर कमाया, लेकिन यिब्बी जानसेन के फ्लिक को सूरमा की गोलकीपर सविता ने बेहतरीन तरीके से रोक दिया। पहला हाफ बिना किसी गोल के समाप्त हुआ। तीसरे क्वार्टर में ओडिशा वॉरियर्स ने अधिक आक्रामक खेल दिखाया और एक पेनल्टी कॉर्नर कमाया। हालांकि, यिब्बी जानसेन का शक्तिशाली ड्रैगफ्लिक सविता ने एक शानदार बचाव से रोक दिया। इसके बाद सूरमा ने दबाव बनाए रखा लेकिन गोल पर शॉट लगाने में असफल रहे। वहीं, वॉरियर्स की कैटलिन नोब्स ने एक काउंटर अटैक पर एक तेज शॉट मारा जो साइडबोर्ड से टकराया और स्कोर अभी भी बराबरी पर रहा। आखिरी क्वार्टर में शार्लेट स्टेपेनहॉर्स्ट ने सूरमा के लिए एक और पेनल्टी कॉर्नर कमाया, लेकिन पेनी स्क्विब का प्रयास जोसलीन बार्ट्रम ने आसानी से रोक दिया। वॉरियर्स की रुतुजा दादासो पिसाल ने काउंटर अटैक पर सविता को आगे बढ़कर गेंद क्लियर करने पर मजबूर कर दिया। गेंद नेहा के पास गिरी, लेकिन वह इसे गोल की दिशा में नहीं भेज सकीं। दोनों टीमों ने क्वार्टर के अंत तक एक-दूसरे पर दबाव बनाए रखा, लेकिन कोई भी गोल करने में सफल नहीं हो सका। सूरमा को खेल के आखिरी मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन वे इसे गोल में तब्दील करने में असफल रहे, जिससे मुकाबला पेनल्टी शूटआउट तक पहुंचा। पेनल्टी शूटआउट में ओडिशा वॉरियर्स की ओर से सोनिका और कैटलिन नोब्स ने गोल किए, जबकि जोसलीन बार्ट्रम ने अपने शानदार प्रदर्शन से सभी शॉट रोककर अपनी टीम को बोनस अंक दिलाया।

# भारत ने मलेशिया को अंडर-19 विमेंस वर्ल्ड कप में हराया

## 10 विकेट से दूसरा मैच जीता, 2.5 ओवर में चेज किया टारगेट; वैष्णवी की हैट्रिक



एजेंसी

**कुआलालंपुर** : अंडर-19 विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में डिफेंडिंग चैंपियन भारत ने लगातार दूसरा मैच जीत लिया है। मंगलवार को टीम ने मलेशिया को 10 विकेट से हरा दिया। कुआलालंपुर में मलेशिया ने पहले बैटिंग की, लेकिन टीम 31 रन ही बना सकी। भारत ने महज 2.5 ओवर में बिना कोई विकेट खोए टारगेट हासिल कर लिया। भारत ने पहले मैच में वेस्टइंडीज को 9 विकेट से हराया था। भारत की ओर से स्पिनर वैष्णवी शर्मा ने सिर्फ 5 रन देकर 5 विकेट झटके, जिसमें एक हैट्रिक शामिल है। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

**14.3 ओवर में सिमट गयी मलेशिया विमेंस**

**भारत** की कप्तान निकी प्रसाद ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। मलेशिया ने दूसरे ही ओवर में पहला विकेट गंवा दिया। नुनी फरिनी बिना खाता खोले आउट हो गई, इस वक्त टीम का स्कोर 4 रन था। टीम से कोई भी खिलाड़ी दहाई को आंकड़ा नहीं छू सके। भारत के लिए वैष्णवी शर्मा ने सबसे ज्यादा 5 विकेट झटके। आयुषी शुक्ला ने 3 विकेट लिए। वीजे जोशीता को एख विकेट मिला। टीम 14.3 ओवर में 31 रन बनाकर ऑलआउट हुई। 14वें ओवर में वैष्णवी ने मलेशिया की नूर एन, नूर इस्मा डानिया और सिति नजवाह को लगातार तीन गेंदों पर आउट कर हैट्रिक पूरी की। 31 रन के टारगेट का पीछा करते हुई भारतीय टीम ने 2.5 ओवर में बिना कोई विकेट खोए टारगेट चेज कर लिया। भारत के लिए गोंगाडी त्रिशा ने 12 बॉल पर 27 और जी कमलिनी ने 5 बॉल पर 4 रन बनाए।

**पॉइंट्स टेबल में टॉप पर भारत**

**लगातार** दूसरा मैच जीतकर भारत ग्रुप-ए के पॉइंट्स टेबल में पहले स्थान पर कायम है। श्रीलंका के भी भारत के बराबर 2 पॉइंट्स हैं, लेकिन बेहतर रन रेट के कारण इंडिया विमेंस टीम पहले नंबर पर है। टीम 23 जनवरी को श्रीलंका के खिलाफ तीसरा मैच कुआलालंपुर में खेलेगी। टूनार्मेंट में 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं। 4-4 टीमों को 4 ग्रुप में बांटा गया। हर ग्रुप से 3-3 टॉप टीमें सुपर-6 राउंड में जाएंगी। यहां 6-6 टीमों को 2 ग्रुप में बांटा जाएगा। फिर हर ग्रुप से 2-2 टॉप टीमें सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी। 2 फरवरी को फाइनल खेला जायेगा।

### बीसीसीआई के ताजा दिशा-निर्देशों से सबक लें अन्य बोर्ड : हीली



**मेलबर्न** : ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज क्रिकेटर इयान हीली ने कहा कि जिस प्रकार से भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने खराब प्रदर्शन के बाद अपने खिलाड़ियों के लिए 10 दिशा निर्देश दिये हैं। उससे पता चलता है कि भारतीय टीम में अनुशासन की कमी आई है। साथ ही कहा कि अन्य देशों की टीमों को भी इससे सबक लेते हुए टीम में अनुशासन बनाये रखने पर ध्यान देना होगा, नहीं तो उन्हें भी इसी प्रकार के हालातों का सामना करना पड़ेगा।

### स्मृति मंधाना एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में दूसरे नम्बर पर पहुंचीं



एजेंसी

**दुबई** : भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम महिला एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में फायदा हुआ है। वह आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदीवसीय शृंखला में शानदार प्रदर्शन करने के बाद आईसीसी महिला एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में एक स्थान के सुधार के साथ दूसरे पायदान पर पहुंच गई हैं। उनके 738 रेटिंग अंक है। बाए हाथ की सलामी बल्लेबाज मंधाना शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय हैं। उन्होंने आयरलैंड के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच में 135 रन की पारी खेली थी। तीन मैचों की इस श्रृंखला को भारत ने 3-0 से अपने नाम किया था। इस श्रृंखला में हरमनप्रीत की अनुपस्थिति में स्मृति मंधाना ने कप्तानी की भूमिका निभाई थी।

# टीम इंडिया ने जीता चैम्पियंस ट्रॉफी का खिताब

## झारखंड डिसेबल्ड क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव आफताब आलम ने टीम इंडिया को दी बधाई



फ्रीडम फाइटर संवाददाता


**नयी दिल्ली** : चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की शुरूआत 02 मार्च से रांची में होगी। इससे पहले श्रीलंका में दिव्यांग चैंपियंस ट्रॉफी खेली गई। दिव्यांग चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल मैच भारत और इंग्लैंड की टीमों के बीच खेला गया। इस मुकाबले में भारतीय टीम ने बाजी मारी और दिव्यांग चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब अपने नाम कर दिया। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम का प्रदर्शन अभी तक काफी शानदार रहा है, उसने पूरे टूर्नामेंट के दौरान सिर्फ 1 मुकाबले में हार का सामना किया और चैंपियन बनी। वहीं, पाकिस्तान को हराकर फाइनल में पहुंची इंग्लैंड की टीम खिताब से एक कदम दूर रह गई। दिव्यांग चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल मैच में भारतीय टीम की ओर से दमदार खेल देखने को मिला। मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 197 रन बनाए। इस दौरान योगेंद्र सिंह भदौरिया ने सबसे बड़ी पारी खेली। उन्होंने 40 गेंदों पर 73 रन बनाए। वहीं माजिद मागरे ने भी 19 गेंदों पर 33 रनों का योगदान। दिया। दूसरी ओर इंग्लैंड की टीम 198 रनों के टारगेट का पीछा करते हुए 118 रन की बना सकी, जिसके चलते उसे 79 रनों से हार का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड पर 79 रनों की शानदार जीत के साथ टीम इंडिया ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 जीती।

### अक्षय पात्र के वार्षिक उत्सव 'अक्षय तरंग' में क्रिकेट और वॉलीबॉल में गौतमबुद्धनगर टीम ने मारी बाजी



एजेंसी

**नयी दिल्ली** : अक्षय पात्र फाउंडेशन का वार्षिक उत्सव 'अक्षय तरंग' नई दिल्ली में सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कर्मचारियों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्रिकेट, वॉलीबॉल, रस्साकसी, लेमन रेस और थ्री-लेग रेस जैसी प्रतियोगिताओं में कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एशियन मैराथन चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता डॉ. सुनीता गोदारा थीं। उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि फिटनेस और टीम वर्क किसी भी संगठन की प्रगति के लिए महत्वपूर्ण हैं।



मेलबर्न में ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस में खेलती हुई अमेरिका की महिला टेनिस स्टार कोको गौफ।

### एलएंडटी मुंबई ओपन डब्ल्यूटीए 125 का चौथा संस्करण फरवरी में, एमएसएलटीए, सीसीआई करेंगे मेजबानी




एजेंसी

**मुंबई** : महाराष्ट्र राज्य लॉन टेनिस एसोसिएशन (एमएसएलटीए) और क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया (सीसीआई) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाला एलएंडटी मुंबई ओपन डब्ल्यूटीए 125 के सीरीज का चौथा संस्करण फरवरी 2025 में शुरू होगा। टूर्नामेंट 1 फरवरी से क्वालीफाइंग राउंड के साथ शुरू होगा, जबकि मुख्य ड्रॉ 3 फरवरी से होगा और फाइनल मुकाबला 9 फरवरी को सीसीआई के कोर्ट पर खेला जाएगा। इस इवेंट में दुनिया के शीर्ष और उभरते हुए खिलाड़ी भाग लेंगे। आयोजन समिति के सदस्य, आईएएस अधिकारी संजय खंडारे और प्रवीण दराडे ने कहा, हम चौथी बार एलएंडटी मुंबई ओपन की मेजबानी करते हुए रोमांचित हैं। पिछले तीन संस्करणों की सफलता के बाद, हमें इस बार भी दिलचस्प मुकाबलों की उम्मीद है। मुंबई हमेशा खिलाड़ियों और प्रशंसकों के लिए खास रही है, और हमें विश्वास है कि यह संस्करण भी यादगार होगा।

# भारत की संस्कृति और आतिथ्य ने अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों का दिल जीता

**खो खो विश्व कप 2025**



एजेंसी

**नयी दिल्ली** : भारत में पहली बार आयोजित किए गए खो खो विश्व कप का पहला संस्करण भारतीय पुरुष और महिला टीमों की जीत के साथ सफलतापूर्वक समाप्त हुआ। इस ऐतिहासिक आयोजन ने न केवल भारतीय खेल प्रेमियों को रोमांचित किया, बल्कि दुनिया भर से आए खिलाड़ियों और दर्शकों पर भी गहरी छाप छोड़ी। इस आयोजन के दौरान भारतीय संस्कृति, परंपरा, और आतिथ्य का जो अद्वितीय अनुभव प्रस्तुत किया गया, उसकी प्रशंसा विश्व स्तर पर हुई।

**भव्य उद्घाटन समारोह में भारतीय संस्कृति की झलक**

**खो** खो विश्व कप की शुरूआत छह महाद्वीपों के 23 देशों के खिलाड़ियों और प्रतिनिधियों के स्वागत के साथ हुई। भारतीय परंपरा के अनुसार आयोजित इस भव्य उद्घाटन समारोह में सांस्कृतिक संगीत और नृत्य प्रदर्शन ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। भारतीय खो खो महासंघ (केकेएफआई) और अंतरराष्ट्रीय खो खो महासंघ (आईकेकेएफ) ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए पूरी मेहनत की। ईरान की टीम के खिलाड़ी आमिर घियासी ने भारत के अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, ३हम पहली बार भारत आए और हमें यहां शानदार समय बिताने का मौका मिला। भारतीय आतिथ्य अद्भुत था। हमें यहां हर संभव सुविधा दी गई, चाहे वह भोजन हो या आवास। हमने भारतीय संस्कृति का आनंद लिया और यह हमारे लिए एक अविस्मरणीय अनुभव रहा।

**खिलाड़ियों के दिल में बसा भारतीय आतिथ्य**

**विदेशी** खिलाड़ियों ने भारतीय आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि भारत ने उनके लिए विशेष भोजन और सुविधाओं की व्यवस्था की। खिलाड़ियों की सेहत और आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए डॉक्टर्स और फिजियोथेरेपिस्ट भी हर समय उपलब्ध रहे। न्यूजीलैंड की महिला टीम का हिस्सा रहीं मूल भारतीय खिलाड़ी अमनदीप कौर ने कहा, भारतीय आतिथ्य और आयोजन के स्तर ने हमें चौंका दिया। टूर्नामेंट बेहद प्रतिस्पर्धी था, और अब हम भविष्य में और बेहतर तैयारी के लिए प्रेरित हैं।

**भारतीय संस्कृति में रचा-बसा टूर्नामेंट**

**खिलाड़ियों** को न केवल खेल में अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला, बल्कि भारतीय संस्कृति को करीब से जानने का भी अवसर मिला। ताजमहल की यात्रा से लेकर भारतीय स्ट्रीट फूड का आनंद उठाने तक, खिलाड़ियों ने हर अनुभव को भरपूर जिया। पेरू पुरुष टीम की कोच सिल्वाना पेट्रीसिया ने कहा, आतिथ्य, भोजन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने हमें गहराई तक प्रभावित किया। भारतीय संगीत और नृत्य का आनंद लेना अद्भुत रहा। यहां हर चीज देखने लायक थी, और यह विश्व कप मेरे जीवन के सबसे अच्छे अनुभवों में से एक है। ब्राजील की पुरुष टीम की कोच लॉरा डोअरिंग ने भी भारत की प्रशंसा करते हुए कहा, भारत की संस्कृति हमारी संस्कृति से पूरी तरह अलग है। यहां के लोग बेहद अच्छे हैं। मैंने यहां डांस मूव्स सीखे हैं और मैं उन्हें अपने साथ वापस ले जाना चाहती हूं।

**आयोजन की सफलता पर आयोजकों की भूमिका**

**भारतीय** खो खो महासंघ और अंतरराष्ट्रीय खो खो महासंघ के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल और महासचिव रोहित हल्दानिया के नेतृत्व में यह सुनिश्चित किया गया कि विदेशी खिलाड़ियों को हर तरह की सुविधा मिले।

## एक झलक

**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड- 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त हुई तिमाही और नौ महीने के लिए वित्तीय परिणाम**

**रांची :** आईसीआईसीआई बैंक ने Q3 FY25 के लिए अपने त्रैमासिक परिणाम जारी किए। Q3 FY25 के लिए शुद्ध लाभ 31% की मजबूत YoY वृद्धि के साथ 1,908 करोड़ रहा। ऑपरेटिंग प्रॉफिट 2,802 करोड़ रहा। एनआईएम 5.17% और शुद्ध ब्याज आय 23% की o वृद्धि करते हुए 4,228 करोड़ दर्ज हुई। Q3-2025 में जमा की लागत 4.63% रही, जो Q3-2024 में 4.34% थी। सीआरएआर 166 बीपीएस की Yo वृद्धि के साथ 21.98% रहा। Q3-2025 के लिए संपत्ति पर रिटर्न (आरओए) 29 बीपीएस वृद्धि के साथ 1.99% दर्ज किया गया, जो द3-2024 में 1.70% था। इक्विटी पर रिटर्न (आरओई) 20.13% रहा (56 बीपीएस की Yo वृद्धि)। शुद्ध एनपीए 0.18% रहा, जो 31 दिसंबर, 2023 को 0.34% था। सकल एनपीए 3.57% रहा, जो 31 दिसंबर, 2023 को 4.69% था। पीसीआर 99.47% रहा, जो 31 दिसंबर, 2023 को 99.17% था।

**सर्राफा बाजार में तेजी का रुख, सोना व चांदी की बढ़ी चमक**

**नयी दिल्ली :** एक दिन की कमजोरी के बाद घरेलू सर्राफा बाजार में आज फिर तेजी लौटती हुई नजर आ रही है। सोने की कीमत में आज आई तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 81,380 रुपये से लेकर 81,230 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 74,650 रुपये से लेकर 74,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी मामूली तेजी आई है, जिसके कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु आज 96,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 81,380 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 74,650 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 81,230 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 74,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 81,280 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 74,550 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 81,230 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 74,500 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है।

# सेंसेक्स ऊपरी स्तर से 1,695 अंक तक टूटा

**नयी दिल्ली :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ब्रिक्स देशों पर टैरिफ लगाने के संबंध में दिए गए बयान, कंपनियों के कमजोर तिमाही नतीजे और विदेशी निवेशकों की जोरदार बिकवाली के कारण घरेलू शेयर बाजार बड़ी गिरावट का शिकार हो गया। आज के कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से शेयर बाजार में कुछ देर तेजी का रुख भी नजर आया, लेकिन पहले 20 मिनट के कारोबार के बाद ही बाजार में चौतरफा बिकवाली शुरू हो गई। हालांकि बीच-बीच में खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाकर बाजार को सहारा देने की कोशिश भी की, लेकिन बिकवाली का दबाव इतना



अधिक था कि शेयर बाजार संभल नहीं सका। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.60 प्रतिशत और निफ्टी 1.37 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। कारोबार के दौरान बने बिकवाली के दबाव की वजह से सेंसेक्स ऊपरी स्तर से लगभग 1,700 अंक लुढ़क गया। इसी तरह निफ्टी ने भी दिन के ऊपरी स्तर से करीब 450 अंक का गोता लगाया। बाजार पर बने दबाव का अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि 7 जून 2024 के बाद आज पहली बार निफ्टी 23 हजार अंक के स्तर से भी नीचे चला गया। हालांकि आखिरी वक्त में हुई खरीदारी के कारण निफ्टी दोबारा 23 हजार अंक के स्तर के ऊपर आने में सफल रहा। आज बाजार में बने बिकवाली के दबाव की वजह से आज 1 दिन के कारोबार में ही घरेलू शेयर बाजार के निवेशकों को लगभग साढ़े सात लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। दिनभर के कारोबार में बीएसई के सभी सेक्टोरल इंडेक्स गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। रियल्टी, पीएसई और एनर्जी सेक्टर के शेयरों में आज सबसे अधिक बिकवाली होती रही। इसी तरह आईटी, बैंकिंग, ऑटोमोबाइल, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल, एफएमसीजी, हेल्थ केयर और टेक इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 2 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.94 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज की कारोबार का अंत किया। शेयर बाजार में आई गिरावट के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब साढ़े सात लाख करोड़ रुपये की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 424.11 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 431.59 लाख करोड़ रुपये था।

## यूको बैंक ने समाप्त तिमाही की कारोबारी परिणाम किया घोषित

**रांची :** भारत सरकार की अग्रणी बैंक, यूको बैंक ने दिनांक 21.01.2025 को वित्तीय वर्ष 2024-25 में 31.12.2024 को समाप्त तिमाही की कारोबारी परिणाम घोषित किया। कुल कारोबार वर्ष-दर-वर्ष 12.28% बढ़कर 4,88,911 करोड़ रुपये हो गया है। जहां कुल जमा वृद्धि दर्ज करते हुए 2,80,256 करोड़ रुपये हो गया वहीं सकल अग्रिम वार्षिक आधार पर 16.44% की वृद्धि दर्ज करते हुए 2,08,655 करोड़ रुपए हो गया। खुदरा ऋण, कृषि ऋण तथा एमएसएमई अग्रिम संविभाग वर्ष-दर-वर्ष 22.01% बढ़कर 1,14,350 करोड़ रुपये हो गया, जिसमें खुदरा ऋण में 31.01%, कृषि ऋण में 20.04% तथा एमएसएमई अग्रिम में 12.75% की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई। शुद्ध लाभ 639 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के लिए 503 करोड़ रुपये था, जो साल-दर-साल 27.04% की वृद्धि दर्ज करता है। परिचालन लाभ वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 41.73% की वृद्धि दर्ज करते हुए 1586 करोड़ रुपए हो गया। सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए) सालाना 94 बीपीएस कम होकर 2.91% हो गया, जबकि निवल गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए) साल-दर-साल 35 बीपीएस घटकर 0.63% हो गया। बैंक का ऋण-जमा अनुपात 74.45% हो गया। बैंक अपने कारोबारी क्षेत्र में भौगोलिक रूप से विस्तार कर रहा है। वर्तमान में बैंक के पास 3263 घरेलू शाखाओं और हांगकांग और सिंगापुर में 2 विदेशी शाखाओं तथा ईरान में 1 प्रतिनिधि कार्यालय का नेटवर्क है।

## ट्रंप प्रशासन में भारत को अमेरिका से ज्यादा ईंधन आने की संभावना : हरदीप सिंह पुरी

**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में नए प्रशासन की तेल एवं गैस उत्पादन को अधिकतम करने की योजनाओं की घोषणा के बाद भारत में अधिक अमेरिकी ईंधन आने की संभावना है। हरदीप पुरी ने यहां वाहन उद्योग निकाय भारतीय ऑटोमोबाइल निर्माता सोसायटी (सियाम) के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने आगे कहा कि भारत को तेल की आपूर्ति करने वालों की संख्या पहले ही 27 से बढ़कर 39 हो गई है, अगर इससे ज्यादा तेल आता है, तो भारत इसका स्वागत करेगा। हालांकि, पुरी ने कहा कि सरकार नये अमेरिकी प्रशासन की घोषणाओं





पर बहुत सावधानी से नजर रख रही है। हरदीप पुरी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा तेल की ड्रिलिंग और गैस उत्पादन बढ़ाने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि अगर आप मुझसे पूछें कि क्या बाजार में और अधिक अमेरिकी ऊर्जा आने वाली है, तो मेरा जवाब हां है। पुरी ने कहा कि अगर आप कहते हैं कि भारत और अमेरिका के बीच ऊर्जा की अधिक खरीद की प्रबल संभावना है, तो इसका जवाब हां है। उन्होंने वाहन विनिमार्ताओं से भारतीय बाजार में अधिक एथनॉल मिश्रण वाले फ्लेक्स ईंधन वाहनों की उपलब्धता बढ़ाने के लिए कहा। इसके साथ ही पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि देश बहुत जल्द 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण का लक्ष्य हासिल करने जा रहा है, जो निर्धारित समय से पांच साल पहले होगा। पुरी ने कहा कि ट्रंप प्रशासन द्वारा लिये गये कुछ निर्णय प्रत्याशित थे और इन पर प्रतिक्रिया देने से पहले इंतजार करने की जरूरत है। पुरी ने अमेरिका, ब्राजील, गुयाना, सूरीनाम और कनाडा से अधिक तेल आने का जिक्र करने के साथ कीमतों में गिरावट का संकेत भी दिया। हालांकि, उन्होंने 2015 के पेरिस जलवायु समझौते से बाहर होने के नए अमेरिकी सरकार के फैसले पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

## किशन रेड्डी ने कोणार्क के सूर्य मंदिर में डीएमएफ प्रदर्शनी का किया दौरा

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने मंगलवार को कोणार्क के प्रतिष्ठित सूर्य मंदिर में आयोजित जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएफ) प्रदर्शनी का दौरा किया। रेड्डी ने अपने दौरे में विभिन्न स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के सदस्यों के साथ बातचीत की। खान मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि केंद्रीय खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने डीएमएफ प्रदर्शनी में प्रदर्शित कई नवीन उत्पादों और समाधानों की जानकारी प्राप्त की, जिसमें खनन प्रभावित समुदायों पर जिला खनिज फाउंडेशन फंड के परिवर्तनकारी प्रभाव को प्रदर्शित किया गया। खान मंत्रालय द्वारा ओडिशा सरकार के सहयोग से आयोजित प्रदर्शनी 18 से 21 जनवरी, 2025 तक चलेगी। मंत्रालय के मुताबिक प्रदर्शनी का विषय सतत विकास द्वारा समुदायों को सशक्तीक रण को 18 जीवंत स्टालों के माध्यम से जीवंत किया गया।

## भारत, बेल्जियम ने औषधि व कृषि उत्पादों में व्यापार बढ़ाने के तरीकों पर की चर्चा

**नयी दिल्ली :** भारत और बेल्जियम ने द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए फार्मा और कृषि उत्पादों जैसे क्षेत्रों में व्यापार मुद्दों को हल करने के लिए तंत्र स्थापित करने पर सहमति व्यक्त की है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और बेल्जियम के विदेश एवं विदेश व्यापार मंत्री बर्नार्ड क्विंटिन के बीच ब्रसेल्स में हुई बैठक के दौरान इन मुद्दों पर चर्चा की गई। इस बैठक में औषधि तथा कृषि उत्पादों के लिए अनुमोदन प्रक्रियाओं में नियामक बाधाओं पर भी चर्चा की गई। इसके साथ ही दोनों पक्षों ने निरंतर बातचीत के जरिए इन चुनौतियों से



निपटने पर सहमति व्यक्त की। मंत्रालय ने कहा कि दोनों मंत्रियों ने इस बैठक के दौरान व्यापार मुद्दों के समाधान के लिए मजबूत तंत्र स्थापित करने पर सहमति व्यक्त की। इन नेताओं ने यूरोपीय संघ-भारत मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) वार्ता की प्रगति पर भी चर्चा की। इसके साथ ही बातचीत को सुचारू बनाने तथा आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए व्यापार मुद्दों को प्राथमिकता देने के महत्व पर बल दिया गया। बैठक के निष्कर्ष के तौर पर भारत और बेल्जियम के बीच लोकतंत्र, कानून के शासन और स्वतंत्र न्यायपालिका के साझा मूल्यों पर आधारित दीर्घकालिक संबंधों को मजबूती मिली। वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक इस बैठक में नवीकरणीय ऊर्जा, जीवन विज्ञान, बुनियादी ढांचे, डिजिटल प्रौद्योगिकियों और खाद्य उत्पादों जैसे उभरते क्षेत्रों को दोनों देशों के बीच सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों के रूप में रेखांकित किया गया। इसके अलावा बेल्जियम ने अपने व्यापार संबंधों में विविधता लाने के लिए भारत के साथ रणनीतिक साझेदार के रूप में जुड़ने के महत्व को स्वीकार किया। वाणिज्य मंत्री ने एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि ब्रुसेल्स में बेल्जियम के विदेश मंत्री, यूरोपीय मामले, विदेश व्यापार और संघीय सांस्कृतिक संस्थानों के मंत्री बर्नार्ड क्विंटिन से मिलकर बहुत खुशी हुई। हमने भारत में आगामी बेल्जियम आर्थिक मिशन पर उपयोगी चर्चा की। इसके साथ ही टिकाऊ प्रौद्योगिकियों, अर्धचालकों, रत्न और आभूषण, स्वास्थ्य सेवा और कृषि उत्पादों पर ध्यान केंद्रित करते हुए आपसी व्यापार और निवेश संबंधों को गहरा करने के अवसरों की खोज की।

## इस गणतंत्र दिवस पर मनाइए सिनेमा का जश्न!




**धमाकेदार** फिल्म 'द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर, 26 जनवरी को दोपहर 12 बजे और रात 8 बजे, सिर्फ. जी सिनेमा पर! तैयार हो जाइए एक ऐसी फिल्म के लिए, जिसमें एक्शन, ड्रामा और इमोशन का जबर्दस्त मिश्रण मिलेगा, वो भी पूरे सिनेमा-स्टाइल में। इस गणतंत्र दिवस पर, 26 जनवरी को दोपहर 12 बजे और रात 8 बजे, जी सिनेमा पर फिल्म 'द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' (ॠड.अ.ळ) का मजा लीजिए, जो एक परफेक्ट रिपब्लिक डे स्पेशल साबित होगी। फिल्म में हैं दमदार एक्टर थलापति विजय और मस्तमौला प्रभु देवा, जिनके साथ ये कहानी आपके वीकेंड को और मसालेदार बना देगी। इसमें कई रोमांचक ट्विस्ट्स, यादगार सीन्स और देश को बचाने का जज्बा है। यह फिल्म सिर्फ एक कहानी नहीं, बल्कि एक बेमिसाल अनुभव है। इसमें आपसी मुकाबले और महानता का शानदार सफर है, जहां पारिवारिक जज्बातों, देशभक्ति का जज्बा, एक्शन, कॉमेडी और विजय के खास अंदाज का बेहतरीन संगम है। फिल्म में चौंकाने वाले मोड़ और निर्देशक वेंकट प्रभु के खास स्टाइल से हर पल दिलचस्प हो जाता है। विजय ने जबर्दस्त परफॉर्मेंस दी है, जो उन्हें एक असली हीरो बना देती है, और प्रभु देवा ने अपनी छाप छोड़ते हुए हर सीन को खास बना दिया है। जब भी देश से जुड़ी कोई मुश्किल आती है, तब G.O.A.T. हर स्थिति में तैयार रहता है। प्रभु देवा ने कहा, इस फिल्म का हिस्सा बनकर मुझे जबर्दस्त जोश का एहसास हुआ। ये एक ऐसी मूवी है जो हर हद पार करती है। इसमें धमाकेदार एक्शन है, लेकिन कुछ ऐसे पल भी हैं जो आपको सोचने पर मजबूर कर देंगे। मुझे उस पल का बेसब्री से इंतजार है, जब दर्शक इसे जी सिनेमा पर देखेंगे। डायरेक्टर वेंकट प्रभु ने कहा, ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम मेरी फिल्ममेकिंग का परफेक्ट पैकेज है-दमदार एक्शन, रोमांचक कहानी, शानदार विजुअल्स और मेरे कुछ फेवरेट एक्टर्स।

## केबीसी बस एक शो नहीं है, यह एक परिवार है!


**सोनी** टीवी का लोकप्रिय गेम शो 'केबीसी' एक अद्भुत उपलब्धि का जश्न मनाने जा रहा है अद्भुत यात्रा के 25 साल का उत्सव। यह भव्य उत्सव 20 जनवरी से 'ज्ञान का रजत महोत्सव' के साथ



शुरू होगा, जो ढेर सारे किस्सों, रोमांच और यादगार पलों का वादा करता है। इस उपलब्धि भरे सीजन की हॉट सीट पर बैठने वाली पहली प्रतियोगी हैं चंडीगढ़ की अंजलि तोमर। बड़े सपनों और अटूट जज्बे वाली अंजलि केबीसी को जिंदगी बदलने वाला मौका मानती हैं, जिससे वह अपने भविष्य को बेहतर बना सकती हैं और अपने प्रियजनों को खुशमय जीवन दे सकती हैं। एपिसोड के दौरान, अमिताभ बच्चन के लिए एक वीडियो चलाया गया, जिसमें उनके प्रशंसकों के संदेश हैं, जिन्होंने उन्हें कौन बनेगा करोड़पति के 25 साल पूरे होने पर बधाई दी। और कहा, केबीसी किसी त्योहार की तरह है, एक जादुई अनुभव, और बिग बी उसके जादूगर हैं।

## दूरसंचार क्षेत्र में वृद्धि के लिए प्रभावी स्पेक्ट्रम प्रबंधन महत्वपूर्ण : ट्राई प्रमुख

**नयी दिल्ली :** भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) के अध्यक्ष अनिल कुमार लाहोटी ने कहा कि दूरसंचार क्षेत्र में नवाचार, सार्वभौमिक कनेक्टिविटी और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी स्पेक्ट्रम प्रबंधन रणनीति महत्वपूर्ण है। संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने मंगलवार को जारी बयान में बताया कि ट्राई के अध्यक्ष अनिल कुमार लाहोटी ने एशिया प्रशांत दूरसंचार समुदाय (एपीटी) के महासचिव मसनोरी कोंडो की उपस्थिति में स्पेक्ट्रम पर दक्षिण एशियाई दूरसंचार विनियामक परिषद (एसएटीआरसी) कार्यशाला का उद्घाटन किया। मंत्रालय के मुताबिक तीन दिवसीय कार्यशाला में एसएटीआरसी के सदस्य देशों के प्रतिनिधि, कार्य समूह के सदस्य, उद्योग विशेषज्ञ, कई




सरकारी विभागों के प्रतिनिधि आदि भाग लेंगे। इस कार्यशाला का आयोजन एशिया प्रशांत दूरसंचार समुदाय की ओर से किया गया है, जिसकी मेजबानी भारतीय दूरसंचार विनियामक गोवा के होटल डबल ट्री बाय हिल्टन में कर रहा है। इस कार्यशाला का उद्देश्य तेजी से विकसित हो रहे दूरसंचार परिदृश्य में प्रभावी स्पेक्ट्रम प्रबंधन के महत्व पर चर्चा करना है। कार्यशाला के प्रमुख बिंदु -स्पेक्ट्रम पर इस एसएटीआरसी कार्यशाला से प्रतिभागियों के बीच स्पेक्ट्रम प्रबंधन के प्रमुख मुद्दों के बारे में बेहतर समझ विकसित होने की उम्मीद है, जिससे एसएटीआरसी कार्य समूह के लिए कार्रवाई योग्य दिशा-निर्देश तैयार होंगे। इसके अतिरिक्त, कार्यशाला का उद्देश्य सदस्य देशों और उद्योग विशेषज्ञों के बीच सहकार्यता को बढ़ावा देना है, जिसके परिणामस्वरूप प्रभावी स्पेक्ट्रम उपयोग के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं और रणनीतियों का विकास होगा। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र की शुरूआत एशिया-प्रशांत दूरसंचार समुदाय के महासचिव मसनोरी कोंडो के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने इस दृष्टिकोण का समर्थन करने के लिए एपीटी की प्रतिबद्धता पर बल दिया तथा स्पेक्ट्रम संसाधनों के कुशल प्रबंधन में क्षेत्रीय सहयोग को आवश्यक बताया। इसके बाद, स्पेक्ट्रम पर एसएटीआरसी कार्य समूह के अध्यक्ष अब्दुल कयूम ने नियामकों के सामने आने वाली चुनौतियों और स्पेक्ट्रम उपयोग को अनुकूलित करने के लिए नवीन समाधानों की आवश्यकता पर जोर दिया।

उद्घाटन भाषण के दौरान ट्राई के अध्यक्ष अनिल कुमार लाहोटी ने आज के डिजिटल परिवेश में प्रभावी स्पेक्ट्रम प्रबंधन की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि दूरसंचार क्षेत्र नवाचार और सशक्तिकरण में सबसे आगे है, यह डिजिटल परिवर्तन को आगे बढ़ा रहा है और ऐसे समाधान प्रदान कर रहा है जो जीवन की बेहतरी को बढ़ाते हैं।

## पेज एक के शेष

**बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की 10वीं वर्षगांठ मनायेगा महिला एवं बाल विकास मंत्रालय...**

अनुपात, जो 2014-15 में 918 था, वह 2023-24 में सुधर कर 930 हो गया। माध्यमिक स्तर पर लड़कियों का सकल नामांकन अनुपात 2014-15 में 75.51 प्रतिशत था, जो 2023-24 में सुधर कर 78 प्रतिशत हो गया। संस्थागत प्रसव 61 से बढ़कर 97.3 प्रतिशत तक पहुंचा और पहली तिमाही में प्रसवपूर्व देखभाल पंजीकरण 61 से बढ़ कर 80.5 प्रतिशत तक पहुंचा, जो उल्लेखनीय सुधार में शामिल है।

पिछले कुछ वर्षों में बीबीबीपी ने महिला सशक्तीकरण को प्रदर्शित करनेवाले यशस्विनी बाइक अभियान, कन्या शिक्षा प्रवेश उत्सव , जिसके तहत स्कूल न जाने वाली 100,000 से अधिक लड़कियों का फिर से नामांकन हुआ।

**राज्य कैबिनेट की बैठक में 18 प्रस्तावों पर लगी स्वीकृति की मुहर...**

या अगले आदेश तक, जो पहले हो, के लिए नियुक्त करने सम्बन्धी शर्त को कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग की अधिसूचना संख्या-8408 द्वारा संशोधित करते हुए इसके स्थान पर चार वर्षों के लिए या अगले आदेश तक, जो पहले हो, किया गया है, पर घटनोत्तर स्वीकृति दी गयी। वित्तीय वर्ष 2024-25 के द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरणी की भी घटनोत्तर स्वीकृति दी गयी। कैबिनेट सचिव ने बताया कि झारखंड उच्च न्यायालय के तहत दायर वाद संख्या डब्लूपीएस नम्बर 2678/2017, नन्द किशोर प्रसाद बनाम झारखंड सरकार एवं अन्य तथा एलपीए नम्बर 650/2017 झारखंड सरकार एवं अन्य बनाम नन्द किशोर प्रसाद में पारित आदेश के अनुपालन के क्रम में नन्द किशोर प्रसाद को विभागीय लेखा परीक्षा द्वितीय पत्र में अंतिम स्तर से उत्तीर्ण होने की अनिवार्यता को क्षांत करते हुए देय एसीपी-एमएसीपी का वित्तीय लाभ प्रदान किये जाने की स्वीकृति दी गयी।

उन्होंने बताया कि झारखंड उच्च न्यायालय के तहत दायर वाद संख्या 3754/2021, प्रेम कुमार बनाम झारखंड सरकार एवं अन्य में पारित आदेश के अनुपालन के क्रम में प्रेम कुमार की सेवा नियमित करते हुए उन्हें अनुमान्य वित्तीय लाभ प्रदान किये जाने की भी स्वीकृति दी। वहीं, झारखंड उच्च न्यायालय के तहत दायर वाद संख्या डब्लूपीएस नम्बर 1266/2022, उर्मिला सिंह बनाम झारखंड सरकार एवं अन्य तथा उक्त से उद्धुत अवमाननावाद संख्या काउंट केस सिविल नम्बर 754/2024 में पारित आदेश के अनुपालन के क्रम में स्व. राज किशोर सिंह की सेवा नियमित करते हुए उन्हें अनुमान्य वित्तीय लाभ प्रदान किये जाने की स्वीकृति दी गयी। इसी तरह झारखंड उच्च न्यायालय, रांची की ओर से पारित न्यायादेश के आलोक में यचिकाकताओं की नियुक्ति की वैचारिक नियुक्ति तिथि 16 नवम्बर, 2010 स्वीकृत करते हुए बीच की अवधि 16 नवम्बर, 2010 से वास्तविक योगदान तिथि तक मात्र एमएसीपी एवं पेंशन प्रयोजनार्थ उक्त अवधि की गणना करने की स्वीकृति दी गयी।

वंदना दादेल ने बताया कि सीटी-एमआइएस परियोजना के अधीन कार्यरत परामर्शी टीसीएस को एक वर्ष एक अक्टूबर, 2024 से 30 सितम्बर, 2025 तक की अवधि के लिए वित्त नियमावली के नियम-235 के प्रावधानों को नियम-245 के अधीन क्षांत करते हुए मनोनयन के आधार पर अवधि विस्तार की स्वीकृति दी गयी। वहीं,

उच्च कुशलता प्राप्त प्रोफेशनल को संविदा के आधार पर सलाहकार-सह-विशेष सचिव के रूप में नियोजित करने सम्बन्धी संकल्प संख्या-8598 को निरस्त करने की भी स्वीकृति दी गयी। उन्होंने बताया कि कुमकुम प्रसाद, झाप्रसे (कोटि क्रमांक-724/03), तत्कालीन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, तमाड़, रांची के विरुद्ध विभागीय संकल्प संख्या-25257 (एचआरएमएस), के जरिये अधिरोपित असंचयात्मक प्रभाव से एक वेतन वृद्धि पर रोक के दण्ड को विलोपित करने की स्वीकृति दी गयी।

कैबिनेट सचिव ने बताया कि दुमका एयरपोर्ट से नियमित उड़ान के लिए एआईए के साथ एमओयू के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी। साथ ही, वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2029-30 तक ज्ञानोदय योजना के तहत 94 करोड़ पचास लाख रुपये की लागत से मध्य विद्यालय में कम्प्यूटर शिक्षा एवं कम्प्यूटर आधारित शिक्षा की स्वीकृति दी गयी।

**प्रधानमंत्री ने भारत की जी-20 अध्यक्षता और शिखर सम्मेलन के बारे में अमिताभ कांत की पुस्तक को सराहा...**

प्रधानमंत्री मोदी ने अमिताभ कांत की 'एक्स' पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, 'भारत की जी-20 अध्यक्षता और 2023 में शिखर सम्मेलन के बारे में लिखने का आपका प्रयास सराहनीय है, जो एक बेहतर ग्रह की खोज में मानव-केन्द्रित विकास को आगे बढ़ाने के हमारे प्रयासों पर एक स्पष्ट दृष्टिकोण देता है।'

उल्लेखनीय है कि जी-20 का 18वां शिखर सम्मेलन 9-10 सितंबर, 2023 के दौरान नयी दिल्ली के भारत मंडपम में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। सम्मेलन की शानदार सफलता सुनिश्चित करनेवाले पर्दे के पीछे के प्रयासों का खुलासा अब शेरपा अमिताभ कांत की नयी पुस्तक, 'हाउ इंडिया स्केल्ड माउंट जी20: द इनसाइड स्टोरी ऑफ द जी20 प्रेसिडेंसी' में किया गया है। कांत ने अपनी पुस्तक के माध्यम से बताया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्राथमिक रणनीतिकार थे। उन्होंने पुस्तक में 09 सितम्बर को प्रधानमंत्री मोदी के साथ हुई महत्त्वपूर्ण बातचीत का वर्णन किया है।

**टीएफडीसी के अध्यक्ष सहित फिल्म जगत के कई लोगों के ठिकानों पर आयकर के छापे...**

अधिकारी उन्हें बैंक लॉकर की जांच के लिए गये और फिर उन्हें घर ले आये। दिल राजू की कंस्ट्रक्शन कंपनी पर भी छापा पड़ा है। सूत्रों के अनुसार उनके व्यावसायिक साझेदारों के आवासों पर भी निरीक्षण किये गये हैं। अधिकारी उनके वित्तीय लेन-देन से जुड़े विभिन्न दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं। फिल्म निमार्ता दिल राज की पत्नी ने मीडिया को बताया कि आयकर अधिकारी उन्हें बैंक लॉकर खोलने के लिए ले गये थे। आयकर विभाग के अधिकारी सुबह से ही उनके आवास पर तलाशी ले रहे हैं। आईटी विभाग के अधिकारियों ने बैंक डिटेल मांगी है। बैंक लॉकर भी खोल कर दिखा दिये हैं। दिल राजू की पत्नी ने कहा कि वे आयकर विभाग को पूरा सहयोग दे रहे हैं। माना जा रहा है कि अघोषित आय और वित्तीय अनियमितताओं से सम्बन्धित मामलों को लेकर आयकर का छापा पड़ा है। दिल राजू और उनके व्यापारिक साझेदारों के वित्तीय लेन-देन के विभिन्न पहलुओं की जांच की जा रही है। निमार्ता दिल राजू का श्री वेंकटेश्वर क्रिएशंस के नाम से के प्रोडक्शन हाउस है। वह फिल्म प्रोड्यूसर और डिस्ट्रीब्यूटर भी हैं। इसके अलावा आयकर विभाग ने फिल्म 'संक्रांतिकी वस्तुन्नम' के डायरेक्टर अनिल रविपुडी के ऑफिस पर भी छापा मारा है। दिल राजू की फिल्म 'संक्रांतिकी वस्तुन्नम' ने अच्छी कमाई के रिकॉर्ड तोड़ रही है।

**छत्तीसगढ़-ओडिशा बॉर्डर पर मुठभेड़ में 27 नक्सली ढेर...**

सदस्य गुड्डू भी शामिल हैं। इस मुठभेड़ में छत्तीसगढ़ का जवान धर्मेंद्र भोई एवं ओडिशा का जवान डमरू घायल हुए हैं। दोनों रायपुर के नारायणा अस्पताल में इलारत हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गरियाबंद नक्सली मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को मिली सफलता पर बधाई दी है। मारे गए नक्सलियों में सेंट्रल कमेटी का सदस्य मनोज ओडिशा राज्य प्रमुख भी था। मनोज पर एक करोड़, तो गुड्डू पर 25 लाख रुपये का इनाम था।अन्य नक्सलियों की पहचान की जा रही है। सर्च ऑपरेशन जारी है। ऐसे में माना जा रहा है कि अभी और शव मिल सकते हैं। घटनास्थल से एके 47, एसएलआर, आईएनएसएएस और अन्य स्वचालित हथियार बरामद किए गए हैं।

आईजी रायपुर जोन अमरेश मिश्रा ने बताया कि यह मुठभेड़ रविवार रात से मंगलवार तक जारी रही। इसमें एक हजार 1000 सुरक्षा बल के जवानों ने 60 नक्सलियों को घेरा था। छत्तीसगढ़ और ओडिशा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में यह सफलता मिली है। यह नक्सल ऑपरेशन गरियाबंद पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ,ओडिशा के नुआपाड़ा पुलिस अधीक्षक राघवेंद्र गुंडाला, ओडिशा डीआईजी (नक्सल ऑपरेशन) अखिलेश्वर सिंह और कोबरा कमाडेंट डीएस की देख रेख में चल रहा है। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर पर भी मुठभेड़ हुई थी, जिसमें 18 नक्सली मारे गए थे।

**देश की आजादी से लेकर अब तक की डिबेट का संकलन हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित होगा : ओम बिरला...**

दलों के पास अपने सांसदों के लिए आचार संहिता होगी।

सम्मेलन के समापन सत्र में बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश नारायण सिंह, बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंद किशोर यादव और बिहार विधान परिषद के अध्यक्ष अवधेश नारायण सिंह सहित अन्य लोग शामिल हुए।

**वायुसेना की सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम के 09 हॉक विमानों के एयर शो का रिहर्सल...**

अभिमन्यु त्यागी कर रहे हैं, जबकि फ्लाइट लेफ्टिनेंट कंवल संधू टीम के कमेंटेटर, प्रशासक और स्क्वाड्रन लीडर सुदर्शन टीम के डॉक्टर हैं।

आज वड़ोदरा में एयर शो का पूर्वाभ्यास किया गया और एयर शो कल 22 जनवरी को दोपहर 12 बजे शुरू होगा। इसके बाद 25-26 जनवरी 2025 तक जामनगर, 29 जनवरी 2025 को नलिया और 31 जनवरी 2025 से 01 फरवरी 2025 तक भुज में एयर शो आयोजित किये जायेंगे। इस एयर शो के दौरान, ये साहसी लोग लूप्स, रोल्स, हेड-ऑन क्रॉस, बज और उलटी उड़ान जैसे लुभावने एरोबैटिक करतब दिखायेंगे, जिससे यह दर्शकों के लिए यादगार बन जायेगा। वे लोकप्रिय डीएनए पैंतरेबाजी भी करेंगे, जिसमें 05 विमान एक साथ आकर आकाश में हेलिक्स जैसी संरचना बनाते हैं, जो डीएनए की संरचना के समान होती है।

